वर्ष 72 अंक 179 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 29 मार्च, 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

हम प्राकृतिक आपदाओं को तो नहीं रोक सकते, लेकिन हम अपनी जानकारी को बढ़ा सकते हैं। अगर आपदाओं के लिए पर्याप्त तैयारी होती तो इतनी सारी जानें नहीं जातीं।
- पेट्रा नेमकोवा

## भूकंप
# म्यांमार-थाईलैंड में तबाही
## ऊंची इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढहीं, मलबे से निकल रही चीखें


1


2


3


**बैंकांक, जेएनएन।** शुक्रवार को म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के विनाशकारी झटकों से पूरा क्षेत्र दहल गया। रिक्टर स्केल पर 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में मैंडले में था। दोनों देशों में भूकंप से 200 से अधिक मौत और 1000 से अधिक लोग घायल हैं। इसमें बैंकांक में सबसे ज्यादा तबाही हुई है, यहां 100 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर हैं। म्यांमार में 50 से अधिक मौत की पुष्टि की गई है। भूकंप के इस भयावह मंजर को देखकर लोग कांप गए। मलबों से जान बचाने की आवाजें आ रही थीं।

भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर अंदर था, जिससे तबाही बढ़ गई। भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 12.50 बजे के आसपास म्यांमार के सागाइंग शहर के उत्तर-पश्चिम में 16 किलोमीटर की दूरी पर आया। म्यांमार में दो बार धरती कांपी। पहली बार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.7 और फिर 6.4 मापी गई। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है।

| 2 | 7.7 | 6.4 | 10 | 200 | 12.50 |
|---|---|---|---|---|---|
| बार कांपी धरती म्यांमार में | थी पहले भूकंप की तीव्रता | थी दूसरी बार में तीव्रता | किमी अंदर था केंद्र धरती से | से अधिक मौत का अनुमान | बजे दोपहर को आया भूकंप |



### मकान धराशाई, दर्जनों लोग लापता



**म्यांमार** पहले ही गृहयुद्ध में फंसा हुआ है और भूकंप की तबाही के बाद हालात खतरनाक हो गए हैं। म्यांमार से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक तीन मंजिला मकान को धाराशाई होते देखा जा सकता है। लोग भूकंप के बाद अपनी जान बचाने के भागे। तेज झटकों के कारण म्यांमार के मांडले में प्रतिष्ठित अवा ब्रिज ढह गया। म्यांमार में भूकंप की वजह से अब तक ५० लोगों के मारे जाने की खबर है। दर्जनों लोग लापता हैं। सरकार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट चुकी है। म्यांमार में मेंडले और ताऊंगी सबसे अधिक प्रभावित इलाके हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। यहां सेना बचाव में उतर आई है। अधिकारी प्रभावित क्षेत्र की जांच कर राहत और बचाव कार्य तेजी से कर रहे हैं।

### बैंकॉक में सबसे ज्यादा तबाही

**थाईलैंड** में भूकंप की वजह से कई ऊंची इमारतें गिरी हैं। राजधानी बैंकॉक में शहर में दर्जनों इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। एक बहुमंजिला इमारत के गिरते हुए वीडियो भी सामने आया है। यहां भारी तबाही की आशंका है। बैंकॉक में ऊंची इमारत ढहने पर धूल के बादल के बीच ही लोग भागे। कुछ वीडियो में खाना खाते समय लोग हिल रहे हैं। थाईलैंड में कई लोग इमारत के नीचे दब गए हैं। यहां सैंकड़ों लोग इमारतों में फंस गए हैं। हजारों लोग चिल्लाते हुए बाहर निकल आए। बैंकॉक पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को थाई राजधानी में भूकंप आने से एक निर्माणाधीन ऊंची इमारत ढह गई। यहां संभावित हताहतों की संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। ज्यादातर लोग दफ्तरों में काम कर रहे थे। मरने वालों की संख्या सैकड़ों में होगी। निर्माणाधीन गगनचुंबी इमारत ढहने के हादसे में कम से कम 43 मजदूर फंस गए हैं।

#### सैकड़ों लोग हैं लापता

सैकड़ों लोग इस भूकंप के बाद से लापता हैं। सरकार उनके लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। मलबों से लोगों को निकाला जा रहा है। जलजले की वजह से बैंकॉक में मातम पसर गया है।

#### भारत में भी असर

म्यांमार में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मेघालय तक में धरती कांप उठी। फिलहाल, भारत में किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड में भूकंप का असर रहा। इन राज्यों में लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए, क्योंकि झटके तेज थे। पीएम मोदी ने मदद का आश्वासन दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भूकंप पर चिंता व्यक्त की और हर संभव सहायता की पेशकश की।

#### थाइलैंड में इमरजैंसी

भूकंप की वजह से थाईलैंड में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेटोंगटार्न शिनावात्रा ने भूकंप के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 1 करोड़ 70 लाख से अधिक है जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।

#### महामुनि पगोड़ा तबाह

भूकंप से मांडले में स्थिति महामुनि पगोड़ा तबाह हो गया है। 2016 में भी भूकंप से ये पगोड़ा तबाह हो गया था। भारत सरकार ने 2020 में इसका जीर्णोद्धार करवाया था। विदेश मंत्रालय ने इसे बनवाया था।

## संक्षिप्त खबरें

### देशभर में आज किसानों का विरोध-प्रदर्शन

**लुधियाना, चंडीगढ़।** देशभर के किसानों ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन के तहत विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया। पंजाब पुलिस ने 19 मार्च को शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को जबरन हटाया था। पुलिस के इस एक्शन के खिलाफ किसानों ने पूरे देश में प्रदर्शन का ऐलान किया है। हालांकि इसका असर पंजाब में ही रहा और बाकी जगहों पर छुटपुट या प्रतीकात्मक प्रदर्शन हुए। किसान नेताओं ने शुक्रवार को जिला स्तर पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। अब 31 मार्च को पंजाब सरकार के मंत्रियों के घरों पर भी प्रदर्शन की घोषणा की है। शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को खदेड़ा और बड़े किसान नेताओं को हिरासत में लिया, इस कार्रवाई को उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

**शंभू-खनौरी बॉर्डर से हटाने के खिलाफ फूटा गुस्सा**

### केंद्रीय कर्मियों का डीए 2 फीसदी बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सातवें वेतन आयोग के तहत केंद्र सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में 2 फीसदी बढ़ोतरी का ऐलान किया है। इस बढ़ोतरी के साथ ही अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो जाएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कर्मचारियों की सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी। इससे करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स को लाभ होगा। अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 18,000 रुपये है, तो उसे अब हर महीने 360 रुपये मिलेंगे। दरअसल, अब तक 18,000 रुपये बेसिक सैलरी वाले कर्मचारी को 53 फीसदी भत्ता मिलता है, जो 9540 रुपये के बराबर है। यह 55 फीसदी के हिसाब से 9900 रुपये हो जाएगा।

**महंगाई भत्ता 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हुआ**

### 5वीं के 92% और 8वीं के 90% बच्चे सफल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र (आरएसके) ने 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं के रिजल्ट शुक्रवार को जारी किए। कक्षा पांचवीं में 92.70 प्रतिशत और 8वीं में 90.02 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। दोनों कक्षाओं में 1.98 लाख स्टूडेंट असफल हुए हैं। वे दोबारा परीक्षा देंगे। आरएसके के संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल पर वन क्लिक से परिणाम घोषित किया। बोर्ड परीक्षाएं होने के बाद भी पिछले वर्ष की अपेक्षा 5वीं का रिजल्ट करीब दो और 8वीं में तीन फीसदी अधिक रहा है। आरएसके के संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल पर वन क्लिक से परिणाम घोषित किया। उक्त परीक्षाओं में प्रदेश के करीब 1.12 लाख शासकीय व निजी स्कूल और मदरसों के करीब 22.85 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें कक्षा 5वीं के करीब 11.17 लाख तथा कक्षा 8वीं के करीब 11.68 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

**यादव सरनेम की धौंस देते हैं बिजली कंपनी के डीजीएम : जपं अध्यक्ष** पेज-7 पर

**आईपीएल में आज**
IPL 2025 TATA IPL
गुजरात बनाम मुंबई
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

# रीवा में 15 करोड़ का शराब घोटाला
## 14 फर्जी बैंक गारंटी से दिए ठेके, आबकारी अधिकारी समेत 7 पर केस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रीवा जिले में फर्जी बैंक गारंटी के जरिए शराब ठेकेदारों, जिला आबकारी अधिकारी और सहकारी बैंक के मैनेजर की मिलीभगत से 15 करोड़ रुपए के घोटाले को अंजाम दिया गया। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने इस मामले में जांच के बाद फिलहाल 7 आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की है।

बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर नागेंद्र सिंह ने 2023 में 15 करोड़ 32 लाख 23 हजार 440 रुपये की 14 फर्जी बैंक गारंटी जारी कीं। इनमें से 9 बैंक गारंटी शराब ठेकेदारों को दी गईं, जिनका इस्तेमाल रीवा, सिंगरौली, उमरिया और सतना जिलों में शराब ठेके हासिल करने के लिए किया गया।

बैंक गारंटी जारी करने से पहले सिक्योरिटी के रूप में इसके बराबर रकम, सोना अथवा प्रॉपर्टी ब्रांच में जमा कराया जाना अनिवार्य है। यह सभी अवैध थीं। ब्रांच मैनेजर ने बगैर सिक्योरिटी इसे जारी किया प्रबंधन को भी भनक नहीं लगने दी। इन फर्जी बैंक गारंटियों के जरिए जिले में बैकुंठपुर, हनुमना, नईगढ़ी, देवतालाब, इटौरा, मऊगंज, रायपुर कर्चुलियान और अमान नाका समूह की शराब दुकानों के ठेके दिए गए थे।



**ये हैं घोटालेबाज**

- रीवा के जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन
- जिला सहकारी बैंक की मोरबा शाखा के मैनेजर नागेंद्र सिंह
- शराब ठेकेदार नृपेंद्र सिंह,
- अजीत सिंह, उपेंद्र सिंह बघेल, आदित्य प्रताप सिंह और विजय बहादुर सिंह।

#### अन्य जिलों में भी होगी जांच

शुरुआती तौर पर केवल रीवा जिले में ही 15 करोड़ का घोटाला सामने आया है। ईओडब्ल्यू को संदेह है कि अन्य जिलों में भी इसी तरह फर्जीवाड़ा होने की संभावना है। इसकी जांच की जाएगी।

#### बगैर सिक्योरिटी जारी कर दी बैंक गारंटी

शिकायतकर्ता एड. बीके माला ने 28 जून 2023 को ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ शराब ठेकेदारों को नियम विरुद्ध ढंग से फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर ठेके दिए गए। ईओडब्ल्यू ने छानबीन के दौरान पाया कि रीवा में अधिकांश शराब दुकान के ठेकों में सिंगरौली जिले के मोरबा में स्थित जिला सहकारी बैंक द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी का उपयोग हुआ है।

### फर्जीवाड़ा छिपाने के लिए बाद में बदली बैंक गारंटी

आबकारी नीति के अनुसार शराब ठेकों के लिए वही बैंक गारंटी स्वीकार की जा सकती है जो सरकारी बैंक, आरबीआई द्वारा अनुसूचित सरकारी और निजी बैंक या प्रदेश के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जारी हो। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने नियमों के विपरीत जाकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से जारी इन फर्जी बैंक गारंटी को स्वीकार कर ठेकेदारों को शराब दुकानों के लाइसेंस दे दिए। जिला सहकारी बैंक आरबीआई के अनुसूचित बैंकों की सूची में शामिल नहीं है। इन फर्जी बैंक गारंटियों के जरिए ठेके दिए जाने की शिकायत के बाद अनिल जैन ने घोटाला छिपाने के लिए ठेकेदारों से नई बैंक गारंटी लेकर जमा करा दीं जो अनुसूचित बैंकों से जारी की गई थीं।

**कैश कांड का मामला**
## नहीं रुका जस्टिस वर्मा का तबादला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अपने सरकारी आवास से भारी मात्रा में कथित अधजले नकदी बरामद होने के बाद विवादों में फंसे दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का आखिरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट में तबादला हो गया है।



साथ ही जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और पुलिस को निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए ये याचिका खारिज कर दी कि इस विवाद की जांच न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति कर रही है।

एक सरकारी अधिसूचना में जानकारी दी गई है कि शुक्रवार को उनका स्थानांतरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया है। इलाहाबाद कोर्ट के वकील जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले का विरोध कर रहे थे। हालांकि, गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत पांच जजों की कॉलेजियम से मुलाकात के बाद वह शांत हो गए। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा को न्यायिक कार्यों से अलग रखने को कहा है।

# गर्भवती को दो बार अस्पताल से लौटाया, ठेले पर डिलीवरी
## स्टॉफ ने कहा- समय नहीं हुआ, नवजात की मौत

**जागरण, रतलाम।** प्रदेश में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों के बीच रतलाम में एक गर्भवती महिला की डिलीवरी ठेले पर ही हो गई। इस दौरान मां की तो जान किसी तरह बच गई, लेकिन नवजात ने दम तोड़ दिया। घटना 23 मार्च की बताई जा रही है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। डिलीवरी से पहले पति गर्भवती पत्नी को लेकर दो बार अस्पताल पहुंचा, लेकिन हॉस्पिटल स्टाफ ने दोनों बार ये कहते हुए लौटा दिया है कि डिलीवरी का समय नहीं हुआ है। घटना सैलाना की है। सीसीटीवी फुटेज में महिला ठेले पर ले जाते हुए दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा ग्वाला अपनी पत्नी नीतू को सुबह 9 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया था। नर्स चेतना चारेल ने कहा कि अभी डिलीवरी में दो-तीन दिन का समय है और उसे घर भेज दिया। रात करीब 1 बजे नीतू को फिर तेज दर्द हुआ तो उसे दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचा। इस बार ड्यूटी नर्स गायत्री पाटीदार ने जांच के बाद कहा कि अभी 15 घंटे और लगेंगे। ये कहकर महिला को भर्ती करने से मना कर दिया। इसके बाद पुनः दंपति घर लौट आया। एक घंटे बाद फिर प्रसव पीड़ा हुई, तो कृष्णा ने पत्नी को ठेले पर लिटाया और अस्पताल की दौड़ लगा दी। इस दौरान रास्ते में ही डिलीवरी हो गई। रात तीन बजे जब वह अस्पताल पहुंचा, तब बच्चे के पैर बाहर थे और सिर अंदर। ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने किसी तरह डिलीवरी कराई, लेकिन बच्चा मरा हुआ निकला।



#### एसडीएम से शिकायत के बाद जांच के आदेश

कृष्णा ग्वाला ने अस्पताल प्रबंधन को बच्चे की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए एसडीएम मनीष जैन को शिकायत की। एसडीएम ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है, जिसमें पति अपनी पत्नी को ठेले पर अस्पताल ले जाता दिख रहा है।

**मौसम की मार** | जलवायु परिवर्तन और रोजगार का भविष्य पर विश्व बैंक की रिपोर्ट
# 2050 तक 4-6 फीसदी गिर सकती है जीडीपी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विश्व बैंक की रिपोर्ट 'द फ्यूचर ऑफ जॉब्स इन अ वार्मिंग वर्ल्ड: साउथ एशिया स्पॉटलाइट' में दक्षिण एशिया, खासकर भारत, पर जलवायु परिवर्तन के असर और रोजगार के भविष्य पर गहरी चिंता जाहिर की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और जनसंख्या वाला देश है। इसलिए यह जलवायु संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत जल्द और ठोस कदम नहीं उठाता, तो 2050 तक जलवायु परिवर्तन के कारण देश की जीडीपी में 4-6 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। हालांकि, हरित तकनीकों और नीतियों को अपनाकर भारत संकट से उबर सकता है, बल्कि वैश्विक हरित अर्थव्यवस्था में एक अग्रणी भूमिका भी निभा सकता है।

### हरित तकनीक अपनाकर उबर सकता है संकट से भारत



#### रोजगार पर असर

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ते तापमान और बाढ़, सूखा, और गर्मी की लहरें दक्षिण एशिया में 2030 तक 2.5 करोड़ नौकरियों को खतरे में डाल सकती हैं। भारत में खेती, निर्माण, और असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले करोड़ों लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। भारत में लगभग 60 फीसदी कार्यबल अभी भी कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों पर निर्भर है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील है।

#### हरित नौकरियों का अवसर

हरित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने से भारत में 1.8 करोड़ नई नौकरियां पैदा हो सकती हैं। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, और जल संरक्षण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। भारत की सौर ऊर्जा में पहले से ही बढ़ती हिस्सेदारी (2024 तक 100 जीडब्ल्यू से अधिक क्षमता) इस दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

#### शहरीकरण और गर्मी

भारत के तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों में 'हीट आइलैंड' प्रभाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु जैसे शहरों में 2030 तक औसत तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है, जिससे श्रम उत्पादकता में 15 फीसदी तक की कमी आ सकती है। यह स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे पर भी दबाव डालेगा।

#### महिलाओं पर प्रभाव

जलवायु परिवर्तन का असर भारतीय महिलाओं पर अधिक होगा, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां वे पानी और ईंधन लाने के लिए लंबी दूरी तय करती हैं। सूखे और बाढ़ से यह बोझ बढ़ेगा। साथ ही बच्चों पर भी इसका खासा असर होने पर चिंता जताई गई है।

**इमरान पर एफआईआर रद्द, सुप्रीम कोर्ट ने कहा-**
# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रद्द कर दी है। यह एफआईआर उनके सोशल मीडिया पोस्ट 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो' कविता को लेकर दर्ज की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने फैसले में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देते हुए निचली अदालतों की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। जस्टिस अभय ओका ने कहा कि भले ही न्यायाधीशों को कोई बात पसंद न आए, फिर भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण देना जरूरी है।



#### शीर्ष अदालत की टिप्पणी

'कोई अपराध नहीं हुआ है। जब आरोप लिखित रूप में हों, तो पुलिस अधिकारी को इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए। बोले गए शब्दों का सही अर्थ समझना जरूरी है। कविता में हिंसा का कोई संदेश नहीं है, बल्कि यह अहिंसा को बढ़ावा देती है।'

**जस्टिस अभय ओका ने कहा कि** संविधान के 75 साल बाद भी पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार तब भी संरक्षित किया जाना चाहिए, जब बड़ी संख्या में लोग इसे नापसंद करें। विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य और कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को और अधिक सार्थक बनाता है।

### राणा सांगा विवाद: संसद में हंगामा, हमले की निंदा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य रामजी लाल सुमन की राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के मुद्दे पर शुक्रवार को राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। सुबह कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राणा राष्ट्र भक्ति के प्रतीक हैं। उन पर अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभापति की बात से सहमत हैं, लेकिन सुमन के आवास पर हमले उचित नहीं। सुमन की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।




सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने दोहराया कि उन्होंने कोई गलत बयान नहीं दिया है। इसके लिए माफी का कोई सवाल ही नहीं उठता है। खरगे ने कहा कि सांसद रामजी सुमन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# मध्यान भोजन की खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शुरू की सेम्पलिंग



## नागौद, रामपुर बाघेलान और सोहावल जनपद के कई स्कूलों से लिये गये सेम्पल

**जागरण सतना।** सरकारी स्कूलो में पढने वाले बच्चो को जो मध्यान भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उसकी गुणवत्ता कैसी है अब इसके लिए शासन ने जांच के निर्देश दिये है। जिसको लेकर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले के तीन जनपद क्षेत्रों में संचालित कई सरकारी स्कूलो से पके हुये मध्यान भोजन के सेम्पल जप्त किये है। उल्लेखनीय है कि अभी तक अक्सर यह देखने में आता था कि स्व सहायता समूह संचालको द्वारा घटिया स्तर का मिड-डे मील भी बच्चो को उपलब्ध करा दिया जाता था मगर अब यह चलने वाला नही है। क्योकि शासन के निर्देश के बाद जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने विद्यालयो के मध्यान भोजन की जांच कराने के लिए सीएमएचओ को पत्र लिखा था जिसके बाद यह कार्यवाही की गई है।

### टीमों ने यह भी देखा

बताया जाता है कि मध्यान भोजन की गुणवत्ता जांचने पहुची खाद्य सुरक्षा की टीम ने जनपद के अधिकारियों के साथ किचन, खाद्य सामग्री, वर्तन आदि का निरीक्षण भी किया है इतना ही नही उन्होने स्व सहायता समूह के सदस्यो और रसोईयो से भोजन तैयार करने के लिए खरीदे गये खाद्य पदार्थ और भोजन तैयार होने के पश्चात उसे परोसने के पहले रखरखाव के तरीको की जानकारी भी ली है। टीम को समूह के सदस्यो को रसोई के अच्छे संचालन के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता भी महसूस हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि खाद्य एवं औषाधी प्रशासन विभाग एक प्रोग्राम तैयार कर उन्हे प्रशिक्षित करेगा।

### सेम्पल लेने पहुंचे अधिकारी तो सकपका गये समूह संचालक

बताया जाता है कि अभी तक मध्यान भोजन योजना में मनमानी चलाने वाले स्व सहायता समूह संचालक और रसोईये तब सकपका गये जब खाद्य सुरक्षा अधिकारी पके हुये भोजन की नमूने जप्त करने पहुचे। सूत्र बताते है कि इस तरह की जांच कार्यवाही अब निरंतर जारी रहेगी। जिससे उम्मीद लगाई जा रही है कि बच्चो को अब गुणवत्ता युक्त और मीनू के मुताबिक भोजन मिल सकेगा।

### केस नं 1

जनपद पंचायत नागौद के अंतर्गत संचालित जिन स्कूलो में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा पके भोजन के सेम्पल लिये गये है। उनमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाजार टोला सितपुरा, यहां पर शिव एसएचजी समूह द्वारा संचालन किया जा रहा है यहां से पके हुये चावल मूंग की दाल व सब्जी के सेम्पल व शासकीय विद्यालय मौहारी में रत्ना प्रिया समूह द्वारा मध्यान भोजन चलाया जा रहा है यहां से पकी हुई मूंगदाल चावल व तुअर दाल के सेम्पल, शासकीय प्राथमिक स्कूल मौहारी से चावल और चना दाल के नमूने एवं शासकीय मध्यामिक विद्यालय रेरूआ खुर्द से पका चावल, मूंगदाल व पकी हुई सब्जी के नमूने जप्त किये गये है।

### केस नं 2



जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान के अंतर्गत संचालित सरकारी स्कूलो के मध्यान भोजन का सेम्पल जांचने खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर पहुचे उन्होने प्राथमिक विद्यालय करही प्राथमिक शाला तपा और प्राथमिक विद्यालय बगहाई का निरीक्षण किया। यहां से उन्होने पके हुये चावल, दाल, सब्जी, व खिचडी का सेम्पल जप्त किया है। जबकि सोहावल क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुर्मी द्वारा माध्यामिक विद्यालय खामाखूजा का निरीक्षण कर चावल दाल नमक व छोले का सेम्पल जप्त किया गया है।

# डॉ रश्मि के नेतृव मे स्वागत के लिए उमड़ा जन सैलाब



**जागरण सतना।** नागौद विधानसभा में प्रवेश करने पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के स्वागत में डॉ रश्मि सिंह के नेतृत्व एवं ब्लाक कांग्रेस की अगुवाई में जगह जगह उमड़ा जन शैलाबए हजारों की तादात मे दूर दूर से आये कांग्रेस के जुझारू कार्यकर्त्ता अपने अतिथि का जोरदार एक अलग तरीके से पुष्प वर्षा और जिंदाबाद के नारों के साथ बड़े हर्ष और उल्लास के साथ स्वागत किया। जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्राएब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा एडण्लालबहादुर सिंह देवराज सिंह हरीश ताम्रकार उमेश गौतम शिवांशु समदरिया रामनरेश गौतमए रामबिहारी परोहा संध्या कुशवाहा संध्या लोधी रामनरेश सिंह लक्ष्मी कुशवाहा मनीष पाठक अनुराग सिंह परिहार चंद्रभान सिंहएरघुनन्दन चौधरी जगलाल पटेल मोहन सिंह कोदूलाल रजक लालबिहारी सिंह पहलवान सिंह मनोज कुशवाहा शिवकुमार कुशवाहा जायभान गौतम अंकुर गौतम कमलेन्द्र सिंह बाला लोधी पुष्पेंद्र लोधी अबिन लोधी महेंद्र सिंह सौरभ सेन जय सिंह प्रदीप लोधी संजय पटेल श्रीकांत मिश्रा शिवभान सिंह राजभान सिंह विजय यादव जुम्मन खान अमजद खान श्रीकेश पटेल धन्नू पटेल विनय पटेल विजय लोधी पप्पू बागरी पुष्पेंद्र सिंह सलमान खान मोबीन खान वंशरूप सिंह महेंद्र पटेल अनुराग परिहार रानू राजा दयाराम रावत आंनद सिंगरौल जयप्रकाश मिश्रा सुदामा लोधी रामदीन धोबी रावेन्द्र सिंगरौल बद्री कुशवाहा राकेश यादव रामसुरेंद्र सिंह दीपक सिंह राजलालन सिंह शामिल रहे।

## भटनवारा में संगीतमयी शिवपुराण कथा का आयोजन आज से

**सतना।** संगीतमयी श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 29 मार्च से 8अप्रेल तक शिव मंदिर बसस्टैंड भटनवारा से कालिका मंदिर होते हुए श्री तालेश्वर महादेव मंदिर में किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ 29 मार्च की दोपहर 12 बजे से सर्वदेव स्थापना अवाह्न पूजा एवं कलश स्थापना की जाएगी। इस कथा की वाचक राष्ट्रीय धर्म प्रचारक सुश्री जयंती किशोरी शर्मा रहेगी। रविवार से शिवपुराण संहिताओं का भेदएब्रम्हा विष्णु विवादए शिवलिंग की उत्पत्ति,31 मार्च शिवलिंग स्थापना पूजनविधि एवं भस्म रूद्राक्ष की महिमा1 मई को सृष्टी की उत्पत्ति का वर्णनए सती चरित्र,कामदेव दहन शिवपार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्मएतारिकासुर उद्धार एवं गणेश विवाह की कथा का लोग श्रवण करेंगे। 8 अप्रेल को पूर्ण आहुति व भंडारे का आयोजन होगा। आयोजक मंडल ने तमाम धर्मप्रेमियों से इस शुभअवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# 30 से शुरू होगी नवरात्रि



**अमदरा।** इस बार चैत्र नवरात्रि 2025 की शुरुआत 30 मार्च रविवार से होकर 6 अप्रैल 2025 तक रहेगी घट स्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त रहेंगे 30 मार्च को सुबह 6: 30 बजे 10: 16 बजे तक घटस्थापना का मुहूर्त है दूसरा घट स्थापना का मुहूर्त 12: 00 से 1:10 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना कर सकेंगे मेरे राम पौड़ी धाम पीठाधीश्वर की प्रेरणा से ज्योतिषाचार्य काशी हिंदू विश्वविद्यालय छात्र ओम शास्त्री महाराज के द्वारा नवरात्रि में कुछ राशियों के लिए लाभ बताया गया। चैत्र नवरात्रि 2025 का समय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहेगा जबकि कुछ राशियों को थोड़ी सावधानी बरतनी की आवश्यकता होगी यह समय विशेष रूप से सकारात्मक बदलाव और उन्नति का समय साबित हो सकता है इस दौरान मां दुर्गा की उपासना से जीवन में समृद्धि खुशहाली और शांति का आगमन हो सकता है सभी राशियों को अपनी जीवन यात्रा में सफलता और सुख प्राप्ति के लिए इस समय का सही उपयोग करना चाहिए। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का अधिक महत्व है यह विशेष पर्व हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और पूरे 9 दिनों तक चलता है इस बार नवरात्रि 2025 में चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक रहेगी 9 दोनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाती है जो जीवन में सुख समृद्धि और शांति का प्रतीक मानी जाती है विशेष रूप से इसी दिन से हिंदू नव वर्ष भी शुरुआत होती है जो नई उम्मीद पर संकल्पना का संचार करता है।

# झूलेलाल मंदिर से निकली महिला स्कूटर रैली

## बढ़ेगी आगे बेटियां, बढ़ेगा आगे समाज : प्रतिमा बागरी



**जागरण सतना।** इष्टदेव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के अवसर पर झूलेलाल मंदिर से 28 मार्च शुक्रवार को प्रातः 9 बजे विशाल महिला स्कूटर रैली निकाली गई रैली को झूलेलाल मंदिर के संत सामानाराम कामदार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंडल की संयोजिका राखी होतचंदानी ने बताया वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कंवर नगर सिन्धी कॉलोनी स्थित महंत स्वामी संतोखदास जी के आशीर्वचनों से संपन्न हुई। संत सामानाराम ने आशीर्वाद देते हुए कहा यह रैली एकता का प्रतीक है इसी तरह आप सबकी आपस में एकता बनी रहे। श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सर्वप्रथम समाज को चेट्रीचंड्र महोत्सव की बधाई देते हुए कहा इतनी संख्या में महिलाओं को देखते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही हे कि हर क्षेत्र में पुरुषों की सहभागिता ज्यादा होती है परंतु अब फिज़ा बदल रही है हर क्षेत्र में बेटियां अपना लोहा मनवाती हैं और मैं कहती हूं बढ़ेगी आगे बेटियां बढ़ेगा आगे समाज। इस अवसर पर 4 अप्रैल से सिन्धी भाषा में लगने वाली फिल्म वरदान 3 के फोल्डर का महंतश्री ने विमोचन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन रूपेश वलेचा ने किया एवं आभार जितेंद्र साबनानी ने व्यक्त किया।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मासिक प्रार्थना सभा संपन्न

**जागरण सतना।** महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आज मासिक प्रार्थना सभा सम्पन्न हुई। महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अंतर्गत माह के अंतिम शुक्रवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों की सम्पूर्ण सहभागिता के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है। इस अभिनव कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तुतियां विद्यार्थी और शिक्षक स्वयं करते हैं। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यादायिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ द्य अभियांत्रिकी और प्रोद्योगिकी संकाय के विद्यार्थियों नें सरस्वती वंदनाए ? का उच्चारण और कुलगीत प्रस्तुत कियाद्य छात्र छात्राओं की ओर से भगवद गीता से श्लोकए भावार्थ प्रस्तुत किए गए। महापुरुष के जीवन से शहीद दिवस पर विचारए होली गीतए भजन आदि प्रस्तुत किये गए द्य विज्ञान प्रोद्योगिकी व्यक्तित्व के रूप में सुनीता विलियम्स वैज्ञानिक का विशाल कृतित्व का वाचन हुआ। उप कुलसाचिव अकादमी नें मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया द्य रघुपति राघव राजा राम भजन हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा शांभवी सिंह गौर नें किया द्य प्रार्थना सभा का संयोजन संगीत अनुभाग ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता गणए शिक्षक अधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थियों नें सहभागिता की।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./3889/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 28.03.2025

**NOTICE INVITING TENDER No. 338/MTN/2025**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table No. 1 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 2 | 3311124.00 |
| 2. | Bhind | 1 | 758011.00 |
| 3. | Dewas | 2 | 16135411.00 |
| 4. | Jabalpur | 1 | 3300632.00 |
| 5. | Mandsaur | 1 | 4220389.00 |
| 6. | Narmadapuram | 1 | 4521233.00 |
| 7. | Shahdol | 1 | 22680492.00 |

- **Table No. 2 : Name of Work –REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Jabalpur | 1 | 953297.00 |
| 2 | Narsinghpur | 1 | 7311034.00 |
| 3. | Rewa | 1 | 3899817.00 |
| 4 | Sheopur | 1 | 7238837.00 |

- **Table No. 3 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Narsinghpur | 1 | 13885093.00 |
| 2 | Raisen | 1 | 3913044.00 |
| 3. | Sehore | 1 | 3312898.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.04.2025 from 17:30 hrs.** and last date for Online Bid Submission is **21.04.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

MP. Madhyam/119455/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।


# चैत्र नवरात्र को लेकर एसपी ने कराई फाइनल रिहल्सल



**जागरण सतना।** मैहर चैत्र नवरात्रि को देखते हुए मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने पुलिस बल के साथ फाइनल रिहर्सल किया। मेले के दौरान मंदिर प्रांगण में बनाए गए विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंच कर श्री अग्रवाल ने निरीक्षण किया। मेले के समय मंदिर परिसर को 6 जोन में विभाजित किया गया है जिसमें 50 से अधिक ड्यूटी पॉइंट है जिसमें कुछ नए प्वाइंट भी बनाए गए है। यातायात व्यवस्था व पहाड़ी के रास्ते पैदल चढ़ने वाले दर्शनार्थियों पर निगरानी रखने के लिए पहाड़ियों पर बाइक पेट्रोलिंग भी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों को सुगमता से दर्शन कराए जाने चाहिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागरए एसडीएम मैहर विकास सिंहए स्टॉप अमरपाटन प्रतिमा शर्माए थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदीए चौकी प्रभारी महेंद्र गौतम एवं जिले का समस्त पुलिस अमला उपस्थित रहा।

# सीएमराइज स्कूल बगहा में कक्षा 5वीं का शत प्रतिशत और कक्षा 8वीं का 72 प्रतिशत परिणाम रहा



**जागरण सतना।** शासकीय सीएमराइज उ मा वि बगहा के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की सत्र 2024.25 का परीक्षा परिणाम सीएमराइज स्कूल बगहा का उत्कृष्ट रहा। कक्षा 5वीं में कुल दर्ज छात्र 26 में से 26 उत्तीर्ण हुए यनि शतप्रतिशत परिणाम रहा संस्था में प्रथम विदित नारायण शुक्ला 82.5 प्रतिशत द्वितीय श्रेया त्रिपाठी 82.25 तृतीय आर्यन गुप्ता 81.75 रहा। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में कुल दर्ज छात्र 43 में से 31 उत्तीर्ण हुए यनि 72 प्रतिशत परिणाम रहा संस्था में प्रथम कु त्रिशा तिवारी 85.83 प्रतिशत द्वितीय कु प्रांजलि पांडेय 83.33 तृतीय आदर्श सोनी 83.16 प्रतिशत रहा। इस सफलता के लिये संस्था के प्राचार्य अश्विनी कुमार पाठक व उपप्राचार्य आर पी मिश्रा ने दोनों प्रभारी प्रधानाध्यापक क्रमशः धीरेंद्र शर्मा और सुजीत कुमार गर्ग तथा स्कूल के समस्त विषय शिक्षकों को बधाई दिये और छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना किये।

## बकाया करों का ऑनलाइन भुगतान किया तो मिलेगा लोक अदालत की छूट का लाभ

**जागरण सतना।** नगर पालिक निगम सतना क्षेत्रान्तर्गत सभी करदाताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024.25 के समापन में मात्र 03 दिवस शेष है। करदाता अपने बकाया करो का भुगतान अगर ऑनलाईन करते है तो उनको लोक अदालत की छूट प्राप्त होगी। यह छूट मात्र ऑनलाईन भुगतान पर ही प्राप्त होगी। आयुक्त के आदेशानुसार करदाता सुगमता पूर्वक अपने करो का भुगतान कर सकें इसलिए दिनांक 29 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक दिन शनिवार रविवार एवं सोमवार सभी जोन कार्यालय एवं निगम मुख्यालय खुले रहेगे और वसूली कार्य सुचारु रुप से संचालित रहेगा। उपरोक्त संबंध में डॉ0 शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा नगर के सभी करदाताओं से अपील की गई है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समापन के पूर्व अपने करों का भुगतान कर संपत्तिकर की दो गुनी राशि एवं अधिभार से बचें।

## 175 मरीजों की जांच कर 35 मरीज ऑपरेशन हेतु भर्ती

**जागरण सतना।** अग्रवाल समाज एवं सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर शुक्रवार 28 मार्च को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में अमृत वाटिका में प्रातः 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चला। शिविर का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन एवं स्वामी रणछोड़ दास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर चित्रकूट से पधारे पंडित भीषम शुक्ला, घनश्याम गोयलए पुरुषोत्तम अग्रवाल,चाचा मोहनलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद अग्रवाल,गोरखनाथ अग्रवाल, मनीष गोयल,राघव गोयल, चाचा हामिद खान, वरूण भट्टाचार्य सुखेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संपन्न हुए नेत्र शिविर में 175 मरीजों की नेत्र जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया एवं चश्मा के नंबर जांच कर सुनिश्चित किए गए तथा जांच के दौरान 35 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन एव लैंस प्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट संस्था वाहन से पहुंचाए गए।

## रामनवमी शोभायात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने समन्वय समिति ने लिया संकल्प

**जागरण सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में रामनवमी शोभायात्रा के 21वें सोपान को दिव्य.भव्य एवं अनुशासनबद्ध स्वरूप प्रदान करने एवं समन्वय समिति के संकल्प पूर्ण करने की दिशा में सभी तैयारियां को अंतिम स्वरूप प्रदान कर दिया है। आयोजन समिति की कार्यकर्ता बैठक श्री राम वनवासी आश्रम केशवनगर में संपन्न हुई। समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरीए संयोजक कमलजीत सिंह सेठीए जितेंद्र जैन एवरिष्ठ सदस्य उत्तम बनर्जीए लखनलाल केसरवानीए नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालनएघनश्याम दास सोनीए नरेन्द्रचंद गुप्ताए इस अवसर पर मंचासीन रहे। समिति अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन. स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के प्रयासों को देखकर सभी प्रफुल्लित हैं।

# अनुपमा आयरिस में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन



**जागरण सतना।** कोठी सतना रोड में बड़ा कला पर स्थित सीबीएसई स्कूल अनुपमा आयरिस इंटरनेशनल में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। इस अवसर पर अनुपमा एजुकेशन सोसायटी की सचिव डॉक्टर शैला तिवारी ने कहा कि सभी छात्रों ने वर्ष भर परिश्रम करके अपने रिजल्ट से विद्यालय और अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने भी अपने रिजल्ट की खुशी में अभिभावकों के साथ सेल्फी लेकर खुशी प्रदर्शित की। प्राचार्य संजय पांडेय ने सभी छात्रों और अभिभावकों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए बताया कि छात्रों का नया सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग की शुरुआत अभिभावकों को भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर उनका स्वागत और वंदन किया गया। इस अवसर पर सलोनी चौबेए रामू मिश्राए मधु सिंहए अंकिता शर्माए भावना द्विवेदीए अवंतिका अगिनहोत्रीए सपना चौहानए आकांक्षा त्रिपाठीए अखिलेश पांडेयए स्वाति पांडेयए वर्षा पांडेयए पिंटो पॉलचनए शारदा श्रीवास्तवए कमला मिश्रा उपस्थित रहे।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 29 मार्च 2025 www.dainikjagranmpcg.com
सूर्य उदय - अस्त
06.16 अस्त : आज
05.58 उदय : कल
शहर का तापमान
36.0 ⁰ अधिकत
18.0 ⁰ न्यूनतम
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



# विंध्य की पावन धरा से होगा परिवर्तन का शंखनाद: हरीश



जागरण स्वागत

## गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध: पटवारी

### कांग्रेस के बड़े नेताओं का स्वागत करने उमड़े कार्यकर्ता

जागरण, सीधी

विंध्य की धारा और सीधी की भूमि महापुरुषों की भूमि रही है। यहां से निकले जननायकों ने राष्ट्र का नेतृत्व किया है। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा को महसूस कर उसे न्याय दिलाने का काम सीधी की धरती से हुआ है और मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि प्रदेश में परिवर्तन का शंखनाद सीधी और विंध्य की पावन धारा से होगा। यह बातें प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी ने जिला मुख्यालय के समीपी यशराज ढ़ाबा के समीप आयोजित स्वागत सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि जनविरोधी भाजपा के खिलाफ संघर्ष की लड़ाई आप सबको एकजुट होकर लड़नी है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जोरदार स्वागत के लिए जिले के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के हित की लड़ाई हमेशा सीधी जिले से शुरू हुई है। यह महानायकों की धरती है और अन्याय के खिलाफ अपनी प्रखर आवाज हमेशा बुलंद की है। कांग्रेस पार्टी गरीबों युवाओं महिलाओं किसानो और मजदूरों की हितों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के सह प्रभारी रणविजय सिंह ने स्वागत सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा को उसके किए वादे याद दिलाने का काम करे उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सब घर-घर पहुंचे और भाजपा की वादाखिलाफी जनता को बताएं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने पधारे सभी अतिथियों का जिले में हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी सीधी की ओर से पधारे सभी अतिथियों का हम तहे दिल से स्वागत और अभिनंदन करते हैं जिला अध्यक्ष ने स्वागत में उमड़े कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि आप सब इतनी तादात में अपने नेताओं के स्वागत के लिए यहां इकट्ठा हुए इसके लिए हम आपके आभारी हैं जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने पधारे सभी अतिथियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सीधी जिले की कांग्रेस पार्टी और हमारे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनता की हितों की लड़ाई संगठित होकर पूरी ताकत के साथ लड़ रहे हैं जिले का संगठन जमीनी स्तर तक बना हुआ है और अपनी पूरी ताकत के साथ काम कर रहा है जनता के हित की लड़ाई लड़ने में कांग्रेस का कार्यकर्ता कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। स्वागत सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, जनप्रतिनिधि, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक मंडलम, सेक्टर सहयोगी, संगठनों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश: अजय

पूर्व नेता प्रतिपक्ष चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने अतिथियों का सीधी जिले में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में जन आक्रोश है और प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश में जन विरोधी सरकार के खिलाफ संघर्ष और कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने का जो जिम्मा उठाया है और अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए वह पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूं की उनकी इस लड़ाई में पूरे विंध्य के साथ सीधी जिला कंधे से कंधा मिलाकर सबसे आगे खड़ा रहेगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि इस संघर्ष में आप सब मै को हम में परिवर्तित करें और संगठित होकर जनता को न्याय दिलाने का काम करें।



### जनता के हितों पर कुठाराघात: कमलेश्वर

मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री और सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल ने पधारे सभी अतिथियों का जिले में स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के हितों पर कुठाराघात करने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी आम जनमानस के खिलाफ होने वाले अन्याय को सहन करने वाली नहीं है। हम सभी को सारे मतभेद भुला कर पूरी मजबूती के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस जनविरोधी सरकार के खिलाफजनता की लड़ाई लड़नी है।

### जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

इससे पहले सीधी जिले में जगह-जगह हुआ राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, सह प्रभारी रणविजय सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सैलाब बड़े नेताओं के सीधी आगमन पर उमड़ पड़ा। राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, प्रदेश सह प्रभारी रणविजय सिंह का जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में मोहनिया टनल से लेकर बहरी तक ढोल नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ जगह-जगह भव्य और जोरदार स्वागत किया। हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सैलाब स्वागत में जगह-जगह उमड़ा।

## दो दिवसीय बघेली महोत्सव का टाटा कॉलेज में हुआ समापन



जागरण, सीधी। शहर के प्रतिष्ठित टाटा कॉलेज जमोड़ी खुर्द में दो दिवसीय बघेली महोत्सव का आयोजन 27 मार्च से किया गया एवं 28 मार्च को बघेली महोत्सव का समापन हुआ। इस दौरान टाटा कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा बघेली व्यंजन एवं लोकगीतों, लोक कला, नाट्य आदि की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दो दिवसीय बघेली महोत्सव में प्रथम दिवस बघेली साहित्य एवं क्षेत्र, बघेली संस्कार, बघेली लोक कला, बघेली वाद्य यंत्र, बघेली व्यंजन आदि के बारे में परिचर्चा का आयोजन किया गया एवं दूसरे दिवस बघेली लोकगीतों, लोक कला, नाट्य, वाद्य यंत्र आदि की प्रस्तुतियां दी गई। इसके पश्चात आज बघेली व्यंजन सम्भोजन का आयोजन भी किया गया। बघेली महोत्सव के दौरान प्रमुख विषय विशेषज्ञों में डॉ. रामगरीब पाण्डेय विकल बघेली साहित्य एवं क्षेत्र, डॉ. शिवशंकर मिश्र सरस बघेली संस्कार, नीरज कुंदेर बघेली लोक कला, रोशनी प्रसाद मिश्र बघेली वाद्य यंत्र, नरेन्द्र बहादुर सिंह बघेली व्यंजन आदि रहे। बघेली महोत्सव के प्रथम दिन मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह परिहार जनपद अध्यक्ष सीधी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रचना राजे सिंह संचालिका सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल, विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह सरल बघेली साहित्यकार, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा समाजसेवी रहे। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि शिवमूरत देव जी महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता, विशिष्ट अतिथि ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी सीधी, कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी. आरबी सिंह टाटा कॉलेज सीधी रहे। श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई से संबंधित टिप्स एवं बघेली महोत्सव के आयोजन के महत्व को समझाया। इस दौरान टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के प्रबंध निदेशक इजी. आरबी सिंह, टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के सीईओ डॉ. राजेश वर्मा, टाटा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राघवेंद्र द्विवेदी, टीआईटी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, अकेदमिक डीन सौरभ सिंह, वरिष्ठ लाइब्रेरियन बीएल सिंह सहित महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

## प्र.आर को मिला केन्द्रीय गृहमंत्री का अति उत्कृष्ट सेवा पदक



जागरण, सीधी। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी के कार्यालय मे पदस्थ प्रधान आरक्षक 177 लक्ष्मीकांत शुक्ला को केन्द्रीय गृहमंत्री का अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदाय किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने प्रधान आरक्षक की वर्दी में केन्द्रीय गृहमंत्री के अति उत्कृष्ट सेवा पदक को लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी ने भी प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ला को शुभकामनाएं दी। अधिकारियों ने प्रधान आरक्षक का मुंह भी मीठा कराया।

## सेमरिया बाजार में संचालित एटीएम बना शोपीस




जागरण, सेमरिया। सेमरिया क्षेत्र में सभी बैंकों के एटीएम मशीन सेमरिया बाजार में स्थित है लेकिन इस समय सिमरिया बाजार में स्थित एसबीआई सहित अन्य एटीएम मशीन में कई दिनों से बराबर पैसा नहीं निकल रहा है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार के दिन सेमरिया बाजार में स्थित एसबीआई एटीएम बूथ में जब ग्रामीण पैसा निकालने गए तो एटीएम मशीन में पैसा नहीं निकाला। ग्रामीण ने बताया कि कई दिनों से सेमरिया बाजार में संचालित एसबीआई एटीएम मशीन से पैसा नहीं निकल रहा है। लोगों को पैसे के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से एटीएम मशीन में पैसा उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि आम जनमानस एवं खाताधारकों को एटीएम मशीन का सुविधा मिल सके। सेमरिया में एसबीआई सहित अन्य बैंकों के दर्जनों एटीएम मशीन हैं। लेकिन कुछ एटीएम की बात छोड़ दें तो बाकी की एटीएम की यही स्थिति बनी रहती है कि कभी पैसा रहता है तो कभी नहीं। इससे आम जनों को पैसा निकालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए सेमरिया क्षेत्र वासियों ने एसबीआई सहित अन्य एटीएम मशीनों में पैसा उपलब्ध करने के लिए उच्च अधिकारियों से मांग की गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा और खाताधारकों को एटीएम मशीन का सुविधा मिल सकेगी।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन कार्यक्रम आयोजित

जागरण, सीधी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्टेडियम के पास सीधी स्थित मुख्य सेवाकेंद्र स्वर्णिम प्रशासन जागृति अभियान के अंतर्गत मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन कार्यक्रम का आयोजन रोली मेमोरियल सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज भोपाल जोन के प्रशासक प्रभाग की जोनल को ओर्डिनेटर भारत गौरव रत्न से सम्मानित बीके डॉ. रीना दीदी ने अपने वक्तव्य में जीवन मूल्यों, स्वप्रबंधन को सहज रूप से अपनाने पर बल दिया। राजयोग मेडिटेशन हमें किस प्रकार से जीवन में मिली जिम्मेदारियों को निभाने की शक्ति देता है। इस विषय पर भी स्पष्टीकरण दिया गया। जीवन में सदा खुश रहने के लिए हमें तुलना, आलोचना, शिकायत से बचने का मंत्र दिया। विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से ब्रह्माकुमार राम एवं ब्रह्माकुमार राहुल ने मिलनसार और जीवंत बनने की प्रेरणा दी। ब्रह्माकुमारी ऋचा दीदी ने सभी को गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

### नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की रामबिशाल साकेत पिता भगवान दीन साकेत निवासी ग्राम झाला तहसील रामपुर नैकिन का एलआईसी पालिसी मे नाम त्रुटि वश विशाल चर्मकार पिता भगवान दीन चर्मकार हो गया है जिसे सुधार किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः नाम सुधार में किसी अन्य हितबद आपत्ति है जो हित रखते हो तो नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन के न्यायालय में दिनांक 11.4.2025 के पूर्व या नियत दिनांक को उपस्थिति होकर आपत्ति करें अन्यथा की स्थिति मे एक पक्षीय कर्यवाही की जायेगी।

# पुलिस अधीक्षक ने मासिक अपराध समीक्षा सभा का किया आयोजन



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में आज विगत माह के कार्रवाईयों की समीक्षा करने एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा मासिक अपराध समीक्षा सभा का आयोजन किया गया। सभा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक मुख्या. श्रीमती गायत्री तिवारी, एसडीओपी चुरहट एवं आशुतोष द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर एवं समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। बैठक मे जिला न्यायालय से आये सर्वप्रथम सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रशांत पाण्डेय ने जानकरी देते हुए बताया की न्यायिक अभिमत के लिए मामले की केस डायरी की सॉफ्ट कॉपी मेल करके ऑनलाइन स्क्रूटनी करवाये एवं अभिमत प्राप्त करें साथ ही चिन्हित एवं गंभीर मामलो के सम्बन्ध मे प्रत्येक माह मामले की अध्यतन स्थिति से अवगत कराएं। अभियोजन अधिकारी के अभियोजन सम्बन्धी जानकारियां देने के पश्चात बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना वार विगत माह की विगत त्रयवार्षिक अपराधों के साथ तुलनात्मक समीक्षा की गई एवं दिशानिर्देश दिए गए कि जिले मे किसी भी सूरत मे कानून व्यवस्था नहीं बिगड़नी चाहिए। असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को पूर्व से चिन्हित कर उनपर वैधानिक कार्यवाई करते हुए उन्हें प्रतिबंधित करें। किसी भी छोटे-बड़े आपराधिक मामले लड़ाइ झगडे को गंभीरता से लेकर निराकरण करना है एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना है। लापता हुए नाबालिक बच्चों को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के हवाले करें। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करें। क्षेत्र में चोरी एवं गृहभेदन के मामलो को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पता कर चोरी कि गई संपत्ति शत प्रतिशत जप्त करने का प्रयास करें, इसके लिये सतत क्षेत्र का भ्रमण करते रहे मुखबिर तंत्र मजबूत करें एवं माइक्रोबीट प्रणाली को प्रभावी बनायें। जिले मे कहीं भी किसी भी थाना क्षेत्र में किसी प्रकार के अवैध मादक पदार्थ का भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय न हो इसका विशेष ध्यान रखे। साथ ही अधिकतम अपराधों का निराकरण कर जल्द से जल्द पीड़ित को न्याय दिलाये। आमजन द्वारा की गई शिकायत की जल्द से जल्द जांच कर उचित वैधानिक कार्यवाही कर शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाये।

## चुरहट महाविद्यालय को स्नातकोत्तर करने सौंपा ज्ञापन

जागरण, सीधी। शासकीय महाविद्यालय चुरहट के छात्र-छात्राओं ने चुरहट तहसील पहुंच कर महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय करने की मांग को लेकर एसडीएम चुरहट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। शासकीय महाविद्यालय चुरहट की छात्रा एवं स्टूडेंट एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन की चुरहट इकाई के अध्यक्ष रोशनी ने ज्ञापन का वाचन किया। चुरहट महाविद्यालय की छात्रा प्रियमा अग्रवाल ने बताया कि स्नातक के बाद स्नातकोत्तर न होने के कारण अधिकतर छात्र-छात्राएं आगे की पढ़ाई बंद कर देते हैं। छात्रों का कहना है कि चुरहट महाविद्यालय बहुत पुराना एवं महत्वपूर्ण महाविद्यालय है। यहां बहुत सारे गरीब छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। चुरहट महाविद्यालय से लगभग 35 किलोमीटर से अधिक की दूरी में स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित है। जहां सभी छात्रों की आर्थिक स्थितियां पढ़ने जाने की अनुमति नहीं देती हैं।

# दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा



जागरण, सीधी। दुष्कर्म के चिन्हित मामले में आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि दिनांक 14 जुलाई 2021 को अवयस्क अभियोक्त्री अपने घर से कपड़ा सिलाने जाने का कहकर गई थी लेकिन वापस घर नहीं आयी। पास-पड़ोस व नाते रिश्तेदारी में पता किया लेकिन नहीं मिली तब अभियोक्त्री के पिता ने उसकी नाबालिग पुत्री अभियोक्त्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना कुसमी में रिपोर्ट लिखायी जिसके आधार पर थाना कुसमी में अज्ञात के विरूद्ध गुमशुदा व्यक्ति पंजीकरण क्रमांक 004/21, प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 0105/2021 दिनांक 17 जुलाई 2021 अंतर्गत धारा 363 भादसं पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 22 जुलाई 2021 को अभियोक्त्री उम्र 15 वर्ष 7 माह अपने रिश्ते की बहन के साथ यादव नगर, बाकरोल रोड, चौकी पनौली ग्राम थाना अंकलेश्वर जिला भरूच में दस्तयाब हुई। अभियोक्त्री से पूंछताछ की गई। अभियोक्त्री ने अपने कथनों में बताया कि वह और उसकी बुआ की लड़की रिश्ते की बहन रोजगार के लिए गुजरात अंकलेश्वर गये थें, जहां आरोपी विपिन उसे व उसके रिश्ते की बहन को फोन कर अपने किराये के कमरे में ले गया और दो दिन तक अपने यहां रखा रहा और उसके साथ जबरदस्ती बलात्संग किया फिर अभियोक्त्री और उसकी रिश्ते की बहन दूसरे के कमरे में रहने के लिए चल गए थें। अभियोक्त्री के कथनों के आधार पर आरोपी विपिन सिंह के विरूद्ध धारा 366 ए, 376(1), 376(2)(द), 342 भादसं एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(एल)/6 बढ़ाई गई। प्रकरण को पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये एवं पुलिस द्वारा प्रकरण की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्रक्र. 108/2021 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्टस सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार गौतम उर्फ विपिन तनय मकूलाल गौतम उम्र-25 वर्ष निवासी ग्राम मलगांव थाना मंगलपुर जिला कानुपर देहात उप्र को धारा 377 भादवि एवं 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट के अपराध में आजीवन कारावास जिसका अभिप्राय आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास होगा एवं 50 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही अभियोक्त्री को 2 लाख रूपये प्रतिकर के रूप में अदा किये जाने के परिप्रेक्ष्य में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सीधी मप्र को पत्र सहित निर्णय की प्रति प्रेषित की जाये।

## सुशोभित झांकियों के साथ संपन्न हुई भागवत कथा



जागरण, मझौली। मडफहा देवी मंदिर मझौली प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सुशोभित झांकियों के साथ संपन्न हुई। इस दौरान कथा स्थल भक्ति गीत भजन, कीर्तन के साथ लोक गीत सोहर, विवाह से गुंजायमान होता रहा। कथा के आज सातवें दिन शुक्रवार को सुदामा चरित्र, सुखदेव विदाई, पूर्णाहुति हवन के साथ समापन हुआ। इस दौरान लोगों में मायूसी देखी गई यहां तक कि लोगों की आंखों से आंसू भी छलकते दिखे। बताते चलें की कथा का शुभारंभ 22 मार्च 2025 दिन शनिवार को कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। जहां प्रतिदिन सुशोभित झांकियों के साथ क्रमानुसार संगीतमय कथा पाठ का प्रासंगिक वर्णन सुंदर सुशोभित झांकियो के साथ कथा व्यास पंडित गिरधारी शरण महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से संचरित की गई है। जहां मुख्य कथा श्रोता के रूप में बुद्धसेन स्व. पार्वती गुप्ता, रामाधार सुभद्रा गुप्ता, द्वारिका प्रसाद अन्नपूर्णा गुप्ता, पन्नालाल माधुरी गुप्ता विराजमान हो कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हुए अपने जात-परिवार, नात-रिश्तेदार तथा क्षेत्र के लोगों को कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर प्रदान किये। कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म व छठवें दिन रुक्मणी विवाह सुशोभित झांकियां के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान कथा स्थल सोहर, विवाह गीतों से गुंज उठा तथा लोग डीजे गाजे बाजे के धुनि में जमकर ठुमके लगाए। कल 28 मार्च दिन शुक्रवार को सुदामा चरित्र, सुखदेव विदाई, पूर्णाहूत एवं हवन पाठ के प्रासंगिक वर्णन के साथ कथा का समापन विधि पूजन के साथ किया गया।

## कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों का किया निरीक्षण

जागरण, सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा नगरपालिका सीधी क्षेत्रान्तर्गत शीतलदास तालाब, अमहा तालाब, मुड़ी तालाब, पुराना बस स्टैंड, नवीन बस स्टैंड, नवीन सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा निर्देशित किया गया है कि शीतलदास तालाबए मुड़ी तालाब को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लें। अमहा तालाब अंतर्गत कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा करें। नवीन सब्जी मंडी अगले 7 दिनों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नवीन बस स्टैंड में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जो कार्य हुए हैं उनमें आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राजए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, नायब तहसीलदार, उपयंत्री एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद डॉ राजेश मिश्र ने सपरिवार प्रधानमंत्री से की मुलाकात

## संजय दुबरी टाईगर रिजर्व का छायाचित्र व विन्ध्य की ढोलक

### मादर भेंट कर चौफाल का पेड़ा भी खिलाया



जागरण, सीधी

नई दिल्ली में शुक्रवार को सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर संजय टाईगर रिजर्व दुबरी में बाघ-बाघिन का छायाचित्र, विन्ध्य के लोक कला की प्रतीक ढोलक मादर भेंट कर चौफाल का पेड़ा भी खिलाकर अभिनंदन किया। सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुबरी आने का आमंत्रण देते हुए बताया कि मोहन नामक सफेद शेर सर्वप्रथम दुबरी में ही मिला था। अति प्राचीन चंदरेह शिव मंदिर, सुप्रसिद्ध विद्वान बीरबल की जन्मस्थली मां चंडी धाम घोघरा, माड़ा की गुफाएं जैसे अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक व पर्यटन स्थल भी है। संसदीय क्षेत्र खनिज संपदाओं से भी परिपूर्ण है परन्तु तीनों जिलों में विकास को और भी गति देने की नितांत आवश्यकता है। सांसद डॉ. मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधी जिले के मनकीसर में कृषि अनुसंधान संस्थान, सिंगरौली जिले के देवसर में केन्द्रीय विद्यालय, ब्यौहारी के बाणसागर डैम में भारतीय जलसेना का प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की मांग करते हुए बताया कि जिले के मनकीसर ग्राम पंचायत में कृषि विभाग की 100 एकड़ भूमि में फार्म संचालित है। यहां यदि कृषि अनुसन्धान संस्थान की स्थापना की जाती है तो कृषि आधारित जिला सीधी के किसानों व छात्र-छात्राओं को आधुनिक व उन्नत जैविक खेती की ओर प्रेरित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल होगी। सिंगरौली जिले के देवसर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करना, जिला मुख्यालय से सुदूर रहने वाले छात्र छात्राओं के हित में ऐतिहासिक कदम होगा। ब्यौहारी जनपद पंचायत अंतर्गत बाणसागर में वृहद बाणसागर डैम स्थित है, जिसका लोकार्पण पूर्व प्रधानमंत्री श्भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। बाणसागर डैम अत्यंत वृहद् होने के कारण भारतीय जलसेना का प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने हेतु आग्रह है। यहां बाणसागर कॉलोनी विस्थापित होने के पश्चात मुख्यालय बनाने के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि भी उपलब्ध है। सांसद की मांगो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

### अद्भुत आत्मिता का हुआ एहसास: डॉ. अजय

विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के पश्चात भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य डॉ. अजय मिश्रा ने कहा कि मोदी जी से मिलने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकत्व की अनुभूति हुई। निश्चित रूप से मोदी जी का करिश्माई व्यक्तित्व हम जैसे करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। डॉ. अजय मिश्रा ने क्षेत्र की जनता की ओर से चौफाल का पेड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया।

### मोदी जी से मिलकर हुआ गौरवान्वित: डॉ. अनूप

वरिष्ठ चिकित्सक और मिश्रा नर्सिंग होम के संचालक डॉ. अनूप मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के पश्चात मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है। मोदी जी के व्यक्तित्व से मै अत्यधिक प्रभावित हुआ। आपका आशीर्वाद हमारे जीवन को एक नई दिशा और नया उत्साह प्रदान करेगा। डॉ. अनूप मिश्रा ने विंध्य लोक कला का प्रतीक मादर प्रधानमंत्री श्री मोदी को भेंट किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के परिवार के सदस्य श्रीमती सांसद सावित्री मिश्राए डॉ. अजय मिश्रा, शीला मिश्रा, डॉ. अनूप मिश्रा, डॉ. वीना मिश्रा, डॉ. रंजना शुक्ला, सीए राकेश शुक्ला, डॉ. ज्योत्सना शुक्ला, डॉ. राजीव शुक्ला, प्रथम शुक्ला, वैष्णवी मिश्रा, देवांश मिश्रा, अनिकेत शुक्ला, हिया शुक्ला, अविरल शुक्ला, अचिंत्य शुक्ला सहित पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी के संस्मरण और हास परिहास का आनंद लिया।

# खेत में मिले गांजा के चार सैकड़ा पेड़

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई



**जागरण, छतरपुर।** शुक्रवार की दोपहर में सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। दरअसल सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक खेत से गांजा के चार सैकड़ा पेड़ जप्त किए हैं। पुलिस ने दो युवकों को अभिरक्षा में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं पुलिस का विरोध कर रहीं थीं जिसके चलते उन्हें भी अभिरक्षा में लेना पड़ा।

सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के सटई रोड पर स्थित यादव कॉलोनी के एक खेत में गांजा की अवैध खेती किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर संबंधित खेत पर दबिश दी गई, जहां पुलिस को गांजा के छोटे-बड़े 400 पेड़ मिले हैं। गांजा के पेड़ों को कटवाकर जप्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण में बाबू लाल यादव और अनिल सोनी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं पुलिस का विरोध कर रहीं थीं, जिन्हें शांत करने के लिए मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें अभिरक्षा में लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पानी से लबालब भरी पत्थर खदान में चालक सहित डूबा डंफर

**जागरण, छतरपुर।** जिले के गौरिहार पुलिस अनुविभाग अंतर्गत प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र की कंडाही पहाडिया के समीप मौजूद पत्थर खदान में बीती शाम एक डम्फर चालक, मय वाहन के गिर गया। घटना के करीब 22 घंटे बाद भी चालक का शव और डम्फर खदान से बाहर नहीं निकल सका है। सुबह से ही पुलिस टीमें रेस्क्यू में लगी हुई हैं। स्थानीय लोगों से जानकारी मिली है कि मृतक का नाम मनोज पुत्र सुरेन्द्र पाल था, जिसकी उम्र करीब 20 वर्ष थी और वह मूलत- हटवा गांव का रहने वाला था। मनोज वर्तमान में मकरबई खोड़ा में रहता था तथा पेशे से ट्रैक्टर चालक था। ट्रैक्टर चालक होने के बावजूद खदान संचालक ने मनोज को डम्फर चलाने की जिम्मेदारी दी थी। बुधवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे जब मनोज पाल बनाफर ग्रेनाइट कंपनी के डम्फर क्रमांक एमपी 16 एच 1880 को अलकनंदा ग्रेनाईट की पत्थर खदान से बाहर निकाल रहा था तभी डम्फर अनियंत्रित होकर पानी से लबालब भरी करीब 40 फीट गहरी खदान में गिरकर डूब गया। खदान में चालक सहित डंफर गिरने की खबर मिलते ही गांव के लोगों खदान पर एकत्रित हो गए, साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीएम बलवीर रमन, तहसीलदार शारदा प्रसाद सोनी, एसडीओपी नवीन दुबे, थाना प्रभारी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। रात को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू शुरु नहीं हो सका। गुरूवार की सुबह एसडीआरएफ, गोताखोर और क्रेन मशीन को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू शुरु कराया गया। शाम पौने 6 बजे खबर लिखे जाने तक खदान में डूबे डंफर और मनोज के शव को बाहर नहीं निकाला जा सका है।

# फुटपाथ पर दुकानें और सड़क किनारे खड़े वाहन तो जाम ही लगेगा

**जागरण, लवकुशनगर।** नगर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर ही दुकानों को सजा दिया जाता है। तो वहीं खरीदारी करने वाले ग्राहक अपने वाहनों को सड़क पर ही पार्क कर देते हैं जिससे पूरा मार्ग पार्किंग स्थल में बदल जाता है और आवागमन पूरी तरह अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता है। हाल यह हो जाता है कि मुख्य बाजार में दिनभर सड़क पर जाम सा लगा रहता है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अवैध कब्जा होने के कारण आम लोगों को आवागमन पर काफी दिक्कत होती है। चंदला रोड, छतरपुर रोड और पुराना बस स्टेंड पर यह सबसे बड़ी समस्या है। नगर परिषद की ओर से समय समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाता रहा है। लेकिन अतिक्रमण अभियान चलाना और इसके बाद फिर अतिक्रमण न होने देना दोनों में जमीन आसमान का अंतर नजर आता है, लेकिन कुछ दुकानदारों के आगे प्रशासन भी घुटने टेकता रहा है। बाजार आने वाले ग्राहक बेफिक्र होकर बाइकों को बेतरतीब तरीके से सड़क पर पार्क कर देते है। जिसके कारण दिनभर वाहनों के आवागमन होने से जाम की स्थिति निर्मित होती है। वहीं सड़कों पर दिनभर ई-रिक्शों का आवागमन एवं बेतरतीब,आड़े तिरछे खड़े होना दुर्घटनाओं को न्यौता देते रहते हैं। नगर में लगभग तीन सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा मुख्य सड़क पर दौड़ते रहते हैं। नगर की यही मुख्य सड़क होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना हर रोज करना पड़ता है लेकिन इस समस्या के निदान के लिए नगरीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कदम नही उठाये और आँख बंद कर तामसबीन बने हुए हैं।

## प्रशासन की तरफ से अवैध वसूली और नो एंट्री में बड़े वाहन चालकों को पास देना बड़ा कारण

नगर में सुबह से लेकर शाम तक अवैध वसूली का शिल शिला इस समय चरम सीमा पर चल रहा है, नगर परिषद की तरफ से जो पर्ची वसूली के नाम पर दी जाती है उसमें न तो तारीख अंकित होती है और न ही नगर परिषद की शील जिससे नगर में जिस स्थान पर जिसका मन जहां हुआ वहां अपने तंबू लगाकर बैठ जाता है, वही नो एंट्री के समय वाहन के आकार के हिसाब से अवैध वसूली कर नगर की सीमा में प्रवेश दे दिया जाता है जो नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को हिला कर रख देता है। वही परिषद द्वारा नगर की सीमा में कही भी नो एंट्री के बोर्ड तक नहीं लगाएं गए है। प्रशासन की लचर व्यवस्था से पूरा नगर इस समय अतिक्रमण के बादलों के नीचे दबकर रह गया है। और प्रशासन इस अतिक्रमण के सामने पस्त दिखाई दे रहा है।

# बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाने वालों को मिलेगा उपहार

**जागरण, छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में छतरपुर नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के समस्त वार्डों में कर्मचारी घर-घर जाकर बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। उक्त कार्य में गति लाने की मंशा से छतरपुर नगर पालिका द्वारा एक विशेष पहल भी शुरू की गई है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि जो भी नागरिक, 70 वर्ष से अधिक उम्र के 100 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहायता करेंगे या नगर पालिका छतरपुर में जानकारी उपलब्ध कराएंगे, उन्हें नगरपालिका द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित सहयोगियों को एलईडी टीवी, कूलर, इंडेक्शन, प्रेस, प्रेशर कुकर जैसे 20 आकर्षक उपहार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने की योजना बनाई गई है।


।।ॐ शांति।। **शोक संदेश** ।।ॐ शांति।।



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र

**शुभम गौड़**

का स्वर्गवास दिनांक 17/03/2025 प्रातः 11 बजे हो गया है। जिनकी आत्मा की शांति हेतु वैदिक विधि के कार्यक्रम निम्नानुसार होना है।

जन्म : 28.12.1995 स्वर्गवास: 17.03.2025

मो.: 9424982820
9755690404

| कार्यक्रम विवरण | |
|---|---|
| दशगात्र (शुद्ध) | 27/03/2025, गुरूवार |
| कर्म (एकादशाह) | 28/03/2025, शुक्रवार |
| त्रयोदशाह (तेरहवी) | 30/03/2025, रविवार |

:: शोकाकुल::
श्री जगदम्बा प्रसाद गौड़ (बड़े पिता जी), श्री त्रिभुवन प्रसाद गौड़ (पिता जी), एवं समस्त गौड़ परिवार

कार्यक्रम स्थल : संस्कार वैली स्कूल के बगल में निज निवास मैदानी, रीवा (म.प्र.)

RN-80793



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से **खुली निविदा** आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2025-46

**कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़न - भरवा सुमेरपुर-घाटमपुर-सीटीआर (पी)-36.51 टीकिमी. एंड झाँसी डिवीज़न-घाटमपर-भीमसेन सीटीआर (पी)-32.23 टीकिमी।

**अनुमानित लागत रू :** 106404157.66 | **अमानत राशि :** 682000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 18/04/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 15 माह

● निविदा दिनांक **18/04/2025** को **15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 553/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# सांसद के प्रयासों से खजुराहो में 100 बिस्तरीय नेचुरोपैथी एवं योगा चिकित्सालय खुलना हुआ संभव



## लोकसभा प्रश्न के उत्तर में केन्द्रीय मंत्री ने दिया आस्वासन

**जागरण, खजुराहो।** सांसद वी.डी. शर्मा के भागीरथ प्रयासों से विश्व ऐतिहासिक स्थल खजुराहो में 100 बिस्तरीय नेचुरोपैथी एवं योगा चिकित्सालय खोले जाने की राह आसान हुई है। सांसद श्री शर्मा के द्वारा 28 मार्च 2025 को तारांकित प्रश्न क्र.-403 का उत्तर देते हुए केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव द्वारा सदन में आस्वासन दिया गया कि खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के छतरपुर जिले के खैरोन गांव में 25 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। राज्य सरकार द्वारा जैसे ही यह प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव प्राप्त होता है। तो यह चिकित्सा केन्द्र खोला जाएगा। इसके पश्चात सांसद वी.डी. शर्मा ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश के पत्र कमांक 3608 भोपाल 16 सितम्बर 2021 के माध्यम से डायरेक्टर सेन्ट्रल कान्सिल फॉर रिसर्च इन योगा एण्ड नेचुरोपैथी नई दिल्ली को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री के आस्वासन के आधार पर प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में खजुराहो में 100 बिस्तरीय नेचुरोपैथी एवं योगा चिकित्सालय खोले जाने के मार्ग खुल चुके है। कालांतर में यह चिकित्सालय खजुराहो में खोला जाना संभव हो गया है। जिससे क्षेत्र के साथ-साथ संपूर्ण मध्यप्रदेश राज्य को इसका लाभ मिल सकेगा।


**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्यों के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–69–2025, दिनांक 26.03.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में कटनी-सतना सेक्शन पर यार्ड सुधार कार्य के संबंध में यार्ड में नालियों का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 6,26,41,574/-. **बयाना राशिः** ₹ 4,63,200/-. **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–70–2025, दिनांक 26.03.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में सतना-मानिकपुर एवं सतना-रीवा सेक्शन पर यार्ड सुधार कार्य के संबंध में यार्ड में नालियों का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 9,65,51,147/-. **बयाना राशिः** ₹ 6,32,800/-.

**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिएः-** समापन अवधिः 18 माह प्रत्येकी। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 22.04.2025. **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 22.04.2025. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई निविदा सूचना संख्याः झांसी/एच/एस 2/एल.पी./मेड/स्टोर/2024-25/2 दिनांक : 24.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर मध्य रेलवे/झांसी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2017/H/4/1/**LOCAL PURCHASE** (E-3236402), दिनांक 31.07.2023 के अनुसार, मंडल रेलवे अस्पताल झांसी के लिए दैनिक स्थानीय खरीद के लिए दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और उपभोग्य सामग्रियों की खुदरा आपूर्ति के लिए पैनल/पंजीकरण के लिए पात्र फर्मों से आवेदन आमंत्रित करते हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता निम्न लिखित निर्धारित कार्यों के लिए ई-निविदाए निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **14.04.2025** को समय प्रातः **10:30** तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आईआरईपीएस पर ई-टेंडर के माध्यम से होगी।

**निविदा संख्या :** जेएचएस-2024-रिटेल-एल पी 10 (JHS-2024-RETAIL-LP10)

**कार्य का नाम :** मण्डल रेल चिकित्सालय झांसी में दिन प्रतिदिन के आधार पर औषधियों, सर्जिकल सामग्री, लैब रीजेंट एवं एक्स रे फिल्म इत्यादि की आपूर्ती हेतु

**अनुमानित राशि :** 2 करोड़ 52 लाख 90 हजार (1 करोड़ 26 लाख 45 हजार प्रति वर्ष)

**कार्य समापन की अवधि :** 24 माह

**निविदा बंद की तिथि :** 14.04.2025 को समय प्रातः 10.30

**नोटः 1:** उपरोक्त सभी ई-निविदाए का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) दिनांक **25.03.2025** से वेबसाईट **www.ireps.com** पर टेन्डर खुलने की तिथि **14.04.2025** को समय प्रातः **10:30** तक उपलब्ध है। **2:** उपरोक्त निविदा मे ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप मे बिड स्वीकार नहीं की जाएगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों/बिडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आईटी अधिनियम 2000 के तहत सीसीए द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS वेबसाईट पर खुद को पंजीकृत कराना आवश्यक है। **3:** निविदा की दरें केवल वित्तीय दर प्रष्ट (**financial Rate page**) पर तथा डिजिटल हस्ताक्षरित ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म अथवा लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जाएगा। **4:** संलग्न किए जाने वाले सभी प्रपत्र निविदा कर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। **5:** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेल वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in.** और **http://www.tenders.gov.in.** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **6:** ई-निविदा हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर की राशि ई-भुगतान/नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जाएगी। **7:** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए IREPS वेबसाईट की हेल्प लाइन से संपर्क किया जा सकता है। **8:** ऑनलाइन निविदा, निविदादाताओ द्वारा निविदा खुलने के तिथि **14.04.2025** को समय प्रातः **10:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **9:** फर्म इंडेंटेड वस्तुओं की आपूर्ति क्रेडिट आधार पर करेगी। **10:** सभी दस्तावेज़ मालिक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित/सत्यापित होने चाहिए। **545/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.**
Regd. Office – Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN :U40109MP2002SGC015120Tel- 0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email: cepurez@yahoo.in

No.SE/REWA/PUR/10301 Dtd: 27.03.2025

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor for up gradation of existing 3.15 MVA / 5 MVA / 8 MVA having PTRs of 33/11kV Substation constructed under different schemes in the area of O&M Circle MPPKVVCL Rewa The bid seals will be received online on the E-Tender Portal- http://mptenders.gov.in, http://www.mpez.co.in upto date & Time Indicated as per scope of work detailed below:

| Sl.No. | TS No. (For e-Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work | Approx. Value (Rs. in lakh) | Tender Fee+ GST 18% (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 12.00 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/REWA/PUR/10301 dt 27.03.2025 (e-Tender No. 2025_PKVVC_412699_1) | Award of Contract for up gradation of existing 33/11 kv Outdoor Substation having PTRs of 3.15 MVA / 5 MVA/8 MVA constructed under different schemes in awarded area. | 30 Lakh | 2360 | 10.04.2025 |

• Firms already registered with MPPKVVCL, Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh.

Superintending Engineer (O&M)
MPPKVVCL Rewa



**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.**
Regd. Office – Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN :U40109MP2002SGC015120Tel- 0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email: cepurez@yahoo.in

No.SE/REWA/PUR/10299 Dtd: 27.03.2025

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor for survey, installation, testing and commissioning of 33kV line, 33/11kV differentcapacity Addl. PTRs, under different schemes in the area of O&M Circle MPPKVVCL Rewa The bid seals will be received online on the E-Tender Portal- http://mptenders.gov.in, http://www.mpez.co.in upto date & Time Indicated as per scope of work detailed below:-

| Sl.No. | TS No. (For e-Tendering) Discom-EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs. in Lakh) | Tender Fee (in Rs) | Due date &time of opening of tender online from 11:00 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/REWA/PUR/10299 (e-Tender No.2025_PKVVC_412694_1) | Empanelment of contractors to award a Contract forsurvey, installation,testing and commissioning of33kV line, 33 kV different capacity Addl. PTRs, 33 and 11 KV Addl. Bay, under different schemes in the O&M Circle Rewa | 50.00 | 2360 | 10.04.2025 |

• Firms already registered with MPPKVVCL, Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh.

Superintending Engineer (O&M)
MPPKVVCL Rewa



**M.P. POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN Co. Ltd.**
Regd. Office – Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN :U40109MP2002SGC015120Tel- 0761-2666040, Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048
Website : www.mpez.co.in, email: cepurez@yahoo.in

No.SE/REWA/PUR/10300 Dtd: 27.03.2025

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor for survey, installation, testing and commissioning of 11 kV line, 11/0.433 kV distribution transformer and LT line under different schemes in the area of O&M Circle MPPKVVCL Rewa The bid seals will be received online on the E-Tender Portal- http://mptenders.gov.in, http://www.mpez.co.in upto date & Time Indicated as per scope of work detailed below:-

| Sl.No. | TS No. (For e-Tendering) Discom- EZ/Pur | Particular of work | Approx Value (Rs. in Crore) | Tender Fee +GST 18% in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 14:00 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/REWA/PUR/10300 (e-Tender No.2025_PKVVC_412698_1) | Empanelment of contractors to award a Contract for survey, installation, testing and commissioning of 11 kV line, 11/0.433 kV distribution transformer and LT line under different schemes in the O&M Circle Rewa | 1.20 | 5900 | 10.04.2025 |

• Firms already registered with MPPKVVCL, Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh.

Superintending Engineer (O&M)
MPPKVVCL Rewa



**विधिक सूचना**

जो कि आप जीतेन्द्र मिश्रा उर्फ जीतू तनय स्व. श्री रमेश प्रसाद मिश्रा उम्र 35 वर्ष पेशा–प्रापट्री डीलिंग निवासी–बरा कोपरिहान (बरा बायपास) तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) हालपता– सोनी ढावा के सामने विन्ध्यान्चल ग्रुप के पीछे, इटौरा, तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) को इस विधिक सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा मेरे पक्षकार रहमान खान तनय श्री अफगन खान उम्र 37 वर्ष पेशा व्यापार, निवासी बिछिया पुल के पास बैरियर के पीछे वार्ड क्र. 45. कुठुलिया, थाना बिछिया तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) को अपने विधिक दायित्वों की पूर्ति हेतु को मध्यांचल ग्रामीण बैंक, शाखा मुरलीधर कालोनी बोदाबाग रीवा का चेक क्रमांक–733905 दिनांकित– 10.02.2025 मालयति– रू–1,20,000 / (रूपये एक लाख बीस हजार मात्र) का चेक जारी किया था जोकि दिनांक 05.03.2025 को Fund Insufficient की टीप के साथ अनादरित हो गया। जिसकी नोटिस आप द्वितीयपक्षगणों को रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 12.03.2025 को भेजी गई थी जिसकी सूचना Insufficient Address की टीप के साथ इण्टरनेट पर अंकित है, अतः इस सूचना प्रकाशन की विधिक नोटिस म्यादि 15 दिवस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार को प्रदत्त चेक क्रमांक–733905 मालियती 1,20,000/(रूपये एक लाख बीस हजार मात्र) का भुगतान कर पावती प्राप्त कर लेवें, अन्यथा मेरे पक्षकार के द्वारा आपके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अन्तर्गत परिवाद पत्र प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही सहित दण्ड की मांग की जावेगी। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही के समस्त हर्जे खर्चे की जिम्मदारी आपकी होगी।

स्थान–रीवा
दिनांक– 25.03.2025

VIVEK SHARMA
ADVOCATE
District Court,
Rewa (M.P.)


# अभिभावकों को लूट से बचाने जिला प्रशासन लगाएगा पुस्तक मेला

**जागरण, छतरपुर।** हर वर्ष नवीन शिक्षण सत्र के प्रारंभ में कॉपी–किताबों के नाम पर निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से की जाने वाली लूट पर लगाम लगाने की मंशा से इस बार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने मास्टर प्लान तैयार किया है। दरअसल इस वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर पुस्तक मेला लगाया जा रहा है जहां से अभिभावक उचित दामों पर अपने बच्चों के लिए किताबें खरीद सकेंगे। इसके बावजूद भी अगर कोई निजी विद्यालय अभिभावकों पर दबाव बनाता है तो उसकी मान्यता रद्द होगी। डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही निजी स्कूलों द्वारा स्कूल अथवा उनके द्वारा बताई गई दुकानों से किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में पुस्तक मेला लगाने का निर्णय लिया गया है। श्री पांडे ने बताया कि उक्त पुस्तक मेले का शुभारंभ 1 अप्रैल 2025 को जिला पंचायत कार्यालय के बाहर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। पुस्तक मेला 5 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। अभिभावकों की मांग पर इसको एक–दो दिन और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के लिए पुस्तक मेले से उचित दामों पर किताबें खरीदें। डीपीसी ने यह भी कहा कि यदि कोई विद्यालय पुस्तक मेले से खरीदी गई किताबों को मान्य करने में आनाकानी करता है और इस संबंध में विभाग को शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित विद्यालय की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म॰प्र॰)**
**वास्ते सब जेल त्योंथर**
**द्वितीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा के अधीनस्थ सब जेल त्योंथर में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये खाद्यान, सब्जी, दवाई, स्वच्छता, विद्युत एवं अन्य विविध सामग्री क्रय करने हेतु वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 22/04/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित कर कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 09/04/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म॰प्र॰) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 21/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 22/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 23/04/2025 सायं 05:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल रीवा (म॰प्र॰) |
| 5. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 24/04/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म॰प्र॰) |
| 6. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 28/04/2025 प्रातः 11:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोटः-
1. सब जेल त्योंथर की निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

जी--24912/24



**कार्यालय नगर परिषद् बैकुण्ठपुर जिला–रीवा (म.प्र.)**
E-mail - cmobaikuntpur@mpurban-gov-in
क्रमांक 884 /न.परि./संपत्ति अन्तरण/2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 28.3.25

**नामान्तरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 के चल, अचल संपत्ति अन्तरण नियम अन्तर्गत इस कार्यालय में संपत्ति कर/समेकित कर पंजी मे दर्ज भवन को अपने नाम अन्तरण करने का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जो निम्न है। यदि किसी के नाम परिवर्तन (अन्तरण) करने पर आपत्ति हो तो प्रमाणित अभिलेख सहित दिनांक 15.04.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्तियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

| क्र. | वार्ड क्र. | भवन क्र. | वर्तमान भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का प्रकार | भवन अन्तरित व्यक्तियों का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | 04/114 | सत्यभान खरे पिता लक्ष्मण प्रसाद खरे | वारिसाना | अरूण खरे, अरूणेश खरे, ममता खरे, अल्केश खरे, मनीषा खरे, आलोक खरे सभी के पिता सत्यभान खरे वार्ड क्र. 04 बैकुण्ठपुर |
| 2 | 09 | 09/68 | मोतीलाल पिता बद्री प्रसाद | विक्रय पत्र | अशोक कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता सभी के पिता स्व. रामखेलावन गुप्ता वार्ड क्र. 10 बैकुण्ठपुर |
| 3 | 15 | 15/106 | दुआसा देवी गुप्ता पति बाबूलाल गुप्ता | वारिसाना | प्रहलाद गुप्ता, भरतलाल गुप्ता पिता स्व. बाबूलाल गुप्ता वार्ड क्र. 15 बैकुण्ठपुर |
| 4 | 15 | नया मकान | केठानी साकेत पिता रजई चर्मकार | रजिस्ट्री | जरीना बानो पति गुलाम मोहम्मद वार्ड क्र. 15 बैकुण्ठपुर |
| 5 | 15 | नया मकान | श्री मधूसूदन सिंह पिता भूमण्डल सिंह | रजिस्ट्री | धर्मेन्द्र कुमार पिता भोला प्रसाद सोनी वार्ड क्र. 15 बैकुण्ठपुर |
| 6 | 15 | 15/184 | फुलझरिया गुप्ता पति रामसजीवन गुप्ता | रजिस्ट्री | गौरा देवी गुप्ता पति संतोष कुमार गुप्ता वार्ड क्र. 13 बैकुण्ठपुर |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपरिषद् बैकुण्ठपुर
जिला–रीवा म.प्र.



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**जमीन बेचना है**

ग्राम ककलपुर तह. रामपुर बघेलान जिला सतना 89 डिसमिल (38,768.4 स्क्वायर वर्ग फिट लगभग) आवासीय एवं व्यावसायिक के लिए संपर्क कर सकते हैं। सम्पर्क करें :- 9926939282, 9179430961, 8770156819

आर.एन. 82030(2/4)

# बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

**जागरण, मंडला**

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंहए डॉण् निवेदिता शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में किशोर न्याय बोर्ड सागर के सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्लाए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगौरए डीएसपी अजाक महंतीए नागेन्द्र चौरसियाए शिखा रायए माधुरी बिलैयाए केहर सिंह वर्मेए आभा तिवारीए रामेन्द्र तिवारी सहित बाल कल्याण समिति के सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें मदरसोंए बालगृहों और शिशुगृहों की स्थिति की समीक्षा भी की गई। जिले में संचालित मदरसोंए बालगृहों और शिशुगृहों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। यह सुनिश्चित किया गया कि इन संस्थानों में बच्चों को उचित देखभालए शिक्षा और सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। जिले में दर्ज पॉक्सो ;च्व्ब्ैव्द्ध मामलों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके तहत पीड़ित बच्चों को दी जा रही राहत राशि और उनके पुनर्वास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिले में संचालित छात्रावासों और बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं को प्राप्त बजट और उसके उपयोग की समीक्षा की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बच्चों को आवश्यक सुविधाएं मिल रही हैं। आरटीई ;त्ज्म्द्ध अधिनियमए जेजे ;श्रश्रद्ध अधिनियम और पॉक्सो ;च्व्ब्ैव्द्ध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए और बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पात्र बच्चों को समय पर लाभ मिले। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत स्वीकृत मामलों की समीक्षा की गई। यह योजना उन जरूरतमंद बच्चों के लिए हैए जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता होती है। बैठक में योजना को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने विशेष किशोर पुलिस इकाई ;ैश्रच्न्द्ध की भूमिका और उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाल संरक्षण के मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करें।

बैठक में पॉक्सो अधिनियम के प्रचार.प्रसार पर भी चर्चा की गई। यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि अधिक से अधिक लोग इस कानून के बारे में जागरूक होंए ताकि बाल अपराधों को रोका जा सके। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। आयोग के सदस्यों ने जिले में बाल अधिकारों की रक्षा और कल्याण के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने की सलाह दी। बैठक में आयोग के सदस्यों के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को नशा इत्यादि से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और उक्ताशय से जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करायें। साथ ही जिले में संचालित स्कूलए कॉलेजों के आसपास 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थ विक्रय करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगायें। उन्होंने कहा कि जिले के बालग्रहों का प्रतिमाह सतत रूप से निरीक्षण करेंए बच्चों की देखरेख करें और पुलिस बच्चों से बातचीत करने ड्रेस में न जाएं। बैठक में आयोग के सदस्यों के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को नशा इत्यादि से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और उक्ताशय से जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करायें। साथ ही जिले में संचालित स्कूलए कॉलेजों के आसपास 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थ विक्रय करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगायें। उन्होंने कहा कि जिले के बालग्रहों का प्रतिमाह सतत रूप से निरीक्षण करेंए बच्चों की देखरेख करें और पुलिस बच्चों से बातचीत करने ड्रेस में न जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत ऐसे बच्चे जो अनाथ हैंए उन्हें बाल कल्याण की जिला स्तरीय समिति को सुपुर्द करेंए जिससे उन्हें शासन की संबंधित योजनाओं से लाभांवित किया जा सके। साथ ही सजा काट रहीं माताओं के बच्चों के सरंक्षण हेतु बाल कल्याण समिति के सदस्य सतत रूप से निगरानी रख देखरेख करें।

# जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति एवं जिला सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न




**जागरण, मंडला।** प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट की अध्यक्षता में बाल एवं कुमार श्रम ;प्रतिषेध एवं विनियमनद्ध अधिनियम 1986 अंतर्गत जिला स्तरीय टास्कफोर्स समिति एवं बंधक श्रम ;उत्सादनद्ध अधिनियम 1976 अंतर्गत जिला सतर्कता समिति की बैठक हुई। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित इस बैठक में बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 एवं बंधक श्रम अधिनियम 1976 के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शाला में अनुपस्थित बच्चों की सूची उपलब्ध कराएं। श्रमिकों द्वारा पलायन की स्थिति में ग्राम पंचायतों में पलायन श्रमिक परिवार की विस्तृत जानकारी रजिस्टर में दर्ज करें। पलायन के संबंध में जानकारी नजदीकि पुलिस थाने में भी आवश्यक रूप से दें। बाल एवं बंधक श्रमिकों की जानकारी प्राप्त होने पर अविलंब समुचित कार्यवाही करें। बैठक में उपस्थित सदस्यों से विभिन्न विषयों पर सुझाव प्राप्त किये गये। श्रम पदाधिकारी द्वारा पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण मंडला वंदना गुप्ताए सहायक संचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुलए जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कलेए जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़ेए अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला खनिज अधिकारीए एलडीएमए श्रम पदाधिकारीए श्रम निरीक्षक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रामहंस पचौरी के मार्गदर्शन में 27 मार्च को मदिरा का अवैध विनिर्माणए संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी वृत डिंडौरी एवं समनापुर के द्वारा ग्राम अण्डईए सुंदरपुरए देवलपुर एवं डिंडौरी में किराना दुकानए अंडा दुकानए ढाबा और रिहायशी मकान जैसे अलग.अलग स्थानों पर तलाशी लिए जाने पर 34०5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराबए 24 पाव जीनियस रमए 158 पाव जीनियस व्हिस्की वह 49 पाव देशी मदिरा प्लेन मिलने से 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में देशी मदिरा 9 लीटरए विदेशी मदिरा 33 लीटर हाथ भट्टी शराब 34०5 लीटर जप्त किया गयाए जिसका बाजार मूल्य 35100६.रूपये है। उक्त कार्यवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी एमण्आरण् उईकेए डिंडौरी वृत प्रभारी एसण्एसण् धुर्वेए आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारियाए मनीष उईके एवं करिशमा सलामे मौजूद रहे।



# पाली डिंडौरी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**जागरण, डिंडोरी।** जिले के ग्राम अझवार में पाली.डिण्डौरी हाईवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा नवीन विद्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कंपनी के पदाधिकारीए स्वास्थ्य कर्मीए ग्राम पंचायत अझवार की सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान महिलाओं की सुरक्षाए स्वास्थ्य जागरूकताए एचआईवीध्एड्सए गर्भाशय एवं स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ हीए सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा की गईं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसारए शिविर में कुल 45 लोगों ;33 महिलाएँ और 12 पुरुषद्ध का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की मांग की। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना थाए जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# राज्य मिलेट मिशन योजनान्तर्गत कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण के लिए 30 कृषक रवाना

**जागरण, डिंडोरी।** कृषि विभागए विकास खंड शहपुराए जिला डिण्डौरी द्वारा राज्य मिलेट मिशन योजना के तहत तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रयपुरा से 30 कृषकों को उमरिया व जबलपुर के लिए रवाना किया गयाए जहां वे कृषि मेले में भाग लेकर नई तकनीकों और मिलेट मिशन से जुड़ी आधुनिक जानकारियां प्राप्त करेंगे।इस अवसर पर कृषि स्थाई समिति की सभापति दुर्गा झनकलाल झारिया ने हरी झंडी दिखाकर कृषकों को रवाना किया। उन्होंने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भ्रमण उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को सीखने और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का अवसर देगा।



कृषि मेले में किसानों को मिलेट ;श्रीअन्नद्ध की खेतीए आधुनिक कृषि यंत्रए जैविक खेतीए उन्नत बीज उत्पादन तकनीक और प्राकृतिक खेती से संबंधित नवीनतम जानकारियां दी जाएंगी। इस प्रशिक्षण से किसानों को अपनी कृषि उपज को अधिक लाभकारी बनाने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। भ्रमण के लिए चयनित किसानों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें अपनी खेती को और अधिक उन्नत बनाने में सहायता मिलेगी।यह तीन दिवसीय भ्रमण किसानों के ज्ञानवर्धन और सतत कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का सतत निराकरण करें : प्रभारी कलेक्टर



**जागरण, मंडला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य विषयों की विस्तृत समीक्षा की। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण करें। इसमें रेगुलर बेसिस पर शिकायतें बंद कराना आवश्यक है। प्रभारी कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्?होंने कहा कि मंडला जिले की रैंकिंग को बेहतर करने के लिए प्रकरणों का त्वरित गति से निराकरण कराना जरूरी है। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंहए अपर कलेक्टर अरविंद सिंहए संयुक्त कलेक्टर जेपी यादवए सीएल वर्माए एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे जल गंगा जल संवर्धन अभियान तथा विक्रमादित्य महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने सिंगल रिसोर्स वाले ग्रामों की जानकारी भी ली। ई.ऑफिस की विभागीय प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रैयांश कूमट ने निर्देशित किया कि सभी विभागों को लिंक करें।

# कस्टम हायरिंग सेंटर भैंसवाही में वाटरशेड महोत्सव आयोजित

**जागरण, मंडला।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना ;पीएमकेएसवाई 2०0द्ध के तहत परियोजना क्रमांक 3 जनपद पंचायत घुघरी जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कस्टम हायरिंग सेंटर भैंसवाही में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक नारायण सिंह पट्टाए जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकामए जिला पंचायत सदस्य सुललिता धुर्वे एवं गीता मरावीए मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौकसेए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द कुशरामए निर्माण समिति अध्यक्ष नीरज मरकामए जनपद सदस्य कलीराम धुर्वेए सेवकली मरावीए भारत नंदा एवं समस्त सरपंचगणए जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मंचासीन अतिथियों को सम्मानित कर सभी सदस्यों द्वारा पानी रोको अभियान में सभी ग्रामवासियों को जुड़ने का सन्देश दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गएए मंच संचालन जिला परियोजना अधिकारी उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को शील्ड एवं रंगोलीए निबंध लेखनए चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई गई।

# 622 हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की गई



**जागरण, मंडला।** मुख्यमंत्री जन कल्याण ;संबलद्ध योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 23 हजार 162 परिवारों को 505 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की। इस दौरान जिले में 622 हितग्राहियों को 13 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का जिले में सीधा सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी कक्ष मंडला से प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमटए सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झाए श्रम अधिकारी धनंजय जैन सहित संबल योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

# त्योहारों के समय खाद्य सुरक्षा हेतु सतत निगरानी करें : श्रेयांश कूमट

**जागरण, मंडला।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति ;खाद्य सुरक्षाद्ध की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के समय खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए सतत निगरानी करें। ऐसे प्रतिष्ठान जहाँ ज्यादा तादाद में खाद्य पदार्थों का विक्रय किया जाता है उनमें सेम्पलिंग की कार्यवाही करें। रजिस्ट्रेशन और लायसेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 12 लाख रूपए वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठानों के लिए पंजीयन की कार्यवाही करें। 12 लाख रूपए से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठानों के लिए लायसेंस जारी किये जाने की कार्यगति को बढ़ाएं। जिले में 12 लाख रूपए से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठान अधिक संख्या में हो सकते हैंए इसको स्केल.अप करने के लिए सघन अभियान चलाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा व्यापारी इसके दायरे में लाए जा सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि पिछले वर्ष के प्रकरणों में आरसीसी जारी करवाएंए आवश्यकतानुसार सीलिंग की कार्यवाही भी करें। प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के साथ.साथ मध्यान्हभोजन तथा सांझा चूल्हा द्वारा बच्चों को दिये जा रहे भोजन की भी सेम्पलिंग करें। जाँच की कार्यवाही मंडला शहर एवं आसपास सीमित न रखते हुए जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में भी इसका विस्तार करें।



# जल गंगा जल संवर्धन अभियान के आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**जागरण, मंडला।** जल गंगा जल संवर्धन अभियान के आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जल गंगा जल संवर्धन अभियान 2025 की अवधि 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माणए भूजल संवर्धनए पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफसफाई व जीर्णोद्धारध्मरम्मतए जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करनेए जल वितरण की संरचनाओं की साफसफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। अभियान में सहभागी विभागों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों हेतु अपनी विभागीय योजनाओंए सांसदध्विधायक निधिए जन भागीदारी तथा सीएसआर से वित्तीय संसाधन जुटाये जायेंगे।

गठित समिति द्वारा जिलाध्जनपद अंतर्गत ऐसी संरचनाओं का चयन किया जाएगा जिनका जीर्णोद्धारध्मरम्मत किया जाना आवश्यक है। कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराना तकनीकी अधिकारियों का उत्तरदायित्व होगा। अभियान में जिले के जनप्रतिनिधियोंए सामाजिक तथा अशासकीय संस्थाओंए योजना एवं आर्थिकी सांख्यिकी विभाग के साथ सहभागिता रहेगी। 30 मार्च 2025 को प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन का एक कार्य प्रारंभ कराना अनिवार्य है।

# सिंगल क्लिक से डिंडौरी जिले के 274 श्रमिक परिवारों को प्रदान की गई अनुग्रह सहायता राशि

**जागरण, डिंडोरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ने आज प्रदेश के 23 हजार 162 से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण कर हितग्राहियों से संवाद भी किया। जिसमें डिंडौरी जिले के 274 श्रमिक परिवारों के खाते में 5 करोड़ 80 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई। उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वेए डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकामए कलेक्टर नेहा मारव्या सहित श्रमिक हितग्राही और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने कहा है कि रोटीए कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैंए जिनके लिए पैसा जरूरी होता है। प्रसूतिए बीमारीए दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण ;संबलद्ध योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खातों में 550 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने पांच हितग्राहियों से वर्चुअली बातचीत कर उनके परिजन के अवसान पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलोंए नगर निगमोंए नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री डॉण् यादव का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने प्रदेश के श्रमिक परिवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही हमारी प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में अच्छा कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हो। हर परिवार में सुख के सूरज का उदय हो और आनंद और वैभव के साथ सभी जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता. पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक मानते हुए 01 मार्च 2024 से उन्हें संबल योजना में उन्हें शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयः योजना में शामिल किया गया है। गरीब बहनों को गर्भावस्था के समय काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण भी मिलता रहेए यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने ऐसी बहनों को 16 हजार रूपए देने की व्यवस्था की है।

मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से जुड़े संबल योजना के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने मंदसौर की अंजली रैकवारए खरगोन की प्रेमलता कर्माए शहडोल की मन्नू ढीमरए दतिया की कल्लन वाल्मीकए सीहोर की शिव कुमारी से बातचीत की। अंजली रैकवार के पति के निधन पर 4 लाख रूपए तथा शेष चार हितग्राहियों को 2.2 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री डॉण् यादव से चर्चा में मंदसौर की अंजली रैकवार ने बताया कि इस सहायता से उन्हें पर्याप्त सहारा मिला और वे अब ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख रही हैं। शहडोल की मन्नू ढीमर ने बताया कि वे छोटी किराना दुकान संचालित कर रही हैं।

## जरूरतमंदों की जरूरत के समय मदद करती है संबल योजना : मंत्री पटेल

श्रमए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव का योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना वर्ष 2018 में प्रारंभ हुई थी। सरकार की यह योजना जरूरतमंदों की मदद करने वाली योजना है। योजना के प्रारंभ से अब तक 5 हजार 927 करोड़ रुपए का लाभ हितग्राहियों को मिल चुका है। उन्होंने कहा कि योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए की राशिए सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है। स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थाई अपंगता पर 1 लाख रुपए की राशि श्रमिक परिवारों को दी जाती है। मंत्री पटेल ने कहा कि आज 23 हजार 162 प्रकरणों में श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉण् यादव के मार्गदर्शन में योजना का बैकलॉग खत्म किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में कई जिले ऐसे हैं जहां हितग्राहियों को 10 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि औसतन प्रति माह 3०5 हजार प्रकरणों का निराकरण संबल योजना के तहत किया जाता है।

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा, 29 मार्च 2025 चैत्र कृष्ण 15 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



॥गीता॥

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन।
इन्द्रियार्थान्विमूढ़ात्मा मिथ्याचारः स उच्यते॥

**भावार्थ :** जो मूढ़ बुद्धि मनुष्य समस्त इन्द्रियों को हठपूर्वक ऊपर से रोककर मन से उन इन्द्रियों के विषयों का चिन्तन करता रहता है, वह मिथ्याचारी कहा जाता है।

# मानवीय दृष्टिकोण से की जाएं न्याय की टिप्पणियां

कई बार अदालतों के सामने कुछ मामलों में कानून के बारीक बिंदुओं की व्याख्या करने में अड़चन आ जाती है, मगर यह ऐसा कोई मामला नहीं था, जिसमें कोई दिक्कत पेश आई होगी। महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में फैसला देते वक्त अदालतों से घटना, तथ्यों और प्रमाणों पर संवेदनशील तरीके से विचार करने की अपेक्षा की जाती है। मगर विचित्र है कि कई बार निचली अदालतें ऐसे मामलों में पूर्वाग्रहपूर्ण निर्णय सुना देती हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का एक नाबालिग के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामले में आया फैसला उसी का ताजा उदाहरण है। अदालत ने इस संबंध में फैसला दिया कि संबंधित लड़की के साथ जो किया गया, उसे बलात्कार नहीं कहा जा सकता। उचित ही, स्वतः संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इस फैसले पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इस फैसले पर खेद प्रकट करते हुए इसमें संवेदनशीलता की कमी रेखांकित की है और न्यायाधीश की टिप्पणियों को असंवेदनशील एवं अमानवीय दृष्टिकोण वाला बताया है। यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों में तो उन्हें घूरने, गलत इशारे करने, पीछा करने आदि को भी आपराधिक कृत्य माना गया है। फिर उस लड़की के मामले में हर पहलू पर विचार क्यों नहीं किया गया! यह ठीक है कि कई बार अदालतों के सामने कुछ मामलों में कानून के बारीक बिंदुओं की व्याख्या करने में अड़चन आ जाती है, मगर यह ऐसा कोई मामला नहीं था, जिसमें कोई दिक्कत पेश आई होगी।

**यह बात किसी के गले नहीं उतर पा रही कि जब पाक्सो कानून में स्पष्ट रूप से किसी बच्चे के साथ गलत हरकतों को आपराधिक कृत्य माना गया है, तब कैसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को न्यायिक विवेचन करते समय यह गंभीर दोष नहीं जान पड़ा।**

महिलाओं के सम्मान और गरिमा के प्रति सर्वोच्च न्यायालय संवेदनशील रहा है। इसका बड़ा उदाहरण पिछले वर्ष देखा गया, जब सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ शब्दों की सूची बना कर देश की सभी अदालतों में प्रसारित किया था।

इसके बावजूद अगर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंधित न्यायाधीश ने महिला अस्मिता से जुड़े अहम पक्षों को सरसरी ढंग से देखने का प्रयास किया, तो उस पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

फिर, जांच में पूर्वाग्रह, दबाव, साठगांठ आदि के चलते पर्याप्त सबूत न मिल पाने के कारण दोष सिद्धि की दर बहुत कम रहना भी चिंता का विषय है। ऐसे में अगर अदालतें खुद अपने फैसलों में संकुचित दृष्टिकोण दिखाएंगी, तो ऐसे मामलों पर लगाम लगने का भरोसा भला कैसे बन सकेगा।

# पैरोडी को 'सुपारी कॉमेडी' बताने के मायने और सियासत

अभिव्यक्ति

कुणाल कामरा किस स्तर के कॉमेडियन हैं और उनके तेवर क्या है, इन सवालों को थोड़ा अलग रखें तो प्रश्न उठता है कि उनकी पैरोडी पर भी जिस तरह महाराष्ट्र में शिंदे सेना ने बहुत ज्यादा गंभीरता से लेकर कामरा के स्टूडियो में तोड़फोड़ की और उन्हें घर से बाहर न निकलने की धमकी दी, उससे क्या कामरा का ही महत्व नहीं बढ़ा है?

कामरा द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाकर रचे गए जिस पैरोडी गीत पर शिंदे समर्थक भड़के, उसकी शब्दावली पर गौर करें तो इससे ज्यादा खराब भाषा शिंदे के खिलाफ उनके पुराने आका उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने सार्वजनिक रूप से बार-बार इस्तेमाल की है। लेकिन शिंदे सेना ने उन पर तो कभी हमला करने की हिम्मत नहीं दिखाई। लेकिन जब वे ही शब्द कुणाल ने 'दिल तो पागल है' के टाइटल सांग की तर्ज पर बतौर पैरोडी इस्तेमाल किए तो बवाल खड़ा किया गया। यही नहीं, स्वयं एकनाथ शिंदे ने कुणाल की पैरोडी का परोक्ष स्वीकार करते हुए कहा कि 'व्यंग्य तो हम भी समझते हैं। लेकिन कुणाल ने जो किया, वह 'सुपारी कॉमेडी' है।

शिंदे का आशय था कि कुणाल ने 'किसी' के इशारे पर यह सब किया है, लेकिन इस 'किसी' का खुलासा उन्होंने भी नहीं किया। उधर कामरा को उद्धव सेना का खुला समर्थन मिलने और विपक्ष द्वारा 'कॉमेडी' को लेकर राज्य में सत्तापक्ष की असहिष्णुता की आलोचना के बाद कामरा की हिम्मत और खुल गई है। उन्होंने साफतौर पर कहा 'मैं माफी नहीं मांगूंगा।'

उल्टे उन्होंने इसी तरह का एक और वीडियो वायरल कर दिया। इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की भूमिका दोहरी है। एक तरफ उन्होंने स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले शिंदे समर्थकों के खिलाफ एफआईआर करवाई तो दूसरी तरफ शिंदे के खिलाफ इस तरह की पैरोडी की आलोचना भी की।



**कामरा द्वारा रचे गए जिस पैरोडी गीत पर शिंदे समर्थक भड़के, उसकी शब्दावली पर गौर करें तो इससे ज्यादा खराब भाषा उनके पुराने आका उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने सार्वजनिक रूप से बार-बार इस्तेमाल की है।**

अजय बोकिल

इसमे दो राय नहीं कि आज समाज में जिस तरह की असहिष्णुता बढ़ रही है, संवेदनशीलता घट रही है, उससे कॉमेडी बची रहे यह नामुमकिन सा है। शाब्दिक वार-पलटवार मीठी चिकौटियों के दिन शायद लद गए हैं। हर मामले में बात लट्ठ भाषा में ही करने का चलन और दुराग्रह है। ऐसे में कॉमेडियनों का मुश्किल में आना स्वाभाविक ही है। खासकर उन कॉमेडियनों का, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राजनीतिक टिप्पणियां भी करते हैं। मसलन अगर किसी को 'पप्पू' कह देना एक के लिए गहरा और ओछा व्यक्तिगत कटाक्ष है जो कई लोगों के मन को वह गुदगुदाता भी है। इसी तरह से तो 'फेकू' कहने से एक वर्ग गदगद होता है तो दूसरा बड़ा वर्ग इसे बौखलाहट में किया गया करार देता है। सारांश ये कि यदि मैं कहूं तो तो 'कॉमेडी' और तू कहे तो 'दुर्भाव।'

यूं कॉमेडी के कई रूप हैं। लेकिन एकनाथ शिंदे ने जिस 'नई विधा' का उल्लेख किया है, वह है- 'सुपारी कॉमेडी।' जहां तक व्यंग्य- विनोद की बात है तो एकनाथ शिंदे की मातृभाषा मराठी में यह आम बात है। मराठीभाषी होते हुए भी शिंदे ने कुणाल की पैरोडी को अन्यथा लिया तो उनका मानना है कि कुणाल की पैरोडी राजनीति से प्रेरित है, इसीलिए 'सुपारी पैरोडी' है। तो क्या शिंदे यह कहना चाहते हैं कि इस तरह की पैरोडी किसी की चरित्र हत्या की मंशा से की जा रही है?

इसका एक संदेश यह भी है कि हम राजनेताओं को तो एक दूसरे को यथा संभव निकृष्ट शब्दों में कोसने- गरियाने का जन्मजात अधिकार है, लेकिन एक कॉमेडियन ऐसा दुस्साहस कैसे कर सकता है? और वो भी किसी सत्ताधीश पर? अगर वह अपनी औकात में नहीं रहेगा तो उसकी वही गत बनेगी, जो कामरा की हुई है। सवाल यह भी है कि कुणाल कामरा ने इसी वक्त एकनाथ शिंदे पर पैरोडी क्यों की? जब वो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे, तब भी 'सुपारी कॉमेडी' की जा सकती थी। हालांकि कॉमेडी में किसी किस्म की गद्दारी नामुमकिन है। आदमी वहां या तो हंसेगा या मुंह छिपाएगा। आज देश में कुणाल की तरह पांच सौ से अधिक स्टैंड अप कॉमेडियन बताए जाते हैं, जो अपनी शिष्ट अथवा घटिया कॉमेडी से लोगों को हंसाने का दावा करते हैं। कॉमेडियनों दवारा लोगों को हंसने-हंसाने का यह कारोबार करीब 60 हजार करोड़ रुपये का है। विडंबना यह है कि जहां एक तरफ लोग पैसे देकर कॉमेडी शो पर हंस रहे हैं तो दूसरी तरफ जर जरासी बात पर एक दूसरे की जान लेने में भी नहीं हिचक रहे हैं। सह्रदयता पर कूरता और मनोरंजन पर निष्ठुरता हावी होती जा रही है।

कुणाल की अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता है। जो उन्हें शिंदे के विरोधी वैचारिक खेमे में बिठाती है। बावजूद इसके कुणाल की पैरोडी का जवाब प्रति-पैरोडी से भी दिया जा सकता था। उसके लिए लठ ही भांजा जाए, जरूरी नहीं है। उस पैरोडी की उपेक्षा भी की जा सकती थी। शाब्दिक वार के हिंसक जवाब से तंज की धार कम नहीं होती।

# 15 फीसदी आबादी को जोड़ने की पहल 'ईदी'

प्रसंगवश

प्रधानमंत्री मोदी मुसलमानों में 'ईदी' की सौगात बंटवा रहे हैं। इसे 'सौगात-ए-मोदी' नाम दिया गया है। सौगात के तौर पर एक विशेष किट में महिलाओं के सूट का कपड़ा, मर्दों के लिए कुर्ता-पायजामा, सेवइयां, खजूर, मेवे, चीनी और चावल रखे गए हैं। किट पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र प्रमुखता से उसी तरह छापा गया है, जिस तरह 'मुफ्त अनाज' वाली योजना के बैग पर छपा है। अलबत्ता प्रधानमंत्री के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कुछ टोपीधारी मुस्लिम चेहरे भी छापे गए हैं। किट पर 'भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा' का नाम भी छपा है। प्रधानमंत्री के इस प्रयास के जरिए भाजपा की निगाहें 32 लाख गरीब मुसलमानों पर टिकी हैं। पार्टी के करीब 32,000 पदाधिकारी इतनी ही मस्जिदों के संपर्क में हैं, ताकि पात्र मुसलमान को चिह्नित किया जा सके।

सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, करीब 32 फीसदी मुसलमान अनपढ़ और 30 फीसदी गरीब हैं। मुसलमानों में 'पसमांदा' समुदाय है, जिसके 80 फीसदी से अधिक लोग गरीब बताए जाते हैं। प्रधानमंत्री भी अक्सर 'पसमांदा मुसलमानों' का जिक्र करते रहे हैं। उस लिहाज से 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' देना बहुत कम संख्या है। फिर भी एक ऐसा प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा और आरएसएस को भी बहुत पहले करना चाहिए था। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' नारा भी कितना चरितार्थ होगा, इसका आकलन ईद के बाद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अप्रैल को 'बैसाखी' और 18 अप्रैल को 'गुड फ्राइडे' के दिन भी ऐसी ही किट बांटने का निर्णय लिया है।

सवाल है कि 'सौगात-ए-मोदी' के जरिए देश की करीब 15 फीसदी आबादी के एक तबके को राजनीतिक, सामाजिक और सामुदायिक तौर पर भाजपा के साथ जोड़ा जा सकता है? मुसलमान 'जनसंघ' के दिनों से ही इस हिंदूवादी विचारधारा की पार्टी के खिलाफ रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को देशभर में औसतन 10 फीसदी मुस्लिम वोट मिले थे, जबकि विपक्ष के 'इंडिया गठबंधन' के पक्ष में 65 फीसदी मुसलमानों ने वोट दिए थे, प्रधानमंत्री मोदी की 11 साला सत्ता के दौरान औसतन 8 फीसदी मुस्लिम मत ही भाजपा की झोली में आते रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1.30 करोड़ लाभार्थी मुसलमान हैं। 'किसान सम्मान राशि' योजना में भी करीब एक-तिहाई लाभार्थी मुसलमान ही हैं। 'तीन तलाक' सरीखा आपराधिक कानून मोदी सरकार ने ही पारित कराया था।

मोदी सरकार की कई योजनाएं मुसलमानों पर ही केंद्रित हैं, लेकिन उस अनुपात में मुसलमानों ने भाजपा को 'चुनावी समर्थन' नहीं दिया है। कांग्रेस ने 'सौगात-ए-मोदी' को एक छलावा, फेंका हुआ टुकड़ा करार दिया है।




**'सौगात-ए-मोदी' के जरिए देश की करीब 15 फीसदी आबादी के एक तबके को राजनीतिक, सामाजिक और सामुदायिक तौर पर भाजपा के साथ जोड़ने की पहल है।**

# दुबारा मनमानी पर उतरा इजराइल, दहला गाजा

अन्तर्राष्ट्रीय

गाजा इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। वहां कोई मानवीय सहायता भी नहीं पहुंच पा रही है। कई महीने से चल रहे इस युद्ध में अब तक एक लाख से अधिक नागरिक घायल हो चुके हैं। पचास हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

संघर्ष विराम तोड़ने के बाद इजराइल दुबारा मनमानी पर उतर आया है। उसने ताबड़तोड़ हवाई हमले कर गाजा को फिर से दहला दिया है। इसका खमियाजा उन हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है जो शरणार्थी शिविरों, अस्पतालों या धार्मिक स्थलों में शरण लिए हुए हैं।

इजराइल, रिहाइशी इलाकों पर भी लगातार हमले कर रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि हमास के आतंकवादी घनी आबादी में छिपे हुए हैं। युद्ध के भी कुछ नियम हैं। मगर वह इन्हें मानने को तैयार नहीं है। वह हमास के आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार इमारतों, अस्पतालों, विद्यालयों और शरणार्थी शिविरों को निशाना बना रहा है। दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला कर इजराइल ने स्पष्ट कर दिया कि उसे मानवता से कोई लेना-देना नहीं और न ही वह कोई नियम मानेगा। हैरत की बात है कि अमेरिका ने उसे पहले ही छूट दे रखी है। इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है गाजा। वहां कोई मानवीय सहायता भी नहीं पहुंच पा रही है। कई महीने से चल रहे इस युद्ध में अब तक पचास हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। युद्ध की आग में तप रहे गाजा में जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। मानवाधिकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ज्यादातर बड़े देश चुप हैं, तो आखिर इसकी वजह क्या है और क्या उन्होंने इजराइल को मनमानी की अनुमति दे दी है? क्षत-विक्षत हो रहे गाजा को पूरी दुनिया देख रही है। युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। इजराइल आखिर कब तक मनमानी करता रहेगा? प्रतिशोध की भी एक सीमा है।



**संघर्ष विराम तोड़ने के बाद इजराइल दुबारा मनमानी पर उतर आया है। उसने ताबड़तोड़ हवाई हमले कर गाजा को फिर से दहला दिया है।**

# नए विधेयक में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की भावना

सामयिक

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यहवक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है।

ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं।

वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।

2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है।

रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नए प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किए गए हैं।



**वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है।नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए।**

हर्ष रंजन

## SUDOKU 83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | | | | 9 | 8 | 6 |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | 3 | | 6 | | 1 | |
| 9 | 8 | | 6 | | 7 | | 3 | 1 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | 1 | | 3 | | 2 | 9 |
| | 6 | | 9 | | 4 | | 7 | |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | 2 | | | | 4 | 9 | 3 |

## SOLUTIONS 82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। रोजी-रोजगार में तरक्की मिलने के योग हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है।

**वृषभ :** आज धैर्य से काम लेना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्यों को टाल देना चाहिए। मन परेशान भी हो सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** आज मन परेशान रहेगा। संतान की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**कर्क :** आज आर्थिक तौर पर सतर्क रहना चाहिए। आत्म विश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के क्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह :** आज किसी सुखद समाचार की प्राप्ति हो सकती है। मन में उतार-चढ़ाव हो सकता है। परिवार में सुख-शांति रहेगी। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं।

**कन्या :** आज मन अशांत रहेगा। मन में निराशा व असंतोष रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में सम्मान की वृद्धि होगी। कारोबार में बदलाव के योग हैं।

**तुला :** आज मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। आर्थिक रूप से स्थिति बेहतर रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मौके मिलेंगे। मान-सम्मान की वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कारोबार का लाभ मिलेगा।

**धनु :** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। आय वृद्धि होगी।

**मकर :** आज बेवजह गुस्से से बचना चाहिए। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। कारोबार में सुधार होगा। लाभ के मौके मिलेंगे। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** आज मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। किसी दूसरे स्थान पर जाने का योग है। नौकरी में उन्नति मिल सकती है।

**मीन :** वाणी के प्रभाव से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का मन बन सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

# दस करोड़ रुपए के घाटे से उबरने बीयू बढ़ाएगा प्रवेश, खर्च में करेगा कटौती

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गुरुवार को नौ करोड़ 79 लाख का घाटे का बजट पेश किया गया है। 2025-26 सत्र में बीयू अनुमानित आय 125 करोड़ रुपए और व्यय 135 करोड़ प्रस्तावित किया गया है। करीब दस करोड़ के घाटे से उबरने बीयू अपने खर्चों में कटौती करेगा। यहां तक कि विद्यार्थियों की प्रवेश संख्या में बढ़ोतरी करने का प्रयास करेगा। बीयू को परिणामों को लेकर शासन से लताड़ लग चुकी है। इसलिए बीयू ने सभी परीक्षाओं का मूल्यांकन डिजिटल मोड़ पर कराने का निर्णय लिया है, इसके लिए बजट में करीब 18 करोड़ का प्रावधान है। बीयू में गुरुवार को कार्य परिषद में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया गया। इसमें 125 करोड़ 63 लाख की आय और 135 करोड़ 43 लाख 25 हजार का व्यय अनुमानित किया गया है। 9 करोड़ 79 लाख 26 हजार रुपये का घाटा दिखाया गया है, जिसे विवि प्रवेश संख्या बढ़ाकर और खर्चों पर नियंत्रण रखकर पूरा करने का प्रयास करेगा। बजट में शोधार्थियों के लिए विभिन्न अध्ययन शालाओं में रिसर्च एवं विशेष साइंटिफिक उपकरणों और फेलोशिप के लिए 75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## शिक्षकों को मिलेगा सातवां वेतनमान

शिक्षकों के लिए बजट में 7वें वेतनमान के तहत 1 करोड़ 30 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। बीयू के कर्मचारियों को गंभीर बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता देने के लिए 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। बीयू अपनी प्रेस को प्रारंभ करने जा रहा है।

जीवन दर्शन

# अनजाने भय से डरने से रोकें खुद को



कई बार होता है कि हमारे मन में एक अनजाना डर बसा होता है। हमें न तो उस डर के स्रोत की जानकारी होती है और ना ही इस बात की जानकारी की वो डर उनके जीवन में क्यों है। लेकिन वो डर इस तरह से बसा होता है कि लोगों के जीवन की गुणवत्ता खराब हो जाती है। वो हमेशा डर के साये में जीते हैं। अज्ञात का भय व्यक्ति को जीवन के नए अवसरों और अनुभवों से वंचित कर सकता है। डर का विश्लेषण करने से हम इसके स्रोत को पहचान सकते हैं और इसे बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं। पॉजिटिव दृष्टिकोण अपनाने से अज्ञात को नए अनुभवों के रूप में देखने में मदद मिल सकती है।

किसी बड़े बदलाव की ओर कदम-दर-कदम बढ़ना और जानकारी इकट्ठा करना आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक है। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने और ध्यान तथा गहरी सांस लेने से डर को कम किया जा सकता है। कोई अनजाना डर या अज्ञात का भय सबसे शक्तिशाली भय होता है और यह वक्त और उम्र के साथ बढ़ता जाता है। अज्ञात से डरना तब उत्पन्न होती है जब हम किसी ऐसी स्थिति, व्यक्ति, या भविष्य के बारे में अनिश्चित महसूस करते हैं, जिसे हम पूरी तरह से समझ नहीं पाते। ये डर बहुत खतरनाक होता है कि क्योंकि डर का कारण और स्रोत की हमें सही जानकारी नहीं होती। बस मन डरता रहता है। इस डर का नुकसान है कि यह डर हमें जीवन के नए अवसरों और अनुभवों से वंचित कर सकता है। इसे रोकने या नियंत्रित करना बेहद जरूरी है वरना मन हमेशा मानसिक और भावनात्मक रूप से परेशान रहता है।

**जिला पंचायत की बैठक में हंगामा**

# यादव सरनेम की धौंस देते हैं बिजली कंपनी के डीजीएम : जपं अध्यक्ष

## अध्यक्ष बिना बिल चुकाए मीटर जोड़ने का बना रहे दबाव: डीजीएम

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** गुरुवार को जिला पंचायत दफ्तर में हुई बैठक में यादव सरनेम का मुद्दा जमकर गूंजा। इस दौरान भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री पंकज यादव पर यादव सरनेम का उपयोग कर धौंस जमाने के आरोप लगाए। जनपद अध्यक्ष ने बैठक के दौरान ईई पंकज यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप पहले यादव बोलते हो और बाद में पंकज बोलते हो। सीएम यादव हैं तो क्या आप भी यादव हो गए? इस मामले में मैं सीएम डॉ. मोहन यादव से शिकायत करूंगा। वहीं ईई पंकज यादव ने कहा, आरोप गलत हैं, वे नियमानुसार ही बिजली बिल कनेक्शन काट रहे हैं। बता दें कि दो माह की जगह 4 माह 16 दिन में हुई बैठकजनप्रतिनिधियों के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट और सदस्य विनय मेहर ने भी बिजली बिल कनेक्शन काटने का मुद्दा उठाया और कहा कि पूरा एक गांव अंधेरे में डूब गया है। मामले में दैनिक जागरण ने बिजली कंपनी के ईई पंकज यादव से भी बातचीत की और उनका पक्ष जाना।



बिजली कनेक्शन काटने को लेकर नाराजगी जताते जनपद अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत।

### गर्मी आते ही गांवों में शुरू हुई पानी की किल्लत

गर्मी शुरू होते ही गांवों में पेयजल संकट शुरू हो गया है। दरअसल पीएचई द्वारा लगाए गए हैंडपंप और बोरवेल को रिचार्ज करने की व्यवस्था हीं नहीं की गई है, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के 10 से ज्यादा हैंडपंप सूख गए हैं और लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इसी बात को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन जाट पीएचई के इंजीनियर संजय सक्सेना पर नाराज हुए। दूसरी ओर पीएचई का तर्क है कि हैंडपंप और बोरवेल लगाने के बाद इसके रिचार्ज की भी व्यवस्था की जानी चाहिए। जनप्रतिनिधि बोरवेल करवाते हैं, लेकिन रिचार्ज की व्यवस्था नहीं करते हैं। रिचार्ज की व्यवस्था करवाई जाए, इससे पानी का लेवल बेहतर हो जाएगा और गावों में पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। इसके अलावा बैरसिया सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति का मुद्दा भी जमकर गूंजा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने डॉक्टरों की कमी की बात कही। सदस्यों ने यहां पर एक महिला व पुरुष डॉक्टर की नियुक्ति की मांग की।


पीएचई के सक्सेना से जिपं उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट सभा में ही भिड़ गए।

### सीधी बात : पंकज यादव डीजीएम, ओएंडएम भोपाल

■ **आप पर यादव सरनेम के दुरुपयोग का आरोप है कि आप उपनाम की धौंस दिखाते हैं?**

लगाया गया आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। मेरे पूरे कैरियर में कभी भी जाति का कोई मुद्दा नहीं बना। जो आरोप लगा रहे हैं, वे इसके साक्ष्य प्रस्तुत करें।

■ **इस आरोप के साथ पूरे गांव की बिजली काटने का भी आरोप लगाया जा रहा है?**

एक क्षेत्र है, वहां 34 मीटर कनेक्शन में 34 के 34 बकायादार थे। उनकी बिजली काटी थी। यह मामला भी 12-13 मार्च का है। अब बिना बिल चुकाए मीटर तो जोड़ नहीं सकते ना।

■ **कई क्षेत्रों में आपने जबरदस्ती लोगों के घरों की बिजली काटी है, ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं?**

हमारे द्वारा जबरदस्ती बिजली काटने के साक्ष्य दें। एक भी कनेक्शन ऐसा नहीं है, जिसे बिल चुकाने के बाद काटा गया हो। जबकि हमारे ऊपर बिना बिल लिए कनेक्शन जोड़ने का दबाव बनाया जा रहा था। मेरे और मेरी टीम के पास इसके सभी साक्ष्य मौजूद हैं। जरूरत पड़ने पर इसे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दूंगा।

**कांग्रेस विधायक के सांड वाले बयान ने पकड़ा तूल**

# संतों ने विधायक को कहा राक्षस विधायक ने बयान पर दी सफाई

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस विधायक राजेन्द्र कुमार सिंह के एक बयान से बवाल मच गया है। उज्जैन में जहां साधु संतों ने विधायक को राक्षस करार दिया। उन्होंने विधायक का सिर काटने और दौड़ा-दौड़ा कर पीटने की बात भी कही, तो वहीं विधायक सिंह ने अपने बयान पर सफाई दी। बुधवार को कांग्रेस के कार्यक्रम में अमरपाटन विधायक राजेन्द्र कुमार सिंह के बयान पर गुरुवार को उज्जैन सहित दूसरे नगरों से विरोध के स्वर सुनाई दिए। उज्जैन में वहां के महामंडलेश्वर, महंत और साधु-संतों ने विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ सांधु-संतों ने सिंह को सबसे घटिया विधायक बताते हुए कहा कि उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जाएगा। संत शिवदास त्यागी ने कहा कि साधु-संतों को सांड बोलना गलत है। अगर हमारे महामंडलेश्वर आदेश करेंगे तो ऐसे राक्षस प्रवृत्ति के विधायक का सर काटने का काम युवा साधु करेंगे। उन्होंने विधायक से माफी मांगने को कहा। इस बयान को लेकर सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कांग्रेस नेतृत्व से विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा यदि कांग्रेस इस मामले में कोई कदम नहीं उठाती है, तो इसे पार्टी का आधिकारिक बयान माना जाएगा। कांग्रेस हिंदू देवी-देवताओं और सनातन धर्म का लगातार अपमान कर रही है। अब तो हद हो गई, हमारे पूज्य साधु-संतों की तुलना सांडों से की जा रही है।

### वीडियो के जरिए दी सफाई

विधायक राजेन्द्र कुमार सिंह ने गुरुवार को एक वीडियो वायरल कर अपने बयान पर सफाई दी। उन्होंने वीडियो में कहा कि मेरी बात की लोगों ने अलग-अलग व्याख्या की है। साधु-संतों महामंडलेश्वर का काम किसी पार्टी का काम करना नहीं है। साधु-संतों को किसी दल से सहानुभूति हो सकती है, लेकिन प्रचार करना ठीक नहीं है। हम लोग सभी धर्म को मानने वाले लोग हैं।

# सौरभ और उसकी मां की बढ़ीं मुश्किलें

## झूठे शपथपत्र से नौकरी लेने का मामला: ग्वालियर पुलिस ने मांगा लोकायुक्त से रिकॉर्ड

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद सुर्खियों में आए परिवहन विभाग के करोड़पति आरक्षक सौरभ शर्मा और उसकी मां उमा शर्मा की मुश्किलें अब बढ़ गई हैं। ग्वालियर के सिरोल थाने में झूठे शपथपत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने की एफआईआर दर्ज होने के बाद इसमें एक बार फिर लोकायुक्त पुलिस की एंट्री हो गई है। ग्वालियर पुलिस ने भोपाल के लोकायुक्त कार्यालय को पत्र लिखकर सौरभ शर्मा के यहां छापों में बरामद किए गए सर्विस रिकॉर्ड की डिटेल मांगी है। गौरतलब है कि सौरभ ने पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए दिए गए हलफनामे में अपने बड़े भाई सचिन शर्मा का प्राइवेट जॉब बताया था, जबकि वह पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी कर रहे थे। परिवहन विभाग द्वारा सौरभ शर्मा पर छापे के बाद मामला सुर्खियों में आने के बाद विभाग की डिप्टी कमिश्नर किरण कुमार शर्मा ने इसकी जांच की थी। आरोप सही पाए जाने पर इस मामले को ग्वालियर पुलिस को सौंपा गया था।



### दस्तावेजों पर किए हस्ताक्षरों का होगा मिलान

ग्वालियर पुलिस द्वारा की जा रही प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि सौरभ के साथ उसकी मां उमा शर्मा द्वारा भी दिए गए एफिडेविट में झूठी जानकारी दी गई। दोनों ने शपथ पत्र में सौरभ के बड़े भाई सचिन शर्मा के छत्तीसगढ़ में वित्त विभाग में कार्यरत होने की बात छिपाते हुए लिखा था कि वह निजी नौकरी करते हैं। अब पुलिस इन दोनों शपथपत्रों पर किए गए सौरभ और उमा शर्मा के हस्ताक्षरों की भी जांच करेगी। यह सर्विस रिकॉर्ड छापे के दौरान भोपाल की लोकायुक्त पुलिस ने जब्त किया था। भोपाल स्थित लोकायुक्त कार्यालय को फिलहाल ग्वालियर पुलिस का पत्र नहीं मिला है, लेकिन बताया जा रहा है कि लेटर मिलते ही सौरभ शर्मा का सर्विस रिकॉर्ड ग्वालियर पुलिस को भेज दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुणे के हडपसर के लिए आरकेएमपी से विशेष ट्रेन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 01667/01668 रानी कमलापति-हडपसर- रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (12-12 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-हडपसर विशेष ट्रेन 10 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 8:35 बजे प्रस्थान कर 9:33 बजे नर्मदापुरम, 10 बजे इटारसी, 10:58 बजे हरदा एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन रात 12:30 बजे हडपसर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01668 हडपसर- रानी कमलापति विशेष ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 6:30 बजे हडपसर स्टेशन से प्रस्थान कर शाम 7:03 बजे हरदा, रात 9 बजे इटारसी, 9:28 बजे नर्मदापुरम एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद रात 10:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी जंक्शन, हरदा, खंडवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, मनमाड़ जंक्शन, कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड चॉर्ड लाइन, हडपसर स्टेशनों पर रुकेगी।



### सिंगरौली में भूकंप के झटके 3.5 रिक्टर रही तीव्रता

**जागरण, सिंगरौली।** सिंगरौली में गुरुवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई। भूकंप का झटका दोपहर 3.07 बजे आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके सिंगरौली के साथ आसपास के जिलों में भी महसूस किए गए। इनमें सीधी, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर और छत्तीसगढ़ के कुछ जिले शामिल हैं। झटके लगते ही लोग घरों से निकल आए और सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। हालांकि, कुछ लोगों को धरती की कंपन का अहसास नहीं हुआ। किसी तरह जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक रिक्टर स्केल पर 3-7 तीव्रता वाले भूकंप को हल्के दर्जे का माना जाता है। इस तीव्रता में नुकसान की संभावना बहुत कम होती है। पिछले महीने 17 फरवरी को भी सुबह 8.02 बजे सिंगरौली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। डेढ़ महीने में दूसरी बार भूकंप आने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

### स्कूलों के रजिस्टर्ड किरायानामा पर रोक

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अंतरिम आदेश के जरिए स्कूलों के रजिस्टर्ड किरायानामा की शर्त पर रोक लगा दी। राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने छह सप्ताह का समय दे दिया। दरअसल, 2009 के निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 2011 में मप्र में यह अधिनियम लागू किया गया। तब रजिस्टर्ड किराया नामा व सुरक्षा निधि और प्रत्येक वर्ष का मान्यता शुल्क ऐसे कोई भी नियम निर्धारित नहीं किए गए थे। 20 से 25 वर्षों से संचालित स्कूल रजिस्टर्ड किरायानामा के कारण स्थाई रूप से बंद होने की कगार पर आ गए थे। 30 से 40 प्रतिशत स्कूल संचालकों ने नोटरी कृत किरायानामा लगाकर आवेदन किया जिनकी मान्यता निरस्त हो रही हैं। नए नियमों से लगभग सात से आठ हजार स्कूलों के बंद होने की संभावना है। जिनमें कार्यरत कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं।

### इंटीग्रेटेड बूथ मैनेजमेंट सिस्टम से होंगे चुनाव

**विसं, भोपाल।** प्रदेश के अगले नगरीय निकायों के चुनाव इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से कराए जा सकते हैं। गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने ऐसे संकेत दिए। आयोग सचिव सिंह इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में आयोजित जिलों के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान के लिये व्यापक तैयारियां करनी पड़ती हैं।

# दिल्ली का जिला बदर बदमाश यूपी के तस्कर के साथ कर रहा था भोपाल में गांजा तस्करी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोपाल की क्राइम ब्रांच पुलिस ने मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार कर 6 किलो गांजा और एक रेनो कार जब्त की है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गोविंदपुरा इलाके में यह कार्रवाई करते हुए दिल्ली निवासी आदिल खान और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर निवासी अय्युब मलिक को हिरासत में लिया है। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के अनुसार, गोविंदपुरा सब्जी मंडी के पास एक कार में दो व्यक्तियों के गांजे की खेप के साथ ग्राहकों का इंतजार करने की सूचना मिली थी। इसे गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर कार को रोककर तलाशी ली। इस दौरान डिग्गी से दो कार्टून में खाकी रंग के टेप से लिपटे गांजे के छह पैकेट मिले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा के रास्ते बड़ी मात्रा में गांजा लाते थे और भोपाल में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक अय्युब मलिक उत्तर प्रदेश में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी है, जबकि उसका दूसरा साथी आदिल खान जिला बदर का आरोपी है, जो नियमों का उल्लंघन कर भोपाल में घूम रहा था।

**कार के साथ गिरफ्तार ओडिशा कनेक्शन का खुलासा**

# रतलाम में चली लू, भोपाल में 38.8 डिग्री पहुंचा तापमान

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में गर्मी के तेवर तेज होने लगे हैं। कई जिलों में पारा 38 से लेकर 40 डिग्री के बीच पहुंच गया है। गुरुवार को रतलाम जिले में लू चली। मौसम विभाग ने पुष्टि करते हुए एडवाइजरी जारी कर दी है। पिछले 2 दिन से प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा है। दिन में तीखी धूप खिल रही है। इस कारण लोग बचने के तरीके ढूंढते हैं। दूसरी ओर, कई शहरों में पारा सामान्य से 1 डिग्री से 4.5 डिग्री तक अधिक है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में भी दिन का तापमान बढ़ गया है। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कई शहर में पारा 22 डिग्री तक चल रहा है।

### मार्च के आखिरी दिनों में चल सकती है लू

मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू का असर रहने की संभावना है। जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार आदि शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।

### एक इंस्पेक्टर, तीन आरक्षकों का तबादला

**जागरण, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने दतिया में पदस्थ कार्यवाहक इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह कुशवाह का तबादला भोपाल नगरीय पुलिस में किया है। इसके अलावा आरक्षक अनामिका सिंह का सीहोर से भोपाल नगरीय पुलिस, राखी तोमर का नगरीय भोपाल से ग्वालियर और रामवरन गुर्जर का सागर से ग्वालियर ट्रांसफर किया है। पीएचक्यू ने गुरुवार को इनके स्थानांतरण आदेश जारी किए।

### जल संरक्षण अभियान बनेगा जन आंदोलन

**विसं, भोपाल।** सरकार बारिश का पानी संरक्षित करने जल गंगा संवर्धन महाभियान की शुरुआत करेगी। 30 मार्च से शुरू होने वाला अभियान तीन माह तक जारी रहेगा, जिसमें प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा, वहीं 1 हजार नए तालाबों का निर्माण भी होगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अभियान की तैयारियों को लेकर कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए जाएंगे। ऐतिहासिकएवं धार्मिक महत्व के तालाबों, जल स्त्रोतों एवं देवालयों में कार्य किए जाएंगे। प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य होंगे। मुख्यमंत्री उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

# साल में दो बार होंगी एमपी बोर्ड की परीक्षाएं

## दसवीं-बारहवीं में सप्लीमेंट्री व्यवस्था भी की जाएगी खत्म, मांगे दावे-आपत्तियां

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र सरकार ने दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में सप्लीमेंट्री (पूरक) खत्म करने की तैयारी कर ली है। इसके अलावा अब साल में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिसके आधार पर वार्षिक परीक्षा का परिणाम तैयार किया जाएगा। यह निर्णय चालू शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 में की परीक्षा से ही लागू किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में मसौदा तैयार कर लिया है और 21 मार्च 2025 को जारी कर दिया है। सरकार की ओर से 15 दिन में दावे और आपत्तियां बुलाई गई हैं। जैसे ही उनका निराकरण हो जाता है वैसे ही वर्तमान में समाप्त हुई बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी कर दिए जाएंगे। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सीबीएसई की तरह साल में दो बार परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। एमपी बोर्ड की दसवीं-बारहवीं परीक्षा में हर साल 18 लाख के आसपास विद्यार्थी शामिल होते हैं। बोर्ड अभी साल में एक बार परीक्षा लेता है। यह परीक्षा फरवरी और मार्च में होती है। मुख्य परीक्षा के रिजल्ट के बाद जुलाई में सप्लीमेंट्री आयोजित की जाती है। अब इस पैटर्न को सरकार ने बदलने का निर्णय ले लिया है। अब परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत होगी। इसमें फरवरी और जुलाई में दो वार्षिक परीक्षाएं होंगी। उक्त दोनों परीक्षाओं में अच्छे नंबरों के आधार पर विद्यार्थियों की फाइनल मार्कशीट जारी की जाएगी। इसके लिए 21 मार्च को सरकार ने ड्राफ्ट जारी किया है, जिसको अंतिम रूप देने के लिए 15 दिन में दावे-आपत्तियां बुलाई गई हैं।



**गुजरात और छग में लागू है सिस्टम :** दो मुख्य परीक्षाओं का मॉडल गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है। माशिमं के द्विर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर दसवीं-बारहवीं बोर्ड के साथ यह नवमीं-ग्यारहवीं में भी लागू होगा। दो एग्जाम मॉडल का असर प्रदेश के करीब 36 लाख से ज्यादा विद्यार्थी पर पड़ेगा।

### ऐसा होगा दो परीक्षाओं का मॉडल

बोर्ड की बारहवीं परीक्षा में किसी विद्यार्थी ने गणित संकाय लिया। इस संकाय के आधार पर विद्यार्थी के बारहवीं में पांच विषय (मैथमेटिक्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री, हिंदी व अंग्रेजी) हैं। दो परीक्षाओं के माडल के अनुसार विद्यार्थी ने पहली वार्षिक परीक्षा फरवरी में दी। इसका रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यार्थी के मैथमेटिक्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री और हिंदी में अच्छे नंबर आए। अंग्रेजी में कम नंबर आए। इसके बाद मंडल की दूसरी परीक्षा जुलाई में आयोजित होगी। विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में सभी विषयों के पेपर दे सकते हैं या सिर्फ अंग्रेजी (जिस विषय में नंबर कम थे) के पेपर में शामिल हो सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थी का जो रिजल्ट बनेगा, उसमें अंग्रेजी के जिस परीक्षा में अच्छे नंबर थे, उसे शामिल किया जाएगा। यही पैटर्न फेल या सप्लीमेंट्री होने की स्थिति में अपनाया जाएगा।

> एमपी बोर्ड की साल में दो बार परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 15 दिना में दावे-आपत्तियां मांगी गई हैं। उनका निराकरण होने के बाद नई व्यवस्था के तहत रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।
>
> ■ **केडी त्रिपाठी**, सचिव, मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल

### आज जारी होंगे 5वीं-8वीं की परीक्षाओं के परिणाम

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मप्र में आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पर्टन परीक्षाओं के नतीजे शुक्रवार को दोपहर एक बजे घोषित किए जाएंगे। आरएसके संचालक हरजिंदर सिंह ने बाताया कि उक्त रिजल्ट पोर्टल पर जारी किया जाएगा। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण उक्त रिजल्ट आरएसके के वेबपोर्टल पर अपना रोल नंबर/समग्र आईडी अपलोड कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार रिजल्ट भी देख सकेंगे। आरएसके द्वारा वेब पोर्टल की लिंक क्यूआर कोड के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त परीक्षाओं का संचालन 24 फरवरी से पांच मार्च तक किया गया था। इसमें प्रदेश की सरकारी, निजी और पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 11 लाख 17 हजार से अधिक और कक्षा 8वीं के 11 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। करीब 22 लाख 85 हजार से अधिक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कुल 322 केन्द्र बनाये गए थे। मूल्यांकन केन्द्रों में 1 लाख 19 हजार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं के द्वारा अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज की गई है।

**सुविधा** | आरसीटीसी करेगा संचालन, घंटे के अनुसार यात्री कर सकेंगे बुक

# भोपाल स्टेशन पर बना होटल, 4 अप्रैल से शुरूआत

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मध्यप्रदेश का पहला पॉड स्टाइल होटल बनाया गया है। इस होटल का उद्घाटन 4 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसके बाद यात्रियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी। पॉड होटल की दरें अभी निर्धारित नहीं हुई हैं, लेकिन जल्द ही इनकी घोषणा की जाएगी। यह होटल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर नई बिल्डिंग में तैयार किया गया है। आपको बता दें कि पॉड स्टाइल होटल एक आधुनिक कॉन्सेप्ट है, जिसमें यात्रियों को एक छोटे केबिन (पॉड) के रूप में निजी स्थान उपलब्ध कराया जाता है। इसमें सोने, आराम करने और व्यक्तिगत सामान रखने के लिए पर्याप्त स्थान होता है। पॉड्स को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि यात्री कम खर्च में सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक ठहराव का अनुभव कर सकें। यह विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए उपयोगी है जो कम समय के लिए रुकना चाहते हैं या यात्रा के दौरान विश्राम की आवश्यकता होती है।

### मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

इस पॉड होटल में कुल 78 पॉड्स बनाए गए हैं, जिनमें 58 सिंगल पॉड और 20 फैमिली पॉड्स शामिल हैं। सिंगल पॉड एक व्यक्ति के लिए डिजाइन किया गया है, जिसकी जगह 5×7 फीट होगी। वहीं, फैमिली पॉड्स में दो वयस्क और दो बच्चे आराम से ठहर सकते हैं, जिससे परिवार के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प बन जाता है।

### ऐसे कर सकेंगे बुकिंग

आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रियों को बुकिंग के लिए पीएनआर नंबर देना होगा। रेलवे स्टेशन पर खुलने वाला यह पॉड होटल यात्रियों को आरामदायक और किफायती ठहराव प्रदान करेगा। खासकर उन यात्रियों के लिए यह उपयोगी होगा, जो कुछ समय के लिए विश्राम करना चाहते हैं या ट्रेन के लंबे इंतजार में बेहतर विकल्प खोज रहे हैं।

### यह सुविधाएं रहेंगी उपलब्ध

- हर पॉड में एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्री गर्मी से राहत पा सकेंगे।
- यात्रियों को इंटरनेट का सुचारु रूप से उपयोग करने के लिए हाई-स्पीड वाइ-फाइ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
- पॉड्स में आरामदायक बिस्तर और तकिए की व्यवस्था की गई है।
- स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट की सुविधा प्रदान की गई है।
- ठंड के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए गीजर लगाए गए हैं।
- यात्रियों के सामान की सुरक्षा के लिए लॉकर और लगेज रूम की सुविधा है।
- मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चार्ज करने के लिए प्रत्येक पॉड में चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध है।
- मनोरंजन के लिए प्रत्येक पॉड में टीवी की सुविधा दी गई है।
- यात्रियों की सुविधा के लिए पॉड्स में मेकअप मिरर उपलब्ध कराया गया है।
- सुरक्षा के लिए होटल परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था है।

# 92.70 फीसदी पांचवीं और 90 फीसदी रहा आठवीं का रिजल्ट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र (आरएसके) द्वारा आयोजित एमपी बोर्ड के 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं के रिजल्ट शुक्रवार को जारी कर दिए गए। कक्षा पांचवीं का 92.70 प्रतिशत और 8वीं का रिजल्ट 90.02 प्रतिशत रहा है। दोनों कक्षाओं में 1.98 लाख स्टूडेंट असफल हुए हैं। इनमें पांचवीं में 81,593 और आठवीं में 1,16,610 में छात्र फेल हुए हैं। इस तरह 1,98,203 स्टूडेंट्स को दोबारा परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा। उनकी पुनः परीक्षाएं होंगी। इसमें जो विद्यार्थी जिस विषय में फेल हैं, उन्हें मात्र उसी विषय की पुनः परीक्षा देना होगी। खुशी की बात यह रही कि बोर्ड परीक्षाएं होने के बाद भी पिछले वर्ष की अपेक्षा 5वीं का रिजल्ट करीब दो और 8वीं में तीन फीसदी अधिक रहा है। आरएसके के संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल पर वन क्लिक से परिणाम घोषित किया। उक्त परीक्षाओं में प्रदेश के करीब 1.12 लाख शासकीय व निजी स्कूल और मदरसों के करीब 22.85 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें कक्षा 5वीं के करीब 11.17 लाख तथा कक्षा 8वीं के करीब 11.68 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। कक्षा- 5वीं में 94.12 प्रतिशत बालिकाएं और छात्रों का 91.38 प्रतिशत रहा। कक्षा 8वी में 91.72 छात्राएं और 88.41 उत्तीर्ण हुए हैं।

### 5वीं में शहडोल संभाग, डिंडौरी जिला अव्वल

कक्षा 5वीं में टॉप 10 संभाग में क्रमशः शहडोल, चंबल, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन और सागर रहे। वहीं टॉप 10 जिलों में डिंडोरी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, अनूपपुर, झाबुआ, सीधी, सीहोर, अलीराजपुर और छिंदवाड़ा रहे।

### 8वीं में इंदौर संभाग व नरसिंहपुर जिला प्रथम

कक्षा 8वी के टॉप 10 संभागों क्रमशः इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल, चंबल, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा और सागर रहे। वहीं टॉप 10 जिलों में नरसिंहपुर, अलीराजपुर, डिंडोरी, झाबुआ, बालाघाट, अनूपपुर, सीहोर, छिंदवाड़ा, बडवानी, और मंडला रहे।

### ग्रामीण छात्रों ने शहरी विद्यार्थियों को पछाड़ा

दोनों कक्षाओं में गांवों के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने शहरी और महंगे स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पीछे छोड़ दिया है। 5वीं में ग्रामीण क्षेत्र का 93.97 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र का 89.15 प्रतिशत रहा।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ओका बोले-कानूनी बिरादरी को खामियां स्वीकारनी होंगी?

# आम आदमी का न्यायपालिका पर पूरा भरोसा नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस. ओका ने एक बयान में भारतीय न्यायपालिका और न्याय व्यवस्था पर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि देश में कितने केस पेंडिंग हैं और न्यायपालिका की वर्किंग कैसी है? उन्होंने यह भी बताया कि लोगों को भारतीय न्यायपालिका पर कितना भरोसा है? सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) द्वारा आयोजित 'भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न' नामक कार्यक्रम में जज ओका ने अपनी खुलकर कई मामलों पर बयान दिया। न्यायमूर्ति ओका ने कार्यक्रम में विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या पर बात की और




### 4.5 करोड़ मामले लंबित?


लंबित मामलों का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति ओका ने कहा, उनका व्यक्तिगत विचार है कि यह पूरी तरह से सही बयान नहीं हो सकता कि आम आदमी को न्यायपालिका की संस्था पर बहुत भरोसा है। उन्होंने कहा कि देशभर की जिला अदालतों में 4.50 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं।

उन्होंने सवाल किया कि क्या यह दावा किया जा सकता है कि न्याय प्रदान करने वाली प्रणाली ने आम लोगों की उम्मीदों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जब तक कानूनी बिरादरी अपनी खामियों और प्रणाली की कमियों को स्वीकार नहीं करेगी, तब तक सुधार की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कारण अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन लंबित मामलों की संख्या बहुत अधिक है, इसलिए न्यायपालिका की आलोचना करने की गुंजाइश है और हमें उस आलोचना को बहुत रचनात्मक तरीके से लेना चाहिए।

### तीनों संस्थानों में सिर्फ न्यायपालिका तक लोगों की सबसे आसान पहुंचः सीजेआई



वहीं इस मौके पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा, न्यायपालिका को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह है लोगों के साथ हमारा सीधा जुड़ाव...। लोगों के लिए सबसे आसान पहुंच तीनों संस्थाओं में से किसी एक में न्यायपालिका तक है। उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका ही है, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है और स्पष्टीकरण मांग सकता है, यहां तक कि नागरिक सरकार के खिलाफ और कानून की संवैधानिक शक्तियों को चुनौती देते हुए अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। उन्होंने कहा, आप संवैधानिक अधिकारों, वैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन की मांग कर सकते हैं और किसी भी अदालत में जाना, वकील से संपर्क करना, व्यक्तिगत रूप से बहस करना बहुत आसान है, इसका मतलब है कि हम ही हैं जो सीधे नागरिकों के साथ जुड़ रहे हैं।




# केदारनाथः रास्ते में जमीं चार फीट अधिक बर्फ, जुटे मजदूर

**रुद्रप्रयाग,जेएनएन।** आगामी 2 मई से बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा शुरू हो जाएगी। यात्रा के लिए सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं धाम में अभी भी चारों तरफ भारी बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। गौरीकुंड से केदारनाथ के पैदल मार्ग में बड़े-बड़े ग्लेशियर बने हुए हैं, जहां से केदारनाथ जाने वाले पैदल यात्रियों को गुजरना होगा। इन हिमखंडो को काटकर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी रास्ता तैयार कर रहे हैं, जिसे पूरा करने में महीने भर का समय लगेगा। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा से लिनचोली के बीच पसरे विशालकाय हिमखंड काटे जा रहे है। इन ग्लेशियर को काटकर मजदूर 8 से 10 फीट बर्फ के बीच रास्ता तैयार कर



रहे हैं। जहां से केदारनाथ जाने वाले यात्री गुजरेंगे।

### फरवरी -मार्च में हुई थी जमकर बर्फबारी

दरअसल, इस साल फरवरी और मार्च के पहले सप्ताह में केदारनाथ सहित पैदल मार्ग तक भारी बर्फबारी हुई थी। इसके बाद से केदारनाथ धाम में अभी भी तीन-चार फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है। वहीं, गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा से केदारनाथ तक बर्फ के कारण पैदल आवाजाही संभव नहीं है। यहां बीते 14 मार्च से लोक निर्माण विभाग के 70 से अधिक मजदूर बर्फ को काटकर रास्ता बनाने में जुटे हैं।

### 3 किमी तक बर्फ हटाकर बनाया गया रास्ता

13 दिनों में लगभग 3 किमी हिस्से में बर्फ साफ कर आवाजाही के लिए रास्ता तैयार हो चुका है। इन दिनों मजदूर थारू हिमखंड को काटने में जुटे हैं। यहां पर 20 फीट ऊंचे हिमखंड को काटकर ढाई फीट चौड़ा रास्ता बनाया जा रहा है। बर्फ काटने से यहां गहरी व संकरी घाटी बन गई है। इन हालातों में यहां बर्फ खिसकने का खतरा बना है। इंजीनियर का कहना है कि मौसम अनुकूल नहीं होने के बाद भी बर्फ सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है।

## चीन, मेक्सिको, कनाडा की कैटेगरी में नहीं भारत

# टैरिफ वारः भारत को बड़ी राहत दे सकता है अमेरिका

**नई दिल्ली,जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आयतित कारों पर 25 फीसदी हाईटैरिफ के ऐलान के बीच भारत के लिए अच्छी खबर भी है। अमेरिका ने कथित तौर पर भारत को चीन, मेक्सिको और कनाडा से अलग टैरिफ कैटेगरी में रखने के संकेत दिए हैं। इधर, अमेरिका-भारत के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ने की खबर है। इसमें कोई गतिरोध नहीं दिख रहा है। भारत के वाणिज्यिक अधिकारियों ने दिल्ली में समकक्षों को बताया कि अमेरिका कथित तौर पर भारत को चीन, मेक्सिको और कनाडा के साथ नहीं जोड़ेगा। नया टैरिफ स्ट्रक्चर चरणबद्ध हो सकता है और हाई डिमांड वाले सामानों पर टैरिफ में कमी देखने को मिल सकती है, जिससे भारत को कुछ सेक्टर्स में बड़ी राहत मिल सकती है। ये वार्ता 3 दिनों के भीतर नई डील की रूपरेखा को अंतिम रूप दे सकती है। हालांकि, इस दौरान अमेरिकी



अधिकारियों द्वारा भारत पर अधिक रियायत के लिए दबाव भी डाला गया है। भारत के लिए ये राहत ऐसे समय में आई है, जबकि ट्रंप ने चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद इसे बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया था। यही नहीं उन्होंने बीते 1 फरवरी को मेक्सिको, कनाडा पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसके बाद पलटवार करते हुए चीन, कनाडा, मेक्सिको ने भी अमेरिकी सामानों पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। ट्रंप ने संकेत दिया कि वह चीनी स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को लेकर समझौता करने के लिए चीन को टैरिफ में मामूली रियायत दे सकते हैं।

### भारत के साथ सिर्फ टैरिफ का मुद्दा

भारत ने पहले ही उन उत्पादों के बारे में संकेत दे दिया है जिन पर वह टैरिफ कम करने को तैयार है। इनमें अमेरिका से आने वाले कई उत्पाद शामिल हैं, जिनमें ईवी, ऑटोमोबाइल, बाइक और वाइन-अल्कोहल के साथ कुछ एग्रो प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं। उधर, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका उन सभी कारों पर प्रभावी रूप से 25 फीसदी टैरिफ लगाएगा, जो देश में नहीं बनी हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यदि आप अपनी कार अमेरिका में बनाते हैं तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। ये नया इंपोर्ट ड्यूटी लगाने का फैसला 2 अप्रैल से लागू होगा और 3 अप्रैल से इसकी वसूली शुरू हो जाएगी। 2 अप्रैल को ट्रंप ने 'मुक्ति दिवस' करार दिया है। इस दिन ट्रंप कई नए शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं।

**कनाडा के पीएम भड़के :** मार्क कार्नी ने जोर दिया कि टैरिफ की वजह से अमेरिका और कनाडा के बीच संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि दोनों के बीच व्यापार का एक बड़ा हिस्सा एम्बेसेडर ब्रिज के माध्यम से होता है। यह पुल दोनों देशों के बीच 98 बिलियन डॉलर के माल का व्यापार करता है, जो प्रतिदिन 281 मिलियन डॉलर तक पहुंचता है।

## पत्नी के कैरेक्टर पर शक को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे पति की याचिका खारिज

# वर्जिनिटी टेस्ट महिलाओं के अधिकारों का हननः हाईकोर्ट

**बिलासपुर,जेएनएन।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट कराने की मांग को महिलाओं की गरिमा के मौलिक अधिकारों का हनन बताया है। टेस्ट की मांग को असंवैधानिक बताते हुए पति की याचिका खारिज की गई है। दरअसल, पति अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर शक करता था। वहीं पत्नी ने पति पर नपुंसक होने का आरोप लगाया, जिसके बाद पति ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट की मांग की और मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा।

जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर पति खुद पर लगे आरोपों को गलत साबित करना चाहता है, तो वह अपना मेडिकल परीक्षण करा सकता है, लेकिन पत्नी पर ऐसा आरोप थोपना अवैधानिक है। रायगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक की शादी 30 अप्रैल 2023 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ दिनों तक पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक रहा, लेकिन कुछ महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद पति-पत्नी अलग रहने लगे।

इस बीच महिला जुलाई 2024 में रायगढ़ फैमिली कोर्ट पहुंचकर पति से भरण-पोषण के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लिए याचिका लगाई। पत्नी ने यह आरोप भी लगाया कि उसका पति नपुंसक है, जिसके कारण वह



शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम नहीं है। उसे और परिवार वालों को धोखे में रखकर शादी की गई। वहीं, पति ने आरोप लगाया कि पत्नी का उसके बहनोई से अवैध संबंध है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैमिली कोर्ट ने पति की दलील को खारिज कर दिया। यह मामला अभी लंबित है।

### फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील

इधर, फैमिली कोर्ट ने पति के वर्जिनिटी टेस्ट की मांग को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने टिप्पणी की है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया हवाला

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों का हवाला दिया, जिसमें शैलेन्द्र कुमार राय (2022) के केस में सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट को अवैध और पीड़िता के अधिकारों के खिलाफ बताया था। वहीं, सीबीआई बनाम सिस्टर सेफी के केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला आरोपी की वर्जिनिटी टेस्ट कराने को असंवैधानिक करार दिया है।

### मौलिक अधिकार की रक्षा सर्वोपरि


हाईकोर्ट ने अपने फैसले में फैमिली कोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए पति की याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही कहा है कि पत्नी के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना सर्वोपरि है। कोर्ट ने दोहराया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा संविधान द्वारा संरक्षित अधिकार हैं, जिन्हें छीना नहीं जा सकता। संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के खिलाफ है। हाईकोर्ट ने इस केस में फैमिली कोर्ट के आदेश को भी सही ठहराया है।

## जब गंदी फिल्में बनेंगी तो फ्लाप होंगी ही : सलमान

**नई दिल्ली।** सलमान खान बिना घुमाकर सीधी बात बोलते हैं। उनकी फिल्म सिकंदर 30 मार्च को रिलीज हो रही है। बॉलीवुड में फिल्में क्यों नहीं चल पा रहीं, इस पर सलमान ने एक कड़वा सच भी बोला। सलमान ने कहा कि जो फिल्म नहीं चल रही इसका मतलब वो बुरी है। सलमान से जब बॉलीवुड के खराब फेज के बारे में पूछा गया तो बोले, जब इतनी गंदी पिक्चर बनेंगी, तो प्लॉप तो होंगी। जब बनती ही गंदी फिल्में हैं। इसमें मेरी भी शामिल हैं। अगर नहीं चली है, तो इसका मतलब है कि ये बुरी फिल्म है। अगर चली तो अच्छी है। सलमान ने फिल्म न चलने की जिम्मेदारी खुद भी ली। वह बोले, थिएटर में स्टार ही पोस्टर पर दिखता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो उस पर भी ब्लेम आना चाहिए। सलमान ने अपनी राय रखी कि फिल्में क्यों नहीं चल रही। वह बोले, राइटर अपने लिए फिल्म लिख रहे हैं। उनकी प्रतिस्पर्धा डायरेक्टर से है।



## इंटरनेट पर वायरल हुए घिबली स्टाइल के फोटो



**चैट जीपीटी की नई सर्विस**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चैट जीपीटी का घिबली इमेज स्टाइल काफी वायरल हो रहा है। ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमन से लेकर जोमोटो तक बहुत से लोग इस वायरल स्टाइल से इमेज बना रहे हैं और उन्हें शेयर कर रहे हैं। चैट जीपीटी ने एक दिन पहले ही अपनी इस नई सर्विस का ऐलान किया है, जिसका नाम जीपीटी 4 इमेज जनरेटिव है। 24 घंटे के अंदर ही उसकी बनाई हुई इमेज इंटरनेट पर वायरल हो गईं हैं। जापानी एनीमेशन स्टूडियो के फिल्म मेकर और स्टूडियो के को-मेकर हयाओ मियाजाकी द्वारा तैयार किया गया एक स्पेशल तरह का एनीमेशन कार्टून की दुनिया में काफी पसंद किया जाता है। इस स्टाइल को घिबली कहते हैं। अब चैट जीपीटी ने अपने लेटेस्ट अपडेट में इस आर्ट फॉर्म को घिबली नाम देकर शामिल किया है।

## इस जन्म में तो माफी मांगने का सवाल ही नहींः सुमन

**आगरा, जेएनएन।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने गुरुवार को कहा कि वह राणा सांगा पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगेंगे, क्योंकि इतिहास को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि मैंने राज्यसभा के सभापति से मुलाकात की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने सभापति से अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। इसी बीच सपा ने इस मामले में कार्रवाई न होने पर ईद के बाद पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। सांसद ने गुरुवार को कहा, 'मैं इस जन्म में माफी नहीं मांगूंगा, मुझे अगले जन्म का पता नहीं है।' सुमन ने ये भी कहा कि हमलावरों का इरादा उनके परिवार को नुकसान पहुंचाना था। उन्होंने कहा, 'मैंने राज्यसभा के सभापति से कहा कि मुझे सुरक्षा चाहिए। मुझे 22 मार्च से सोशल मीडिया के जरिए धमकियां दी जा रही थीं और कल वे बुलडोजर लेकर मेरे घर आ गए।'

**राणा सांगा पर टिप्पणी के बाद बोले सपा सांसद**

# दुनिया के 22 बड़े देश ढूंढ़ रहे भारत के 'स्वामित्व' में समाधान

**नई दिल्ली।** भूमि के स्वामित्व को लेकर सिर्फ भारत के सामने ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई विकासशील देशों के सामने भी संकट है। लिबेरिया, सिएरा लियोन, टोगो जैसे कई देश इस मामले में भूमि स्वामित्व के पुराने ढर्रे, भ्रष्टाचार व राजनीतिक हस्तक्षेप जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं और अब उन्हें भारत की स्वामित्व योजना में समाधान दिखाई दे रहा है। यह तथ्य कई बार सामने आ चुका है कि न्यायपालिका पर एक बहुत बड़ा बोझ भूमि विवाद के मुकदमों का भी है। चुनौती बड़ी है, लेकिन इससे निपटने की दिशा में भारत सरकार ने भूमि दस्तावेजों के डिजिटलीकरण और सेटेलाइट सर्वे जैसे कदम उठाए हैं। दरअसल, पंचायती राज मंत्रालय और विदेश मंत्रालय द्वारा भूमि प्रशासन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल होने अफ्रीका, लेटिन अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशिया के 22 देशों के 44 वरिष्ठ अधिकारी आए हैं। कार्यशाला के ६ दिन हैं। गुरुग्राम स्थित हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में दो दिन के अकादमिक सत्रों में वह भारत की स्वामित्व योजना के बारे में जान-समझ चुके हैं। गांवों का दौरा कर स्वामित्व योजना के तहत होने वाले ड्रोन सर्वे व अन्य तकनीकी-विधायी प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान ले चुके हैं। कुछ देशों के प्रतिनिधियों ने भूमि प्रशासन संबंधी उन चुनौतियों को सभी के साथ साझा भी किया, जिनका सामना उनके देश कर रहे हैं। जैसे कि लिबेरिया से आए लिबेरिया लैंड अथारिटी के आयुक्त महमूद सोलोमन और निदेशक एन. सिलवेस्टर एन. बुंदू ने प्रस्तुतीकरण में निस्संकोच बताया कि उनके देश में संसाधनों की सीमित क्षमता है।

**अफ्रीका, लेटिन अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देश शामिल**

## एक्ट्रेस रान्या को नहीं राहत तीसरी बार याचिका खारिज

**बैंगलुरु,जेएनएन।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। यह तीसरी बार है, जब कोर्ट ने रान्या को जमानत देने से इनकार किया है। इससे पहले 12 और 14 मार्च को दो बार कोर्ट ने रान्या को जमानत नहीं दी थी। उधर, मामले में 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय ने बेल्लारी से सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को अरेस्ट किया। यह तीसरी गिरफ्तारी थी। साहिल पर सोने को ठिकाने लगाने में रान्या की मदद का आरोप है। कोर्ट ने साहिल को 29 मार्च तक डीआरआई की कस्टडी में भेज दिया है। रान्या राव को बैंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 3 मार्च को 14.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 मार्च को उसके दोस्त तरुण राजू को अरेस्ट किया गया था।



# तमिलनाडु विधानसभा में वक्फ बिल के खिलाफ प्रस्ताव पारित

## स्टालिन बोले-बिल मुसलमानों के अधिकार खत्म करेगा

**चेन्नई,जेएनएन।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा- ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार बिल वापस ले। स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं। वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी मुसलमानों के कल्याण और उनके अधिकारों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा, संशोधन में कहा गया है कि दो गैर मुस्लिम लोग को वक्फ का हिस्सा होना चाहिए। मुसलमानों को डर है कि यह सरकार का वक्फ संपत्तियों को हड़पने का एक तरीका है और यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है।



### विपक्ष ने कहा- स्टालिन वोट बैंक की राजनीति कर रहे

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राज्य सरकार के विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाने पर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा, भाजपा इस प्रस्ताव का विरोध करती है। केंद्र सरकार के पास संशोधन लाने का अधिकार है। वक्फ से जुड़ी कई शिकायतें थीं, जिसके बाद इसमें केंद्र सरकार संशोधन कर रही है। वहीं तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी दल एआईडीएमके के प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा, ऐसा लगता है कि डीएमके धर्म और भाषा के आधार पर एक नैरेटिव सेट करने की जल्दी में है। जिन पार्टियों के सदस्य जेपीसी में हैं, वे न्यायपालिका में वक्फ को चुनौती क्यों नहीं दे रहे हैं? विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने की जल्दी क्यों है? वोट बैंक की राजनीति के लिए लोगों को भड़काने की कोशिश करना बेहद निंदनीय है।

## भारत आएंगे पुतिन, रूस बोला-अब हमारी बारी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम नरेंद्र मोदी के भारत दौरे के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यह जानकारी दी और कहा कि इस दौरे के लिए तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारी बारी है। रूसी अंतर्राष्ट्रीय मामलों की परिषद द्वारा आयोजित 'रूस-भारत' एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर शीर्षक वाले सम्मेलन को संबोधित करते हुए लावरोव ने कहा, पुतिन के भारत दौरे के लिए वर्तमान में व्यवस्था की जा रही है। रूसी विदेश मंत्री के हवाले से कहा गया है कि पुतिन ने भारत सरकार के प्रमुख के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्र प्रमुख की भारत यात्रा की वर्तमान में तैयारी की जा रही है। लावरोव ने कहा कि पिछले साल फिर से चुने जाने के बाद पीएम मोदी की पहली विदेश यात्रा रूस की थी। उन्होंने कहा, अब हमारी बारी है। हालांकि, यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं किया गया है। मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो लगभग पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा थी।



# जल्द पुतिन की होगी मौत, तब खत्म होगी यह जंगः जेलेंस्की

## बोले-अमेरिका-यूरोप के गठबंधन से डरते हैं रूसी राष्ट्रपति

**पेरिस,जेएनएन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बिगड़ते स्वास्थ्य की खबरों के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। जेलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में यूरोपीय पत्रकारों के साथ एक इंटरव्यू के दौरान यह बयान दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा-पुतिन जिंदगी भर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षाएं यूक्रेन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका पश्चिमी देशों से भी सीधा टकराव हो सकता है। जेलेंस्की के इस बयान से एक दिन पहले ही अमेरिका की मध्यस्थता से रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी में सीजफायर समझौता हुआ था। अमेरिका ने कहा है कि वो ग्लोबल एग्रीकल्चर और फर्टिलाइजर मार्केट में रूस की पहुंच फिर से बहाल करने में मदद करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि अमेरिका पुतिन को इस ग्लोबल मार्केट में एंट्री करने में मदद न करे। मेरा मानना है कि यह खतरनाक है। अमेरिका पुतिन को बिना शर्त सीजफायर के कहेगा। यूक्रेन राष्ट्रपति ने वॉर में अमेरिका मदद के लिए आभार जताया, लेकिन यह भी कहा कि अमेरिका रूस के नैरेटिव से प्रभावित हो गया है। हम इन नैरेटिव से सहमत नहीं हो सकते।



### फ्रांस ने यूक्रेन को 2 अरब डॉलर की मदद दी

गुरुवार को यूरोपीय यूनियन की बैठक के दौरान स्थायी सीजफायर के बाद यूक्रेन को सपोर्ट करने पर चर्चा होगी। इस दौरान कुछ यूरोपीय देश यूक्रेन में शांति सैनिकों की तैनाती पर विचार कर सकते हैं। हालांकि, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आगाह किया कि इससे रूस के साथ सीधा टकराव हो सकता है। मैक्रों ने यूक्रेन के लिए 2 अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता की घोषणा की है। वहीं नाटो प्रमुख मार्क रूट ने चेतावनी दी कि अगर रूस नाटे के किसी भी सदस्य देश पर हमला करता है, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

# आईएसआई मार्क के बिना खिलौने बेचने वाली शॉप पर छापा



**भोपाल।** भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल शाखा कार्यालय के अधिकारियों राहुल कुमार उप निदेशक, संजय कुमार विश्वकर्मा, किशन कन्हैया लाल, सहायक निदेशक एवं टीम के द्वारा मेसर्स सुपर टॉय हाउस नं. 364 एससीएच नं.78 प्रथम निरंजनपुर फेज 2 इंदौर पर तलाशी एवं जब्ती कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में पाया गया कि मेसर्स सुपर टॉयए आईएसआई मार्क के बिना अमेजन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खिलौनों की बिक्री कर रहे थे। ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा उक्त उत्पाद जब्त किये गए। प्रकरण में अब वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पार्थ सारथि मंडल ने बताया कि आईएसआई मार्क के बिना खिलोने बेचना भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 2016 तथा सम्बंधित क्वालिटी कंट्रोल आर्डर का उल्लंघन है। ऐसे प्रकरणों में अर्थदंड एवं सजा का प्रावधान है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता की वस्तुएं क्रय करते समय उत्पाद पर सही गुणवत्ता मार्क देखें, जैसे कि आईएसआई मार्क, रजिस्ट्रेशन मार्क, हॉलमार्क क्रय संबंधी बिल अवश्य प्राप्त करें। गुणवत्ता मार्क्ड वस्तु कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का संदेह हो तो इसकी शिकायत भारतीय मानक ब्यूरो के किसी भी कार्यालय में अथवा ब्यूरो कि वेबसाइट पर अथवा बीआईएस केयर एप पर की जा सकती है।

## हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ भाजपा से जनता के लिये लडाई लड़नी होगी : चंदन यादव



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना जिले के प्रवास पर पहुचे अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी के सचिव तथा प्रदेष सह प्रभारी चंदन यादव ने पन्ना जिला मुख्यालय में अल्प प्रवास करते हुये स्थानीय एवरसाइन गार्डन में पार्टी पदाधिकरियों कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बर्तमान समय में प्रदेष तथा देष की सरकार द्वारा पुरे देष में अराजकता का महौल फैला रखा है मॅहगाई बेरोजगारी बिगड़ी कानून व्यवस्था सहित अनेक कठिनाईओं से आम जनता परेषान है इस लिये हम सभी काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को जहॉ एक ओर एक जुटता के साथ पार्टी को गॉव गॉव मजबूत करना है तथा सभी छोटे कार्यकताओं में जोष भरना है वही दूसरी ओर अराजकता फैला रही सरकारों से भी लड़ने का समय है आगे उन्होने कहा कि मै पहली बार आया हूॅ सभी से कम समय में मेल मुलाकात करते हुये आगे फि आ कर पार्टी के कार्यक्रमों को आगे बढाते हुये जनता की लड़ाई लडेगें। उक्त बैठक में जिले भर से भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे सचिव श्री यादव का जिला काग्रेस अध्यक्ष षिवजीत सिंह द्वारा फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दूबे प्रदेष महासचिव विरेद्र द्विवेदी जीवन लाल सिद्धार्थ भुवन विक्रम सिंह ब्लॉक अध्या अजयगढ़ दादूराम मिश्रा देवेद्र नगर आनंद षुक्ला गुनौर अरूण गौतम अमानगंज भभूत सिंह राजपूत पवई माखन पटेल पन्ना अक्षय तिवारी शाहनगर सालिगराम गौतम धरमपुर शंकर द्विवेदी महिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष श्रीमती रहीमा खातून पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला श्रीमती चांदनी जाटव श्रीमती आस्था तिवारी बरीष्ठ काग्रेस नेता रामकिषोर मिश्रा राजेष तिवारी देवेद्र सिंह यादव मारतंड बुंदेला राजबहादुर पटेल डॉ कदीर खान अनीष खान सेवा लाल पटेल एजाज अहमद पार्षद रिहान मोहम्मद वैभव थापक शषिकांत दीक्षित मुरारीलाल थापक प्रहलाद यादव भूपेद्र सिंह परमार राकेष शर्मा कमलराजपूत भूपेद्र बुंदेला नरेद्र विष्वकर्मा चंचल जैन जीतेद्र जाटव दीपक तिवारी सौरभ पटेरिया अनुज श्रीवास देबू गौड अभिषेक चौरासिया पुरूषोत्तम जड़िया लखन केवट किषन अग्रवाल सरदार यादव गुडडा खान सहित भारी संख्या में पार्टी के कार्यकता उपस्थित रहे। पन्ना पहुॅचने के पूर्व पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा अजयगढ बाईपास रोड पर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

## एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सरपंच ने समर्थन में सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** अजयगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा भापतपुर में एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया ।पंचायत के सरपंच सुरेश यादव सहित सभी सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक पारदर्शी प्रभावी और आर्थिक रूप से साधारण बनाने के लिए आवश्यक बताया है ग्राम पंचायत सरपंच ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम प्रस्ताव भेजते हुए कहा है कि देश में बार.बार होने वाले चुनाव से प्रशासनिक और आर्थिक संसाधनों पर भारी दबाव पड़ता है बार.बार चुनाव होने से आर्थिक स्थिति पर भी बोझ पड़ता है मैं अपनी ओर से पंचायत की राय हस्ताक्षर के माध्यम से भारत की मांहमहिमा राष्ट्रपति महोदया जी को प्रेषित करता हूं। इस अवसर पर पंचायत के लोग भी हस्ताक्षर करने के लिए उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव के अति आवश्यक है। सरपंच सुरेश यादव ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने से मतदाता भागीदारी के लिए जागरूकता करनी पड़ेगी चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी तथा सरकारी धन का सदुपयोग हो सकेगा इसके अलावा कर्मचारियों को बार.बार चुनावी कार्य से मुक्त कर प्रशासनिक दक्षता बढ़ाई जा सकेगी । प्रस्ताव में कहा गया की एक साथ चुनाव होने से न केवल राजनीतिक स्थिति बढ़ेगी बल्कि शासकीय योजनाओं को क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी इस फैसले से देश भर में विकास की गति तेज होगी और आम जनता को इसका लाभ सीधे मिल सकेगा ।

## कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत गुरूवार को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यालय पन्ना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुराने भवनों के संधारण और परिसंपत्तियों के संबंध में जानकारी लेकर अभिलेख को स्कैन उपरांत सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। अन्य कक्ष व शाखाओं का निरीक्षण कर अव्यवस्थित रिकार्ड व दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारित कर सूचीबद्ध करने के लिए कहा। उन्होंने संपत्ति पंजी का अवलोकन कर कार्यालय परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर द्वारा जिला कलेक्टर को आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी अजय मिश्रा एवं संभागीय लेखा अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह भी उपस्थित रहे।

## संबल योजना अंतर्गत 10 करोड़ 62 लाख रुपए की अनुग्रह राशि अंतरित




**पन्ना ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजना अंतर्गत शुक्रवार को पन्ना जिले के 499 प्रकरणों में हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का वितरण किया गया। जिला अंतर्गत 10 स्थानीय निकायों में कुल 10 करोड़ 62 लाख रूपए की अनुग्रह राशि प्रदान की गई। पन्ना विकासखण्ड में सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के क्रमशः 55 एवं 4, शाहनगर विकासखण्ड के 103 एवं 7, गुनौर विकासखण्ड के 61 एवं 10, अजयगढ़ विकासखण्ड के 73 एवं 2 तथा पवई विकासखण्ड के सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के क्रमशः 149 एवं 9 प्रकरणों में अनुग्रह राशि का वितरण किया गया। इसके अलावा सामान्य मृत्यु प्रकरणों में नगरीय क्षेत्र पन्ना में 9, देवेन्द्रनगर में 6, पवई में 5 तथा अमानगंज एवं अजयगढ़ में 3-3 प्रकरणों में अनुग्रह राशि का वितरण किया गया। योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रूपए एवं दुर्घटना में मृत्यु पर 4 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय से श्रमिक परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी व्हीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार एवं नपा अध्यक्ष मीना पाण्डेय द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, श्रम निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बंजारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

## फेका जा रहा नगर का जहरीला कचरा सीएम राइज विद्यालय के पास कभी भी विद्यालय के विद्यार्थी हो सकते है बीमार स्थानीय लोगों ने एसडीएम को आवेदन देकर कार्यवाही करने की मॉग



**जागरण, पन्ना ।** नगर पालिका पन्ना आए दिन अपनी कार्यशाली को लेकर चर्चा में बनी रहती है। वह इसलिए कि पन्ना नगर पालिका के जिम्मेदार आला अधिकारियों द्वारा पन्ना नगर का दूषित कचरा बस्तियों के आसपास फेका जा रहा है। जिससे कि रहवासियों को गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। एक ऐसा ही मामला पन्ना नगर पालिका अंतर्गत अजयगढ़ पन्ना बाईपास का सामने आया है। जहां पर बस्ती के पास पन्ना नगर का दूषित कचरा फेंका जा रहा है तथा नजदीक ही सीएम राइज विद्यालय स्थिति है जिसमें हजारों छात्र अध्ययनरत है कचरा की बदबू से कभी भी विद्यालय में पढने वाले छात्र-छात्रायें विमार हो सकते है इसके अलावा क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोग भी बीमारी की चपेट में आ सकते है नगर पालिका द्वारा मृत पषुओं तथा अन्य जानवरों को भी उसी सिान पर डाला जा रहा है उक्त समस्या को लेकर वार्ड के निवासी भालू कुशवाहा ज्ञानी प्रजापति सहित अन्य रहवासियों ने कलेक्टर सुरेश कुमार व एसडीएम सतीश नागवंशी को को शिकायती आवेदन पत्र देकर तत्काल कचरा बंद करने की मांग की गई है।

## पुराना पन्ना में संचालित मदरसा को लेकर स्थानीय लोगों ने सौंपा ज्ञापन

### तहसीलदार द्वारा की जा रही जॉच



**जागरण, पन्ना।** पुराना पन्ना स्थित मदरसा एक बार फि सुर्खियों में हैण्ज्ञात हो कि उक्त अवैध मदरसा संचालक तांत्रिक अब्दुल रऊफ उर्फ हकीम की करगुजारियों से आक्रोशित वक्फ़ बोर्ड पदाधिकारी सहित अन्य लोगों के द्वारा दिनांक 19<2<2025 को कलेक्टर पन्ना को शिकायती पत्र देते हुए मदरसा की जांच तथा शासकीय भूमि पर अवैध कब्ज़ा को लेकर तांत्रिक अब्दुल रउफ उर्फ हकीम द्वारा मदरसे की आड़ में बरसों से चल रही धन उगाही की जांच की मांग की है स ज्ञापन में उल्लेख है कि पुराना पन्ना वार्ड क्रमांक 28 में शासकीय आरजी क्रमांक 2102 की लगभग पॉच हजार वर्ग फीट भूमि पर बाहरी व्यक्ति तांत्रिक अब्दुल रउफ और हकीम ने बीडी कॉलोनी की शासकीय भूमि पर बना रखी है। जहॉ पर यहां के लोगों को गुमराह कर मदरसा बना दिया इसके अलावा मदरसे के बाद शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया गयास धर्म के नाम पर अपनी दुकान चला रहे तांत्रिक अब्दुल रउफ और हकीम को शहर के कई जिम्मेदारों ने भरपूर सहयोग किया जिसमें इत्तेहाद अहले सुन्नत जमात शहर कमेटी के अध्यक्षध्उपाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी का उल्लेखनीय सहयोग मिला ज्ञापन में कहा गया है कि हम सभी मुस्लिम समाज के लोग ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि सम्पूर्ण मामले की जॉच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। उक्त ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद राषिद बाबूखान हुसैन बाबा अब्दुल समीम नसरत अली नफीस मो0 परवेज अहमद सहनवाज इजाजखान पिन्टू खान मो0रजा सहित अनेक लोग शमिल रहे।

## राम प्रसाद कुशवाहा को पीएचडी की उपाधि

**पन्ना।** पन्ना जिले कि अजयगढ तहसील अंर्तगत ग्राम नरदहा निवासी रामप्रसाद कुषवाहा को बरकतउल्ला विश्वविद्यालयए भोपाल से पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है । उन्होंने अपना शोधकार्य सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉण् सुनील कुमार स्नेही के मार्गदर्षन में पूरा किया। इनका शोधकार्य का शीर्षक ष् मॉलिक्युलर स्ट्डीज एंड जेनेटिक डायवर्सिटी ऑफ बेगोमोवायरस एसोसिएटेड विथ पंपकिन क्रॉप्स ऑफ भोपाल डिस्ट्रिक्टष् रहा है। रामप्रसाद ने ग्रामीण परिवेश में रह कर विभिन्न परिस्थियो से संघर्ष करते हुये अपनी षिक्षा दीक्षा पूरी की तथा अपने माता पिता गुरू जनों के सपनों को सकार किया है। उनकी उक्त उपलब्धी पर शुभ चिंतकों मित्रों रिष्तेदारों परिवार जनों ने खुषी व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

## प्रदेष अध्यक्ष ने ली बैठक किया गया जोरदार स्वागत



**पन्ना ।** सेन समाज विकास संगठन के प्रदेष अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना पहुॅचे जिनके द्वारा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई तथा अनेक बिन्दुओं पर चर्चा की गई इस दौरान पन्ना जिला सेन समाज विकास संगठन के जिला अध्यक्ष प्रमोद सेन एवं अन्य लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान महिला संगठन की प्रदेष अध्यक्ष किरण सेन भी उपस्थित रही स्वागत करने वालों में रमेष समारी ब्रजेन्द्र मोहन दीपक सेन रामचन्द्र वर्मा अजय सेन पप्पू सेन सोनू सेन संजय समारी गणेष समारी मणी सेन नर्वदा सेन श्रीमती अनीता सेन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने 5 करोड़ अवैध गेहूं किया जब्त, व्यापारियों में रोष बोले मनमाने तरीके से बिना स्टॉक ऑन रोड गाड़ी को बताया अवैध



**जागरण, टीकमगढ़ ।** जिले के निजी होटल में आज दिन गुरुवार की शाम करीब 7 बजे गल्ला दलहम तिलहन व्यापारी संघ ने प्रेसवार्ता आयोजित की जिसमें व्यापारियों ने अपना पक्ष रखा है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान व्यापारियों ने बताया कि बीते दिन बिना स्टॉक की गाड़ियों को प्रशासन के द्वारा मनमाने तरीके से ऑन रोड वाहन को अमित ट्रेडर्स के नाम से 15000 कॉन्टल गेहूं जप्त किया गया है। कुल 55 ट्रकों में भरे गेहूं की कीमत 5 करोड़ है जिस जप्त किया गया हैं। व्यापारियों ने बताया कि कल जो प्रशासन की कार्यवाही की गई वह पूर्ण रूप से गलत है। जब तक उनकी गाड़िया नहीं छोड़ी जाएगी तब तक वह आंदोलन करेंगे। और किसानों का माल नहीं खरीदेंगे। उन्होंने कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया है और कलेक्टर को भी मामला समझाया कि जो गाड़ियां और माल जपती किया गया है वह किसी एक पार्टी का नहीं बल्कि अलग-अलग व्यापारियों का था जिसे स्टॉक में बताया गया है वह स्टॉक में शामिल ही नहीं हुआ पॉइंट डिलीवरी बेची गई थी जो रेट तक पहुंचाने के पहले ही इन सभी गाड़ियों को मंडी प्रांगण में खाद्य अधिकारी द्वारा रोक दी गई जिस कारण अमित ट्रेडर्स से गेहूं की गाड़ियां लेने से मना कर दिया गया। व्यापारियों ने बताया कि मामले में कलेक्टर ने गाड़ियों के संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने की बात कही और पोर्टल से मिलान के बाद वह गाड़िया छोड़ दी जाएगी। व्यापारियों ने कहा है कि इस कार्यवाही से उनकी छवि भी धूमिल हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान राजाराम लोहिया ,महेन्द्र जैन (बडागांव) ,निर्भय कुमार जैन, अध्यक्ष राजेश साहू,अनूप सतभैया देवेन्द्र यादव, संजय सोनी ,संजय मोदी , विकास चौधरी,मनीष जैन ,सौरभ जैन ,राजा बुखारिया , जिम्मी मडबैया,प्रमोद पठा संजय मोदी मनीष जैन,विजय जैन बडमाडई , दिनेश जैन (अल्ली),मौजूद रहे ।

## विंध्या शुक्ला को प्राप्त हुई एमबीबीएस की डिग्री



**पन्ना।** रैपुरा ग्राम के शिक्षक प्रमोद शुक्ला एवं शिक्षिका उषा शुक्ला की बेटी कुमारी विंध्या शुक्ला को भोपाल पीपुल्स मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त हुई प्राप्त हुई उन्होने रैपुरा ग्राम से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद नवोदय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की तत्पश्चात पीपुल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल में मेडिकल की शिक्षा ग्रहण की 2019 बैच की विंध्य शुक्ला ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। कु0 विंध्या को दिनांक 25 मार्च को उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला के द्वारा उक्त डिग्री प्रदान की गई। कुमारी विंध्या शुक्ला ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने में प्रेरणा स्रोत रहे नाना नानी पीएन पौराणिक बड़े भाई विनोद शुक्ला आदित्य शुक्ला आशीष पौराणिक एवं शिक्षक केसरी लाल लोधी गोविंद सिंह बुंदेला खूब चंद्र लोधी को अपना प्रेरणा स्रोत बताया है। उक्त उपलब्धी मिलने पर उनके परिवार जनों रिष्तेदारों तथा ग्राम वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

## ग्राम पंचायत गहरा में हो रहे निर्माण कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**पन्ना।** ग्राम पंचायत गिरा में विभिन्न कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार हो रहा है इस संबंध में पंचायत वासियों ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन दिया है ज्ञापन में फसल सुरक्षा दिवाल के निर्माण कार्य में अनियमित की गई है एक ही व्यक्ति को लाभ पहुंचाया गया है पुलिया निर्माण में घटिया सामग्री लगाई गई है 15 में वित्त आयोग के अंतर्गत सीसी रोड निर्माण में निर्धारित माफ डंडों की भयंकर अवहेलना की गई है जो जांच का विषय है।

## महेंद्र भवन में ऐतिहासिक धरोहर क्षतिग्रस्त

**पन्ना।** नगर में स्थित प्राचीन महेंद्र भवन में ऐतिहासिक महत्व की धरोहर जहां पर रंग उत्सव एवं कार्यक्रम होते हैं उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया वहीं शंकर भगवान के मंदिर का परकोटा की दीवाल को भी जमीनदोज कर दिया जैसा सूचना मिली है कि उक्त भवन को राजस्थान फोर्ट एंड पैलेस नामक कंपनी को लीज पर दिया गया है उनके द्वारा मनमाने ढंग से पुरातत्व व ऐतिहासिक महत्व की धरोहर को मनमाने तरीके से तोड़ा जा रहा है प्रशासन को तत्काल प्रभाव से इस और ध्यान देकर इसे रोका जाना चाहिए। क्योंकि लीज में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक भवन के विद्रूपीकरण की अनुमति नहीं दी गई है।

## बतख चौराहे के पास टैक्सी ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, एक युवक गंभीर रूप से घायल, टैक्सी चालक मौके से भागा




**टीकमगढ़ ।** टीकमगढ़ डुमरऊ सड़क पर बतख चौराहे के पास बुधवार रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार टैक्सी ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां युवक का इलाज किया जा रहा है।108 एंबुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेंद्र गंगवार ने बताया है कि टीकमगढ़ डुमरऊ सड़क पर बतख चौराहे के पास बुधवार की रात करीब 10 बजे टैक्सी ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार अजय यादव 25 साल निवासी डुमरऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पायलेट राहुल लोधी 108 एंबुलेंस को लेकर मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। अस्पताल में युवक का उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घायल युवक अजय यादव टीकमगढ़ से बाइक से अपने घर डुमरऊ जा रहे थे, इसी दौरान रात करीब 10 बजे बतख चौराहे के पास टैक्सी ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इस घटना में युवक के दाहिने पैर में गंभीर चोट आ गई।

## नगर पालिका का सफाई निरीक्षक भी कर रहा हूटर का उपयोग



**पन्ना ।** म0प्र0 शासन ग्रह एवं परिवाहन विभाग द्वारा आदेष जारी करते हुये सभी वाहनों के हूटर निकलवाने के आदेष जारी किये गये थे तथा यातायात विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा अवैध रूप से वाहनों में लगे हूटर निकलवाये भी गये है लेकिन पन्ना जिले के अनेक अधिकारियों नेतओं तथा कर्मचारियों तक के वाहनों में हूटर लगे हुये है एवं वाहन की शोभा बढा रहे है जिला कलेक्टर कार्यलाय परिसर में ही शासन के उक्त निर्देष आदेषों का मारवौल उडाया जा रहा है जिसमें एडीएम एसडीएम तहसीलदार आबकारी अधिकारी सहित अन्य अधिकरियों के वाहनों में बकायदा हूटर लगे हुये है इसके अलावा पन्ना नगरपालिका के सफाई निरीक्षक के वाहन में भी हूटर लगा हुया है। यतायात विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारी उक्त हूटर निकालने में कतरा रहे है तथा कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है।

## टाउन हॉल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर हुआ प्रशिक्षण






**जागरण, पन्ना।** नगर पालिका परिषद पन्ना के तत्वाधान में गत गुरूवार को स्थानीय टाउन हॉल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर कचरा प्रबंधन कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण सह क्षमता निर्माण सत्र में जागरूकता और दक्षता बढ़ोत्तरी सहित स्वच्छता कर्मियों की भूमिका और उनके योगदान को समझने, ठोस अपशिष्ट क्या है और इसके प्रकार, इससे संबंधित सरकारी नियम और कानून, मौजूदा कचरा प्रबंधन प्रणाली में चुनौतियां, अनुचित कचरा निपटान के नुकसान, समाधान स्रोत पर कचरे का अलगाव तथा कचरे को सही तरीके से प्रबंधित करने की तकनीकों इत्यादि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्वच्छता में स्वच्छताकर्मियों के योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान खुले में शौचमुक्त, कचरा मुक्त शहर तथा स्वच्छता सर्वेक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी नगर पालिका परिषद, पन्ना द्वारा साझा की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले के निर्देशन में इस प्रशिक्षण में स्वच्छता प्रभारी वीरेन्द्र चौरसिया, स्वच्छता निरीक्षक हरिओम नामदेव, वार्ड सहायकों, चालक, सहायक, सफाई कर्मचारी एवं अन्य स्वच्छता कार्यकर्ताओं सहित कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र के अंत में सभी ने पन्ना को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की शपथ भी ली।

## माधवीं अग्निहोत्री बनी अमानगंज की थाना प्रभारी



**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा द्वारा पन्ना जिले के अनेक चौकी तथा थाना प्रभारियों में बदलाव किया है जिसमें अमानगंज के थाना की कमान निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को सौपी गई है। उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह भदोरिया का स्थानांतरण अमानगंज से बृजपुर थाना प्रभारी के पद पर किया गया है। बृजपुर थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह को सलेहा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। सलेहा थाना प्रभारी रहे अनिल सिंह जी को साइबर सेल पन्ना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। सहायक उप निरीक्षक जमुना प्रसाद अहिरवार को कल्दा चौकी से थाना पवई स्थानांतरण किया गया है। मिट्ठू लाल कॉल को धरमपुरर से थाना पवई पदस्थ किया है। सहायक उप निरीक्षक रंजीत कुजूर को थाना पवई से थाना शाह नगर पदस्थ किया गया। सहायक उप निरीक्षक विजय गर्ग को थाना पवई से थाना शाह नगरए सहायक उप निरीक्षक चुन्नीलाल को रक्षित केंद्र पन्ना से थाना धरमपुर भेजा गया है।

## सुशासन विषय पर हुआ अधिकारियों का प्रशिक्षण




**जागरण, पन्ना।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय दिल्ली के सहयोग एवं प्रशासनिक अकादमी भोपाल द्वारा स्थापित सर्वोत्तम प्रकोष्ठ के अंतर्गत नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित ई-दक्ष केंद्र में विभिन्न विभागों के अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। 27 एवं 28 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण में सुशासन विषय पर केन्द्रित लोक सेवा गारंटी एक्ट, सीएम हेल्पलाइन, सीपी ग्राम एवं शिकायत निवारण प्रणाली के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण लोकसेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक पंकज शिवहरे एवं ई-दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी एक्ट के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों को समय सीमा के भीतर सेवाओं के प्रदान करने तथा समाधान ऑनलाइन जैसे विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण, गुणवत्तापूर्वक एवं त्वरित निराकरण के बारे में भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को जिला कमांड कंट्रोल सेंटर की विजिट भी कराई गई, जिसमें कॉल सेंटर से संबंधित प्रणाली के बारे में समझाया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संबंधितों को कार्यालयीन कार्य प्रणाली में सुशासन के महत्व हेतु प्रेरित करना था, जिसका लाभ सभी आम नागरिकों को मिल सके।

## आम नागरिकों की सहभागिता से तैयार होगा विकसित मध्यप्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट

**पन्ना।** म.प्र. राज्य नीति आयोग द्वारा आम नागरिकों की सहभागिता से विकसित मध्यप्रदेश 2047 के निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। शासन द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ-साथ मध्यप्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समावेशी विकास को गति देने और नागरिकों की आकांक्षाओं को नीति निर्माण में शामिल करने के उद्देश्य से नागरिक सर्वेक्षण का शुभारंभ किया है। सर्वेक्षण के जरिए आमजन अपने विचार और सुझाव साझा कर सकेंगे। प्राप्त सुझावों का विश्लेषण कर उन्हें भविष्य की विकास नीतियों में शामिल किया जाएगा। सर्वेक्षण में सहभागिता के लिए आगामी 31 मार्च तक वेबसाइट एमपीआरएनए डॉट एमपी डॉट जीओव्ही डॉट इन/विजन लिंक पर जाकर अंग्रेजी या हिन्दी में अपने सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

# दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाईकिल और आजीविका संचालन हेतु निःशुल्क सिलाई मशीन वितरण

जागरण, सिंगरौली

अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित मंगल सेवा – सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना हैं, सेवा ही परमात्मा है कार्यक्रम अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगजनों हेतु कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं द्य महिला सशक्तिकरण हेतु और दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से सिंगरौली जिला के बंधौरा स्थित पावर प्लांट में उपकरण वितरण किया गया। हाल ही में मंगल सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसके तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगजनों को निःशुल्क आवश्यक उपकरण एवं स्वरोजगार हेतु स्थानीय महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की जा रही है।

शुक्रवार को एक आयोजित कार्यकम में पांच दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाईकिल का वितरण किया गया। सरकारी नियमों के तहत पात्रता के आधार पर बंधौरा स्थित पावर प्लांट के आसपास के गांवों में बेहतर जीवन यापन के लिए अनेक उपक्रमों में से एक नया प्रयास मंगल सेवा तहत यह कार्य किया गया, और आने वाले समय में अय्यर जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। सिलाई प्रशिक्षण के उपरान्त उपरांत सात महिलाओ को सिलाई मशीन वितरित किए गए। महिला सशक्तिकरण तथा स्वावलम्बन को ध्यान देते हुए अदाणी फाउंडेशन के द्वारा पिछले कुछ महीनों में 250 से अधिक महिलाओं को तीन माह की सिलाई ट्रेनिंग दिया जा चुका है। अदाणी पावर प्लांट के स्टेशन हेड द्वारा नगवा, खैराही, बंधौरा और करसुआलाल के आस पास के दिव्यांगजनों को उपकरण दिया गया, साथ ही बताया गया कि अदाणी समूह के चेरमेन तथा वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में जन सेवा हेतु अदाणी समूह कटिबद्ध है। देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे दिव्यागजनो को सरकार के साथ मिलकर मुख्यधारा से जोड़ने हेतु मंगल सेवा योजना का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं चयनित दिव्यांग को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। अब गांव स्तर पर दिव्यांगजन स्वयं की दुकान, सिलाई कार्य एवं अन्य स्वरोजगार संबंधित कार्य कर सकेंगे साथ ही अदाणी फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। अदाणी पावर प्लांट ऑपरेशन हेड श्री शिवशंकर दुबे एवं प्रोजेक्ट हेड सजल चटर्जी जी ने बताया कि अदाणी समूह द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत् विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिससे देश के लाखो परिवारों को लाभ मिल रहा है। गांव स्तर पर दिव्यांगजनों को एक गांव से दूसरे गांव जाने हेतु दूसरे किसी व्यक्ति पर आश्रित होना पड़ता हैं आज अदाणी फाउंडेशन द्वारा दी गईं इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल से दिव्यांगजनों को अब एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में मदद मिलेंगी। एचआर प्रमुख देवाशीष दास एवं लैंड हेड रोहित सिंह के द्वारा उपस्थित दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। अदाणी फाउंडेशन के सीएसआर हेड श्री मनोज प्रभाकर के साथ इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन के अन्य अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में आस पास के क्षेत्र से लगभग 250 से अधिक जरूरतमंद महिलाओं को अन्य स्वरोजगार कार्यक्रमों से जोड़कर उनकी जीविकोपार्जन सुविधा से लाभान्वित किया गया है।




# रॉयल फोर्ट स्कूल ने लहराया परचम



चितरंगी। रॉयल फोर्ट इंटरनेशनल स्कूल चितरंगी में जवाहर नवोदय स्कूल में चयनित छात्रों के मामले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वाधिक चयन देकर बनाया रिकॉर्ड – अमित् सिंह चंदेल द्वारा संचालित स्कूल के कुशल वा कर्तव्यनिष्ठ अध्यापकों प्रभंजन मिश्रा वा गोविंद प्रसाद पाल व अन्य के मार्गदर्शन में इस वर्ष 6 विद्यार्थियों का हुआ चयन जिसमें चयनित छात्र अक्षिता साहू [ 2053376] पुत्री गौरव साहू , पल्लवी सिंह[ 2053622 ] पुत्री चित्रभान सिंह,पंकज सिंह [ 2052908 ]पुत्र गोविंद सिंह ,देवराय[ 205325 ] पिता प्रदीपन राय ,हरिओम [ 2053209 ] पिता मानिक चंद्र गुप्ता और महिमा सिंह [ 2053679] पिता राजेश सिंह तथा विगत वर्षों मैं चयनीत छात्र 2024 में नवोदय में चयनित छात्र अनिकेत द्विवेदी पुत्र रामकिशोर द्विवेदी ,ऋषभ सिंह पिता अजय सिंह राठौर ,श्वेता सिंह पुत्री राजेश्वर सिंह वैस तथा पांचवी में पीहू राठिया, गुलिस्तां खान , भूमिका सिंह ,अभिजय सिंह ,अखिलेश 2023 रश्मि अग्रहरि स्व/श विजय गुप्ता , सत्यम खैरवार पिता आषीश खरवार, शिवांश प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति। 2024 सैनिक स्कूल में चयनित छात्र – चकोर सिंह पिता संजय सिंह, इंद्रजीत पाठक पिता रामेश्वर पाठक , साहिल खान पिता अजीज खान।

## अंजुमन अहले हदीस ईदगाह ग्राम जमुवा में ईदुल फितर की नमाज सुबह 7:30 बजे एवं ईदगाह ग्राम गनियारी में 6:15 पर अदा होगी

बैढ़न। अंजुमन अहले हदीस ईदगाह ग्राम जमुवा में ईदुल फितर की नमाज सुबह 7:30 एवं ईदगाह ग्राम गनियारी में 6:15 पर अदा कर देश की तरक्की के लिए देश में अमन चैन भाईचारा एवं खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की जाएगी उक्त आशय की जानकारी मध्यप्रदेश अल्पसंख्यक विकास कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी ने दी है श्री सिद्दीकी ने बताया कि चांद दिखने पर 31 मार्च को अन्यथा 1 अप्रैल को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ ईदुल फितर की नमाज अदा की जाएगी। अंजुमन अहले हदीस ईदगाह ग्राम जमुवा एवम गनियारी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्दा का इंतजाम होने के कारण महिलाएं भी ईद की नमाज अदा करेगी। श्री सिद्दीकी ने शासन प्रशासन नगर पालिक निगम सिंगरौली से गुजारिश किया है कि ईदगाह एवं धार्मिक स्थल मस्जिदों के कैंपस पर साफ सफाई सुनिश्चित हो,ईद के दिन ईदगाह ग्राम जमुवा में एक टैंकर पानी उपलब्ध कराए एवं घर-घर सप्लाई पानी समय पर सुनिश्चित हो ईद के दिन बिजली की कटौती न हो एवं सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे जिससे शांति व्यवस्था के साथ ईदुल फितर की नमाज अदा किया जा सके।

# सीआईएसएफ यूनिट विंध्याचल ने आयोजित किया प्रभावशाली सुरक्षा कार्यशाला

सिंगरौली। सीआईएसएफ यूनिट ने एनटीपीसी विंध्याचल के साथ मिलकर तापीय ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री कौशिक गांगुलीए डीआईजी ;ई ज़ेड.प्प् हेड क्वार्टर्स प्रयागराज द्ध ने कियाए जिनके साथ श्री ईण् सत्य फणि कुमारए कार्यकारी निदेशक; विंध्याचलद्धए श्री राकेश अरोड़ाए मानव संसाधन प्रमुख ;विंध्याचलद्ध और विभिन्न स्टेशनों के प्रबंधन प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में सीआईएसएफ के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्र के एनटीपीसी यूनिट्स के साथ.साथ यूपीआरवीयूएनएल द्वारा सामना किए जा रहे सुरक्षा चुनौतियों और परिचालन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री कौशिक गांगुलीए हेड क्वार्टर्स प्रयागराजद्ध ने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और सीआईएसएफ यूनिट्स में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने पर महत्वपूर्ण विचार साझा किएए जिससे यह कार्यशाला पावर सेक्टर में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। समापन समारोह में श्रीमती संथी जीण् जयदेवए इंस्पेक्टर जनरल की उपस्थिति में कार्यक्रम को समाप्त किया गयाए जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन सदस्य जैसे डॉण् बीण्सीण् चतुर्वेदीए मुख्य महाप्रबंधक ; चिकित्साद्धए श्री संजीब कुमार साहाए महाप्रबंधक; प्रचालन एवं अनुरक्षणद्धए श्री ए जेण् राजकुमारए महाप्रबंधक;मैंटेनेंस और एडीएमद्ध और श्री राकेश अरोड़ाए मानव संसाधन प्रमुख ;विंध्याचलद्ध भी शामिल थे।

# खंडहर में तब्दील हुआ घाघी टोला विद्यालय भवन

## बीआरसीसी देवसर ने नहीं उठाया फोन

बैढ़न। विकासखंड देवसर के अधीन संकुल केंद्र बरका अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घाघी टोला में विद्यालय की सूरत देखते नहीं बन रहा है। घाघी टोला का विद्यालय भवन खंडहर का आकार ले चुका है। प्रभारी द्वारा विद्यालय की मेंटीनेंस में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। देखने से लगता है कि यहां कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं जो पूरी तरह खंडहर का रूप ले चुकी है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों द्वारा केवल कागजी घोड़ा दौड़ाया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक घाघी टोला विद्यालय की बीते कई वर्षों से पुताई रंगाई नहीं हुई है। जो आज त्यागी भवन की तरह दिखाई दे रहा है। विद्यालय प्रभारी के द्वारा फर्जी बिल बाउचर लगाकर सरकारी राशि का आहरण कर लिया जाता है। साथ ही विद्यालय के खिड़की दरवाजे भी जर्जर हालत में हैं।विद्यालय में किसी प्रकार की कोई साफ सफाई नहीं है। ऐसी स्थिति में कैसे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भविष्य में सभ्य और स्वच्छ विचार के मालिक बनेंगे ।

यह बात मेरे जानकारी में नहीं है कि इस विद्यालय की कंटरजंसी या शाला विकास राशि आई है या नहीं। घाघीटोला विद्यालय की रंगाई पुताई हुई है या नहीं, मेरे संज्ञान में नहीं है।

**संकुल प्राचार्य बरका**

# सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया समापन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के तत्वावधान में यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानए सिंगरौली द्वारा संचालित महिलाओं हेतु आयोजित सिलाई ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस समापन समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधक ;सीएसआर एवं आर एंड आरद्ध श्री माहताब आलमए कार्यपालक ;सीएसआरद्ध श्री निखिल जायसवालए जिला अग्रणी प्रबंधक श्री रंजीत कुमारए यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक श्री विजय कुमार और फैकल्टी श्रीमती निशा द्विवेदी सहित कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संस्थान द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गएए जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और बढ़ा सकें। यह कार्यक्रम महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल साबित हुआ हैए जो उन्हें हुनर और रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित करती है जो महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनानेए आर्थिक स्वतंत्रता और सतत आजीविका को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

# सीआईएसएफ की टीम ने 20 लाख लोगों को किया जागरूक

सिंगरौली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की दो साइकिलिंग टीमों ने भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर अब तक तय की गई दुरी लगभग 4900 किलोमीटर के क्षेत्र में तटीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर 20 लाख से अधिक लोगों से बातचीत की है। सीआईएसएफ एनसीएल सिंगरौली के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 07 मार्च 2025 को तमिलनाडु के वेल्लोर जिले के क्षेत्रिय प्रशिक्षण केन्द्र अरक्कोणम में आयोजित सीआईएसएफ के 56वीं स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में साइक्लोथॉन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई थी। इस साईकिल रैली में सीआईएसएफ के 14 महिलाओं सहित कुल 125 साइकिल चालकों ने गुजरात के लखपत जिले(पश्चिमी तट) से और पश्चिम बंगाल के बक्खाली (पूर्वी तट)से एक साथ साइकिल चलाना शुरू किया और वे 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 25 दिनों की यात्रा करने के बाद 31 मार्च–1 अप्रैल को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में संयुक्त रूप से अपनी यात्रा समाप्त करेंगे। साइकिल रैली का विषय ''सुरक्षित तट, समृद्ध भारत'' है। साइकिल चालकों ने मछली पकड़ने वाले समुदाय सहित तट के किनारे स्थानीय लोगों से बातचीत की और तटीय सुरक्षा के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने उनसे इन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की आंख और कान बनने के लिए कहा। दोनों टीमों ने 6,553 किलोमीटर के कुल लक्ष्य में से दोनों तटों पर संयुक्त रूप से लगभग 4,800 किलोमीटर की दूरी तय की है। प्रवक्ता ने कहा कि ये टीमें अब तक लगभग 20 लाख लोगों से शारीरिक रूप से और लगभग 80 लाख लोगों से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से जुड़ चुकी हैं। साइकिल चालक मंगलवार को चेन्नई (पूर्व) और कर्नाटक (पश्चिम) पहुंचे। सीआईएसएफ के इस पहल का देश की जाने माने हस्तियों जैकी श्रोफ, सुनील शेट्टी, अमीर खान दक्षिण भारत के जाने माने अभिनेता मोहनलाल एवं भारतीय टीम के क्रिकेटरों सुनील गवास्कर, महेन्द्र सिंह धोनी, हार्दिक पांडया, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, तिलक बर्मा एंव अन्य हस्तीयों के द्वारा बेहद सराहना एवं सर्मथन किया गया।

## संकुल चलो अभियान के अंतर्गत बगैया में बैठक हुई

चितरंगी। सिंगरौली जिले के अंतर्गत चितरंगी विकासखंड मे संकुल चलो अभियान के अंतर्गत उच्च.मा.विद्यालय बगैया मे संपन्न हुई इस बैठक का नेतृत्व ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व मे और संघ के जिला अध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैस के मार्गदर्शन मे हुई,बैठक का संचालन संकुल अध्यक्ष बगैया आदित्य सिंह चौहान ने किया इस बैठक के दौरान ब्लाक अध्यक्ष का सभी अतिथि शिक्षको को मार्गदर्शन मिला साथ हि साथ उन्होंने यह अपील किया की संगठन का कोई भी कार्यक्रम होवे तो उसमे बढ़ चढ़ाकर हिस्सा लेना चाहिए इस बैठक मे संकुल अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा की हम सभी को संगठन का भरपुर साथ देना चाहिए ताकि जल्दी से जल्दी हम सभी का जो नियमितीकरण का लक्ष्य है वह पुरा हो सके इस पूरे बैठक मे ब्लाक महामंत्री शिव कुमार सिंह,शिव बहादुर सिंह, संकुल उपाध्यक्ष आशीष जायसवाल,लोले बैस, भगवान सिंह बैस, धर्मेंद्र सिंह बैस,अनिल कुमार, बुद्धिमान सिंह, राम सुन्दर पनिका,राजेश्वर प्रजापति सहित पदाधिकारी और कार्यकताओं की उपस्थति रही।

**एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड**
(राष्ट्रीय राजमार्ग इंफ्रा ट्रस्ट की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

**सार्वजनिक सूचना**

**ओढाकी पैपखर और खेरवासानी टोल प्लाजा पर संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरे 01.04.2025 के 00:00:00 बजे से लागू।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एनएचएआई के दिनांक 27.03.2025 के पत्र संख्या एनएचएआई/पीआईयू–कटनी/इन्विट/2025/2609 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग–30 के चार लेन रीवा–कटनी खंड के कि.मी. 656+000 से कि.मी. 725+185 पर स्थित ओढाकी पैपखर टोल प्लाजा, जो की कि.मी. 675+700 पर स्थित है, और राष्ट्रीय राजमार्ग–30 के चार लेन रीवा–कटनी–जबलपुर खंड के कि.मी. 725+185 से कि.मी. 813+257 पर स्थित खेरवासानी टोल प्लाजा, जो की कि.मी. 739+000 पर स्थित है, मध्य प्रदेश राज्य, पर संग्रहित किये जाने वाला संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क **दिनांक 01–04–2025 समय 00.00 बजे** से निम्न प्रकार लागू होगा।

ओढाकी पैपखर टोल प्लाजा

| क्र. सं. | वाहन का प्रकार | एक तरफा यात्रा के लिये शुल्क (रुपये में) | बहुयात्राओं (अधिकतम दो एकतरफा) संदाय के समय से 24 घंटे के लिये शुल्क (रुपये में) | 50 एक तरफा यात्राओं के लिये मासिक पास शुल्क (रुपये में) | जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के लिये शुल्क (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनो को छोड़कर) (रुपयें में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार/जीप/वैन या हल्के मोटर वाहन | 120 | 180 | 3935 | 60 |
| 2 | हल्के वाणिज्यिक वाहन/हल्के माल वाहकवाहन/मिनी बस | 190 | 285 | 6375 | 95 |
| 3 | बस या ट्रक (दो धूरी वाले) | 400 | 600 | 13355 | 200 |
| 4 | वाणिज्यिक वाहन (तीन धूरी वाले) | 435 | 655 | 14570 | 220 |
| 5 | भारी निर्माण मशीनरी (भं.सं.म.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मु.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.व.) (चार से छह धुरी वाले) | 630 | 940 | 20945 | 315 |
| 6 | विशाल आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 765 | 1145 | 25495 | 380 |

खेरवासानी टोल प्लाजा

| क्र. सं. | वाहन का प्रकार | एक तरफा यात्रा के लिये शुल्क (रुपये में) | बहुयात्राओं (अधिकतम दो एकतरफा) संदाय के समय से 24 घंटे के लिये शुल्क (रुपये में) | 50 एक तरफा यात्राओं के लिये मासिक पास शुल्क (रुपये में) | जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के लिये शुल्क (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनो को छोड़कर) (रुपयें में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार/जीप/वैन या हल्के मोटर वाहन | 125 | 185 | 4100 | 60 |
| 2 | हल्के वाणिज्यिक वाहन/हल्के माल वाहकवाहन/मिनी बस | 200 | 300 | 6620 | 100 |
| 3 | बस या ट्रक (दो धूरी वाले) | 415 | 625 | 13875 | 210 |
| 4 | वाणिज्यिक वाहन (तीन धूरी वाले) | 455 | 680 | 15135 | 225 |
| 5 | भारी निर्माण मशीनरी (भं.सं.म.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मु.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.व.) (चार से छह धुरी वाले) | 655 | 980 | 21760 | 325 |
| 6 | विशाल आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 795 | 1190 | 26485 | 395 |

नोट: जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर–वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में निवास करता हो, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मासिक पास की दर रूपये 350/– होगी।

सम्पर्क करने के लिए पता:
एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट्स (प्रा.) लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालय: जी–5 एवं 6, सेक्टर–10, द्वारका, नई दिल्ली–110075
दूरभाष: 011–25076536, फैक्स: 25076536, ईमेल: neppl@nhit.co.in

सड़के ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

**KALYAN SINGH SUPER SPECIALTY CANCER INSTITUTE**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002. Ph.:+91 522 2988044
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: bmekssci@gmail.com

**Notice Inviting Expression of Interest**

The Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute is an upcoming state of the art cancer centre that was envisaged by government of Uttar Pradesh under the guidance of leading cancer specialists of India, to provide comprehensive, under one roof facility for cancer management and undertaking cancer related research work and education The Institute has 24 Modular Operation Theatre with equipped high end equipments for treatment of cancer diseases.

The Institute invites Expression of Interest (EOI) from reputed agencies for procurement of CMC services for Modular OT.

This meeting can be attended either in person or online zoom platform. This meeting will be conducted on 09-04-2025, 02:00 PM. The link for the same may be obtained by sending a mail vide bmeksssci@gmail.com on or before 08-04-2025, where interested bonafide vendors may participate in the technical discussion with the technical committee of KSSSCI by a presentation on technical specification of CMC for Modular OT to finalized tender specification.

The bonafide vendors may physically visit before 08-04-2025 for look-over Equipments of Modular OT. For further query, kindly mail on bmeksssci@gmail.com

Advt No. KSSSCI/PRO-25/2024-25 Director

Form No.14 See Regulation 33(2)
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
Debts Recovery Tribunal Jabalpur
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

**DEMAND NOTICE**

**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**
**RC/250/2024 18-02-2025**

**BANK OF BARODA**
**Versus**
**M/s. ANJALI TRADERS**

To
**(CD 1) M/s Anjali Traders Ms Anjali Traders**
Ward No 30, Pachakhora, Waidhan, Singrauli (M.P.) 486886
**(CD 2) Smt. Shyama Devi Verma W/o Smt. Chandrika Prasad Verma**
Panjreh Basti, Ward No. 05, Singrauli. (M.P.) 482001
**(CD 3) Smt Chandrika Prasad Verma S/o Lt Shri Lakshandhari Prasad Verma**
Panjreh Basti, Ward No. 05, Singrauli. (M.P.) 482001
**(CD 4) Shri Ramsajeevan Verma S/o Lt Shri Lakshandhari Prasad Verma**
Panjreh Basti, Ward No. 05, Singrauli. (M.P.) 482001
**(CD 5) Shri Shiv Chandra Verma S/o Lt Shri Lakshandhari Prasad Verma**
Panjreh Basti, Ward No. 05, Singrauli. (M.P.) 482001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/729/2021** an amount of **Rs 3977954.00 ( Rupees Thirty Nine Lakh Seventy Seven Thousands Nine Hundred Fifty Four Only )** along with pendentellite and future interest **11.90%** Simple Interest Yearly w.e.f. **19/08/2021** till realization and costs of **Rs 42000 ( Rupees Forty Two Thousands Only )** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited). **2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.**3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. **4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **07/04/2025** at **10:30 a.m.** for further proceedings. **5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay. **(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. **(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date : **18/02/2025.**

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

**PUBLIC NOTICE**
**JUSTICE BALAKRISHNAN COMMISSION OF INQUIRY**

**WHEREAS** certain groups of persons who have historically suffered social inequality, untouchability discrimination and the consequent backwardness resulting therefrom, have been declared to be Scheduled Castes by Presidential Orders issued from time to time under the Article 341 of the Constitution of India;

**AND WHEREAS**, certain groups have raised the question of revisiting the existing definition of Scheduled Castes by according the status to new persons who belong to other religions beyond those permitted through Presidential Orders, and in contrast, many other groups have also opposed the same;

**AND WHEREAS**, certain representatives of the existing Scheduled Castes have objected to such granting of Scheduled Caste status to new persons; And whereas, this is a seminal and historically complex sociological and constitutional question, and a definite matter of public importance;

**AND WHEREAS**, given its importance, sensitivity and potential impact, any change in definition in this regard should be on the basis of a detailed and definitive study and extensive consultation with all stakeholders and no Commission under the Commissions of Inquiry Act, 1952 (60 of 1952) has so far inquired into the matter.

In view of the above, Government of India vide Gazette notification no. S.O. 4742(E) dated 06.10.2022 as published in the Official Gazette of India by the Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India (available on https://socialjustice.gov.in) has appointed a Commission of Inquiry under Section 3 of the Commission of Inquiry Act, 1952 (60 of 1952) consisting of following eminent persons, namely:

I. Chairperson- Justice K. G. Balakrishnan, (Former Chief Justice of India)
II. Member- Shri Ravinder Kumar Jain, IAS (Retd.) (HP- 1981)
III. Member- Prof. (Dr.) Sushma Yadav, (Former Member, UGC)

Hereinafter referred to as the '**Justice Balakrishnan Commission of Inquiry**' or '**Commission**'. The tenure of which has been extended vide Gazette notification no. S.O.4780(E) dated 30.10.2024.

2. **Terms of Reference of the Commission**:
   i. to examine the matter of according Scheduled Caste status to new persons, who claim to historically have belonged to the Scheduled Castes, but have converted to religion other than those mentioned in the Presidential Orders issued from time to time under the Article 341 of the Constitution;
   ii. to examine the implications on the existing Scheduled Castes, of adding such new persons as part of the existing list of Scheduled Castes;
   iii. to examine the changes Scheduled Caste persons go through on converting to other religions in terms of their customs, traditions, social and other status discrimination and deprivation, and the implication of the same on the question of giving them Scheduled Caste status; and
   iv. To examine any other related questions that the Commission deems appropriate, in consultation with and with the consent of the Central Government.

3. Notice is hereby given that all persons having knowledge of the subject relating to the Terms of Reference (ToR) of the Commission and having interest in the proceedings before the Commission or wish to assist the Commission, should submit their statements of facts, submission or any other evidence/details relevant to the Commission. Every person furnishing a statement of facts, submission, etc. may also furnish to the Commission documents, if any, that he proposes to submit to the Commission. **If any person or group of persons already has made submission during the Public hearing at Kerala, Karnataka, Gujarat and Bihar, they need not repeat the submission except in the case of sharing additional information.** The statement of facts, submissions, documents and other details may be sent to the Office of the Chairman of the Commission, 3rd Floor, Dr. Ambedkar International Centre (DAIC), 15 Janpath, New Delhi-110001 within 30 days from the date of publication of this notice either in person or through registered post/speed post or courier service with delivery receipt option. The scanned and signed statements of facts, submission, supporting documents or any other relevant material/detail may also be sent by email to jbcommission-sje@gov.in.

**Justice Balakrishnan Commission of Inquiry**
**Dr. Ambedkar International Centre**
**15th Janpath, New Delhi- 110001**

**Date: ( 29-3-2025 )**
**Place: New Delhi**

cbc 38101/11/0027/2425



## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 145 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 124 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 114 |
| किशन (हैदराबाद) | 106 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| शार्दुल ठाकुर (लखनऊ) | 06 |
| नूर अहमद (चैन्नई) | 04 |
| खलील अहमद (चैन्नई) | 03 |
| कुणाल पंड्या (बेंगलुरु) | 03 |

## बाउंड्री मीटर



156 छक्के

233 चौके

17 अर्धशतक

18 गेंद में निकोलस पूरन ने अर्धशतक पूरा किया। वे इस सीजन में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। वह आईपीएल में 20 से कम गेंद में चार बार अर्धशतक बनाकर सबसे ऊपर हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 01 | 01 | 00 | 02 | 2.137 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 02 | 0.963 |
| पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.550 |
| चेन्नई | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.493 |
| दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 | 0.371 |
| हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.128 |
| कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.308 |
| मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.493 |
| गुजरात | 01 | 00 | 01 | 00 | -0.550 |
| राजस्थान | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.882 |

# हार्दिक की वापसी से मुंबई मजबूत अहमदाबाद में टाइटंस का पलड़ा भारी

जेएनएन, अहमदाबाद

कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया। टूर्नामेंट अभी अपने शुरुआती दिनों में ही है, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी। इस दौरान पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। अब तक दोनों टीमों की पांच बार भिड़ंत हुई है, जिसमें मुंबई को दो में जीत हाथ लगी है। हालांकि अहमदाबाद में गुजरात के खिलाफ मुंबई को तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।



### संभावित एकादश

**गुजरात टाइटंस**
साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जॉस बटलर (कप्तान), शरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, अरशद खान, राशिद खान, साई किशोर, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**मुंबई इंडियंस**
रोहित शर्मा, रायन रिकल्टन (विकेटकीपर), विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, हार्दिक पंड्या (कप्तान), रॉबिन मिन्ज, सत्यनारायण राजू, मिचेल सैंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, विग्नेश पुथुर।

### मुंबई के बल्लेबाज कैसे करेंगे राशिद का सामना

किसी मैच में राशिद खान हों और उनकी चर्चा हो, ये हो नहीं सकता। इस अफगानी लेग स्पिनर का मुंबई बल्लेबाजों के खिलाफ रिकॉर्ड बहुत शानदार रहा है। राशिद ने हार्दिक को सात में से दो पारियों में आउट कर चुके हैं, जबकि हार्दिक उन पर सिर्फ 15.5 की औसत से रन बना पाते हैं। पूर्व भारतीय और मुंबई कप्तान रोहित तो आठ में से चार पारियों में राशिद के खिलाफ आउट हो चुके हैं। वहीं मुंबई के संभावित भविष्य के कप्तान तिलक वर्मा भी राशिद के खिलाफ दो बार गच्चा खा चुके हैं। हालांकि पिछले मैच में मुंबई के कप्तान रहे सूर्यकुमार यादव 11 पारियों में राशिद के खिलाफ एक भी बार आउट नहीं हुए हैं और 159 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। कुल मिलाकर बीच के ओवरों में मुंबई की पारी का दारोमदार सूर्यकुमार पर ही होगा।

### बटलर-गिल मुंबई के लिए चुनौती

गुजरात की अनुभवी बल्लेबाजी जोड़ी जॉस बटलर और शुभमन गिल का रिकॉर्ड मुंबई के खिलाफ बहुत अच्छा रहा है और दोनों ने इस टीम के खिलाफ मैच-जिताऊ प्रदर्शन किया है। गिल ने मुंबई के खिलाफ 12 पारियों में 36.7 की औसत और 150 के स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक और एक शतक शामिल है। वहीं बटलर ने मुंबई के खिलाफ 10 पारियों में 59.2 की औसत और 148 के स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों और एक शतक के साथ 533 रन ठोके हैं।

# भोपाल के अनिकेत वर्मा ने कम समय में सभी को प्रभावित किया

## हैदराबाद के लिए लखनऊ के खिलाफ खेली तूफानी पारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनिकेत वर्मा का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उनकी सफलता यह साबित करती है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी मुश्किल रास्ते में नहीं आ सकती। हम यहां बात कर रहे हैं सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में शामिल 23 साल के ऑलराउंडर अनिकेत की जिन्हें नीलामी में 30 लाख रुपए में खरीदा गया था। सीजन के पहले मैच में उनकी बल्लेबाजी जब आई तब केवल 10 गेंद शेष थे। दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाने के बाद तीसरी गेंद पर कैच आउट हुए थे। हालांकि, लखनऊ सुपर जॉएंट्स के खिलाफ उन्हें आठ ओवर खेलने का मौका मिला। अपनी दूसरी ही गेंद पर उन्होंने रवि बिश्नोई को लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारा। इसके बाद उन्होंने बिश्नोई के अगले ओवर में लगातार दो छक्के मारा और दोनों ही सामने की ओर स्टैंड में गए। दिग्वेश राठी को भी दो छक्के लगाने के बाद वह तीसरा छक्का मारने के प्रयास में कैच आउट हुए। 13 गेंदों में 36 रनों की पारी



के दौरान उन्होंने पांच छक्के जड़ दिए। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में कोच नंदजीत के पास जाकर अनिकेत को वह अवसर मिला, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत थी। कोच नंदजीत ने न सिर्फ उन्हें ट्रेनिंग दी, बल्कि अपने घर में रहने की भी जगह दी। ये एक ऐसा मौका था, जो अनिकेत के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं था। कोच के समर्थन से अनिकेत ने क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम बनाने की शुरुआत की।

### एमपीएल में सबका ध्यान खींचा

मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग ने अनिकेत को एक ऐसा प्लेटफार्म दिया, जिस पर उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और जुनून का सबूत दिया। एमपी प्रीमियर लीग के एक मैच में अनिकेत ने केवल 32 गेंदों में 13 छक्के लगाते हुए शतक जड़ दिया। यह कारनामा क्रिकेट की दुनिया में उनकी ताकत और क्षमता का परिचय था। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया। टूर्नामेंट के छह मैचों में उन्होंने 195 की स्ट्राइक रेट और 54.6 की औसत से सबसे अधिक 273 रन बनाए। अनिकेत ने ही सबसे अधिक 25 छक्के भी लगाए थे। इस प्रदर्शन के बाद उन्हें कई फ्रेंचाइजियों ने ट्रॉयल के लिए बुलाया था। हालांकि, उन्हें हैदराबाद के ट्रॉयल से सबसे अधिक उम्मीदें थीं, क्योंकि उनके हिसाब से वह ट्रॉयल सबसे अच्छा रहा था। नीलामी में जब उन्हें हैदराबाद ने खरीदा तो उन्हें ऐसा लगा कि कठिन परिश्रम का फल मिल गया है। इसके कुछ दिनों बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के लिए अपना घरेलू क्रिकेट में डेब्यू भी किया। हैदराबाद के इंट्रा स्क्वाड मैच में केवल 16 गेंदों में 46 रन बनाकर उन्होंने अपने आक्रामक अंदाज का एक और नमूना पेश किया।

## खेल एक नजर

### रूसी पहलवान बेबोरिको पर लगा दो साल का प्रतिबंध

**जिनेवा, जेएनएन।** रूस के पहलवान दिमित्री बेबोरिको के डोपिंग टेस्ट में प्रतिबंधित पदार्थ टैमोक्सीफेन की मात्रा पाए जाने के बाद उन्हें दो वर्ष के लिए अयोग्य ठहराया गया है। रूसी पहलवान ने सजा स्वीकार कर ली है। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने गुरुवार को संयुक्त विश्व कुश्ती शासी निकाय की ओर से प्रतिबंध की घोषणा करते हुए कहा कि 23 अक्टूबर 2024 अल्बानिया के तिराना में 130 किलोग्राम हैवीवेट ग्रीको-रोमन कुश्ती वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बेबोरिको का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव पाए जाने पर उन पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

### ओसासुना को 3-0 से हराकर बार्सिलोना ला लीगा में शीर्ष पर

**मैड्रिड, जेएनएन।** फेरान टोरेस और डानी ओल्मो के शुरुआती गोलों की बदौलत बार्सिलोना ने ओसासुना को हराकर ला लीगा की अंकतालिका में तीन अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस जीत के साथ बार्सिलोना का सभी प्रतियोगिताओं में अजेय क्रम 19 मैचों तक पहुंच गया। कैम्प नोउ में खेले गए मुकाबले में बार्सिलोना ने ओसासुना के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में फारवर्ड टोरेस ने 11वें मिनट में अलेजांद्रो बाल्डे के शानदार क्रॉस पर गोलकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसके बाद 10 मिनट बाद डानी ओल्मो ने टीम के लिए दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। उन्हें गोलकीपर सर्जियो हेरेरा द्वारा गिराए जाने पर बार्सिलोना को पेनल्टी मिली थी। वहीं, रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने 77वें मिनट में करीब से हेडर के जरिए गोल कर टीम की जीत को पक्की कर दिया। बार्सिलोना 28 मैचों में 63 अंकों के साथ शीर्ष पर है। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड 60 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर, जबकि एटलेटिको मैड्रिड 56 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। अभी 10 मुकाबले बाकी हैं। यह मुकाबला 8 मार्च को होना था, लेकिन क्लब के डॉक्टर कार्लेस मिनारो गार्सिया के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। ओसासुना इस हार के बाद अंकतालिका में 14वें स्थान पर है।



### हार्ट अटैक से उबरे तमीम, अस्पताल से डिस्चार्ज

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल एक लोकल मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को घर लौट आए हैं। बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेटर को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ा। शुक्रवार को डाक्टर ने उनकी सेहत में सुधार देखते हुए घर जाने की अनुमति दी। वहीं डाक्टर्स को उम्मीद है कि तमीम जल्द ही क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जोकोविच मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

## मियामी ओपन : नोवाक ने अमेरिका के कोर्डा को सीधे सेटों में हराया

**फ्लोरिडा, जेएनएन।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को हराकर मियामी ओपन में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एक घंटा 24 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने दूसरे सेट में ब्रेक डाउन से वापसी करते हुए कोर्डा पर 6-3 7-6 (7-4) से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच (37 साल 10 महीने) ने रोजर फेडरर (37 साल 7 महीने) का छह साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। फेडरर 2019 में इंडियन वेल्स और



मियामी ओपन के ही अंतिम चार में पहुंचे थे। वह मियामी में अपने सातवें और कुल 100वें खिताब से अब सिर्फ दो जीत दूर हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में जीत दर्ज की है। अन्य मुकाबलों में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेसिंक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6, 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेसिंक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को 7-5, 6-7, 7-5 से पराजित किया।

### सबालेंका लगातार दूसरे साल फाइनल में, पेगुला ने इला का सफर समाप्त किया

**फ्लोरिडा, जेएनएन।** विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मियामी ओपन के सेमीफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां शनिवार को उनकी भिड़ंत अमेरिका की टेनिस स्टार जेसिका पेगुला से होगी। तीसरी वरीय पेगुला ने फिलिपींस की 19 वर्षीय वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा एला को हराकर सिंड्रेला सफर समाप्त कर दिया। 26 साल की बेलारूसी सबालेंका ने इटली की पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। सबालेंका ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और वह शानदार फॉर्म में हैं। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का लगातार यह दूसरा फाइनल हैं। वहीं पेगुला ने इला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6, 5-7, 6-3 से





हराया। मैच की शुरुआत में 5-2 से पिछड़ने के बाद, पेगुला ने शुरुआती सेट को पलट दिया, 5-3 पर इला द्वारा सेट प्वाइंट पर डबल-फॉल्ट करने के बाद महत्वपूर्ण रूप से सर्विस तोड़ दी, जिससे 2 घंटे और 26 मिनट में जीत दर्ज की गई। 140वें स्थान पर काबिज इला, जिनके इस पखवाड़े में जेलेना ओस्टापेंको और मैडिसन कीज तथा नंबर 2 वरीयता प्राप्त इगा स्वीयाटेक पर जीत शामिल है।

# मेगा नीलामी में नहीं बिकने के बाद शार्दुल की दमदार वापसी, दो मैचों में ही पर्पल कैप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईपीएल 2025 से पहले की मेगा नीलामी में शार्दुल ठाकुर को कोई खरीददार नहीं मिला था। वह अप्रैल और मई में ऐसेक्स के लिए काउंटी चैंपियनशिप के सात मैचों में खेलने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन आईपीएल 2025 से पहले उनकी भविष्य की योजनाएं फिर से बदल गईं, जब लखनऊ सुपर जाएंट्स ने किसी खिलाड़ी की चोट के कारण उन्हें रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया। ठाकुर तुरंत लखनऊ की टीम में शामिल हो गए और वर्तमान में इस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने दो मैचों में 8.83 की औसत और समान इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं। पर्पल कैप हासिल करने के बाद 33 वर्षीय ठाकुर ने खुलासा किया कि नए सत्र से पहले अन्य फ्रेंचाइजी ने भी उनसे संपर्क किया था और पहला फोन लखनऊ के मेंटर जहीर खान की ओर से आया था। ठाकुर ने



लखनऊ को सनराइजर्स को नौ विकेट पर 190 रन पर रोकने में मदद करने के बाद पारी के ब्रेक पर मेजबान प्रसारक से कहा, देखिए, मुझे लगता है कि क्रिकेट में ये सब चीज होती रहती हैं। यह नीलामी में सिर्फ एक बुरा दिन था, मुझे किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं चुना। लेकिन दुर्भाग्य से यहां-वहां कुछ चोटें लगीं, कुछ पूछताछ हुई कि क्या मैं शिविर में शामिल हो सकता हूं। लेकिन लखनऊ ही वह टीम थी जिसने मुझसे सबसे पहले संपर्क किया, इसलिए मुझे उन्हें वरीयता देनी थी और यहां तक कि जहीर खान के साथ मिलकर काम करने के बाद उन्होंने मुझे फोन किया और यह हमेशा से ही संभव था, मुझे इसे स्वीकार करना था। और जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, कौशल हमेशा मौजूद होते हैं, प्रतिभा हमेशा मौजूद होती है। यह सिर्फ फॉर्म और बुरे दिनों के बारे में है, आपको क्रिकेट में इन सबसे गुजरना पड़ता है।

### आईपीएल में 100 विकेट पूरे

ठाकुर ने गुरुवार को आईपीएल में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर 4 विकेट लिए और इस तरह से उन्होंने आईपीएल में 100 विकेट भी हासिल किए। ठाकुर ने कहा, स्कोर शीट में शामिल होना हमेशा अच्छा होता है, लेकिन हां, मेरे लिए मैच जीतना महत्वपूर्ण है। मैं कुछ न कुछ करता रहूंगा, यही मेरा रवैया है। मैं विकेट या रन के कॉलम पर अधिक ध्यान नहीं देता, लेकिन मैच में प्रभाव पैदा करना, मैच जीतने वाला प्रदर्शन करना, यही मेरी प्राथमिकता है।

# बीसीसीआई के सीओई को बहुतुले की जगह मिलेगा नया स्पिन गेंदबाजी कोच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई)' को साईराज बहुतुले की जगह जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलेगा। बहुतुले ने इस साल की शुरुआत में आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था।

सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के रूप में जाना जाता था। यह पद बहुतुले के जाने के बाद से रिक्त पड़ा है और अब बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो 'भारत की सीनियर टीमों (पुरुष और महिला), भारत ए, अंडर-23, अंडर-19, अंडर-16 और अंडर-15 टीमों तथा बीसीसीआई सीओई में प्रशिक्षण लेने वाले राच्य संघ के खिलाड़ियों सहित सभी प्रारूपों और आयु समूहों में भारत की स्पिन गेंदबाजी प्रतिभा के विकास और प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण होगा।

स्पिन गेंदबाजी कोच सीओई में क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को जवाबदेह होगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, स्पिन गेंदबाजी कोच बीसीसीआई सीओई के क्रिकेट प्रमुख के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि विशेष कोचिंग कार्यक्रम तैयार कर उस पर अमल किया जा सके और खिलाड़ियों के प्रदर्शन निगरानी में सहायता की जा सके। इस पद के लिए वही योग्य होगा, जो भारत का पूर्व खिलाड़ी हो या उसे प्रथम श्रेणी के 75 मैचों का अनुभव हो। हाई परफॉरमेंस कोच के रूप में पिछले अनुभव को मान्यता दी जाएगी। इसके साथ ही बीसीसीआई लेवल दो या तीन का प्रमाण पत्र भी आवश्यक है।

### चेन्नई-मदुरै करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और मदुरै करेंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा। पहली बार खिताब के लिए इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी। यह तीसरी बार होगा जब भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले, 2016 में लखनऊ और 2021 में भुवनेश्वर ने इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया के लिए आगामी एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना गर्व की बात है। इस बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं लिहाजा इसका आयोजन दो शहरों चेन्नई और मदुरै में किया जा रहा है। चेन्नई में 2023 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खेली गई थी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छोटे तालाब खिलाड़ियों ने दिए ट्रायल



**भोपाल, खेप्र।** शहर के छोटे तालाब पर शुक्रवार को खिलाड़ियों के सिंगल बोट में के1 सी1 से ट्रायल हुए। ट्रायल जूनियर वर्ग में 1000 मी. के1 सी1, 500 मीटर के1, सी 1 व सब जूनियर के 500 और 200 मी. के1, सी 1 में ली गई। क्याक जूनियर वर्ग में संतोष ने 5:39:326 का समय निकाला। वहीं क्याक जूनियर महिला में डाली विश्नोई ने 6:48:374 और सब जूनियर क्याक बॉयज यहीफवा ने 2:27:668 अपनी बेस्ट टाइमिंग दी। इस प्रतियोगिता के उपरांत चयन समिति द्वारा टीम का चयन किया जाएगा। इवेंट के अनुसार प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

### अंडर-12 क्रिकेट : दक्ष के दोहरे प्रदर्शन से एसीई अकादमी जीती

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच दक्ष के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत एसीई क्रिकेट अकादमी ने शुक्रवार को तृतीय विधायक (विश्वास सारंग) अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में अकीरा अकादमी को 104 रनों से करारी शिकस्त दी। शनिवार को सुबह 7:30 बजे से रेलवे गर्वित और आरसीसी के बीच मुकाबला खेला जाएगा। गौतम नगर स्थित मैदान पर खेले गए मुकाबले में एसीई अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 187 रन बनाए। दक्ष ने 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। खुशवंत ने 30 और अयान खान ने 22 रन का योगदान दिया। अकीरा के लिए संस्कार और प्रिंस ने क्रमशः तीन-तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा अकादमी 83 रन पर ऑल आउट हो गई। एसीई अकादमी के हर्ष ने चार विकेट झटके। मनमोहन और दक्ष को दो-दो सफलता मिली।



### साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप : जय ने सिंगल्स, डबल्स एवं मिक्स डबल्स में जीता गोल्ड

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। यह चैंपियनशिप नोएडा में 17 से 26 मार्च तक खेली गई। मप्र सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि टीम इवेंट्स मुकाबले में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता। जय मीणा ने सिंगल्स, डबल्स एवं मिक्स डबल्स में स्वर्ण पदक अर्जित किया। आध्या तिवारी ने डबल्स व मिक्स डबल्स में स्वर्ण पदक और योगेश चौधरी ने डबल्स में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

अभिषेक सिंह परिहार व यशपालसिंह पवार ने डबल्स में कांस्य पदक जीते। राजवीर नागर व निपुण सांगते ने सिंगल्स में स्वर्ण पदक जीता। पदक विजेता खिलाड़ियों ने शुक्रवार को खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता से मुलाकात की। खिलाड़ियों की जीत पर मप्र सॉफ्ट टेनिस संघ की अध्यक्ष गौरीसिंह और देवास शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने बधाई दी।



# आखिर कहां गये समूहों के गैस सिलेंडर, चूल्हे में बनता मिला भोजन

## मध्यान भोजन की सोशल आडिट में सामने आया गडबड झाला

**जागरण सतना**

मध्यान भोजन संचालित करने वाले स्व सहायता समूहो को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराये गये थे जिससे वे लकडी और चूल्हे में भोजन बनाने से मुक्त रहे मगर इसके बाद भी स्व सहायता समूह चूल्हे में मध्यान भोजन पका रहे है। यह मामला सोशल आडिट में सामने आया है। अब सवाल यह उठता है कि जिला पंचायत द्वारा जो सिलेंडर समूहो को दिये गये थे वे अब कहा हैं। उल्लेखनीय है कि सोशल आडिट एक ऐसा माध्यम बनाया गया था कि गांव के लोगो को भी यह पता चल सके कि उनके क्षेत्र में किस तरह के कार्य संचालित हो रहे है।



### शौचालय भी मिला क्षतिग्रस्त

बताया जाता है कि शुक्रवार को जिला पंचायत के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद दहायत ने प्राथमिक शाला सरिया टोला का निरीक्षण किया जहां पर शौचालय क्षतिग्रस्त मिला। यहां पर बनाया गया किचन सेड बरसात के दिनो में टपकता है ऐसा वहां मौजूद लोगो ने बताया। किचन में लकडी व चूल्हे के माध्यम से भोजन बनाया जा रहा था। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक शाला सकरिया में किचन शेड क्षतिग्रस्त मिला है। साथ ही शौचालय नहीं होने से शिक्षक गण बेहद परेशानी महसूस कर रहे है इतना ही नही मध्यान भोजन भी मीनू के आधार पर बनता हुआ नही मिला। इस दौरान जिला समन्वयक बद्री प्रसाद व व्ही एस एसएप्रधानाध्यापक रामनाथ वर्मा ,चंद्रभान विश्वकर्मा, पंकजा तिवारी एवं विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# 1 से 4 अप्रैल तक सभी स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

**जागरण सतना।** स्कूल चले अभियान अंतर्गत प्रवेशोतसव कार्यक्रम 2025 प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में 1 से 4 अप्रैल 2025 तक तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक, शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के लिए उन्हें आमंत्रित किया जायेगा। शाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की जायेगी। ग्राम/बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। सभी शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाज में विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंटकर सकेंगे।

# श्यामनगर मंडल में आयोजित हुई जिले की बैठक



**सतना।** जिला कौसौधन समाज सतना के संयुक्त बैठक श्यामनगर मंडल अंतर्गत ग्राम कोलगढ़ी के बरातीलाल जी के निजनिवास में आयोजित हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता एवं डॉ अशोक गुप्ता अटरा की उपस्थिति में सभी सदस्यों को सदस्यता फार्म वितरीत करते हुए 18 वर्ष से ऊपर सभी को सदस्य बनाए जाने हेतु प्रेरित किया गया। जिला संयोजक ऋषिकेश गुप्ता ने बताया कि हमारे समाज की वास्तविक स्थिति को सदस्यता के माध्यम से उजागर करने में मदद मिलेगी। सदस्यता हमारे सामाजिक संगठन को ताकतवर बनाने में अहम भूमिका होगी। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को सदस्य बनाने का यह अवसर हमे पूरी गंभीरता से लेते हुए ग्राम के अंतिम छोर में निवास रत समाज के बन्धु को जोड़ने में जिले के मंडल के कार्यकर्ताओं को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए सदस्यता के इस कार्य को समय पर मूर्त रूप देना होगा। बैठक में शिवकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता,प्रदीप गुप्ता,पिंटू गुप्ता, डॉ अशोक गुप्ता अटरा कि उपस्थित उल्लेखनीय रही। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता संयोजक ऋषिकेश विनय गुप्ता ज्ञानचन्द्र, हरिशंकर, कामता गुप्ता, डा संतोष गुप्ता ने जिले के सभी सामाजिक बंधुओ से अपील की है कि शीघ्रता से सदस्य बने।

# 4 वाहन जब्त, वशूल होगा साढ़े 6 लाख रुपये टैक्स



## आरटीओ ने की कार्यवाही

**जागरण सतना।** परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने 4 वाहनों को जब्त किया है । इन वाहनों से साढ़े 6 लाख रुपये टैक्स वशूल किये जाने की संभावन है । यह कार्यवाही परिवहन आयुक्त के आदेश के पालन में की गई है। बताया जाता है कि 28 मार्च को वाहनों पर कर बकाया एवं दस्ता वेज अपूर्ण होने पर चलानी कार्यवाही कर जप्त किया गया है । इस दौरान आरटीओ ने कुल 4 वाहनों को जब्त कर कुल संभावित राजस्व 6 लाख 50 हजार रूपये प्राप्त होगा।

**दो वाहनों से सवा तीन लाख वशूल :** आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में जप्त किये गए 2 वाहनों से सवा 3 लाख रूपये राजस्व वसूल किया गया। यह कार्यवाही सतना मैहर रीवा बाईपास सतना में कि गई।

# समाधान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुनी समस्यायें

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सायं 4 बजे से समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के 13 जिलों के आवेदको से उनकी समस्यायें सुनी और निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाहियों के विषय में संबंधित जिले के कलेक्टर एवं विभागो के प्रमुख सचिव से जानकारी ली। सतना कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



समाधान आनलाइन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला सिवनी, रीवा, मऊगंज, सिहोर, ग्वालियर, विदिशा, टीकमगढ, छिंदवाडा, दतिया, गुना, छतरपुर, सिंगरौली, खण्डवा जिले के आवेदकों की समस्यायें रूबरू हितग्राहियों से बातचीत कर सुनी। उन्होंने संबंधित जिले के कलेक्टर से निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 30 मार्च से शुरू हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान और विक्रमोत्सव के अवसर पर 30 मार्च को सूर्य उपासना के कार्यक्रमों के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मार्च के अंतिम सप्ताह और अप्रैल के प्रथम सप्ताह गुडी पडवा, नवरात्रि, ईदुल फित्तर, चैती चांद, जैसे महत्वपूर्ण पर्व और त्यौहार मनाये जायेंगे। सभी जिलों में कानून और व्यवस्था की स्थितियां चाक-चौबंद रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान इस बार तीन महीने तक 30 जून तक चलेगा। जिले में जल स्त्रोतों की सफाई, पुनरूद्धार और अमृत सरोवर, पुष्कर धरोहर, जल स्त्रोतों के संरक्षण की बेहर कार्य योजना बनाये और जन भागीदारी के साथ उसे क्रियान्वित करें। समाधान आनलाइन कार्यक्रम की वीसी में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी समग्र ई-केवायसी, कानून व्यवस्था, डूबने की घटनाओं में रोकथाम, ई-आफिस, राजस्व के मामले, उपार्जन, जल जीवन मिशन आदि बिंदुओं पर कलेक्टर एवं संभागायुक्तों के साथ चर्चा कर समीक्षा की।

# राज्यमंत्री ने नागौद में जनता दरबार लगाकर क्षेत्रीय नागरिकों की समस्यायें सुनी



**सतना।** नगरीय विकास और आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को नागौद तहसील मुख्यालय के सर्किट हाउस में अधिकारियो की उपस्थिति में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम जितेंद्र वर्मा, एसडीओपी नागौद सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने इस अवसर पर अनुविभाग नागौ के विभिन्न अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा भी की।

# राज्यमंत्री ने किया 2 करोड़ 98 लाख रुपये लागत की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**जागरण सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाकर से पिपरी ग्राम तक 298.82 लाख रूपये की लागत से बनने वाली 4 किमी लम्बाई की डामरीकृत सडक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि सडक बन जाने से गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। विकास कार्यों के लिए सभी ग्राम पंचायतों को राशि उपलब्ध कराई जा रही है। सडक का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराये जायें। स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासी कराये जा रहे कार्यों की सतत निगरानी करें। कार्य की गुणवत्ता में किसी भी तरह से समझौता नहीं किया जायेगा। जनप्रतिनिधियों या ग्रामवासियों से लापरवाही की सूचना मिलने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से श्रमिक परिवारों को किया राशि का अंतरण

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को सिंगल क्लिक के माध्यम से 23 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण किया गया। इस दौरान मैहर जिले के 413 हितग्राहियों को पात्रता स्वीकृत पत्र वितरण किए गए। जिसमें जनपद मैहर 211, जनपद अमरपाटन 39, जनपद रामनगर 104, नगर पालिका मैहर 27, नगरपालिका रामनगर 31, नगरपालिका अमरपाटन 1 कुल 413 हितग्राही शामिल है। मैहर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष से विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड़, प्रभारी श्रम पदाधिकारी नरेश पटेल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।


**भानू मोटर्स गोरइया**
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फानेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाडियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
आज ही पधारें भानू मोटर्स
साईन 100सीसी में 10,000 की नकद छूट आफर केवल 31मार्च 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640

**चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर**
**डॉ. सिद्धार्थ तिवारी**
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

**डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर**
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

**कैंसर OPD**
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
29 मार्च 2025, शनिवार | समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में
**डॉ. भास्कर सिंह**
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
• लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। • लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। • खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। • शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्राव होना। • शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। • शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। • शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कड़ापन महसूस होना। • शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

**मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)**
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

**विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ**
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
**डॉ. कोम्पल अग्रवाल**
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

**रक्त विकार OPD**
नागपुर के प्रख्यात रक्त रोग विशेषज्ञ नियमित आपके शहर रीवा में
**डॉ. निशाद धकाते**
MBBS, MD, DM | Consultant- Hematology & BMT
कैंसर विशेषज्ञ - हिमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट
29 मार्च शनिवार, 2025 समयः सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक | प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को
निम्नलिखित लक्षण नजर आने पर आप ओ.पी.डी. में आकर विशेषज्ञ द्वारा जाँच करा सकते है
* खून से संबधित कोई भी बिमारी जैसे ल्युकेमिया, मायलोमा, लिम्फोमा, थैलेसिमिया, ब्लड कैंसर, अप्लास्टिक एनिमिया, रक्त कोशिकाओं का कम या ज्यादा होना। प्लेटलेट का कम होना (आय.टी.पी.)
* एनिमिया, सिकल सेल की बिमारी रक्तप्रणाली में खून की गाँठ जमना (उतढ), हिमोफिलिया, हिमोग्लोबिन कम या ज्यादा होना। * लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्राव होना।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311


# विधायक मैहर ने 62 दिव्यांगों को वितरित किये सहायक उपकरण



**जागरण सतना।** जनपद पंचायत मैहर में शुक्रवार को मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने 62 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरित किये। इस दौरान विधायक द्वारा शिविर में आये दिव्यांगजनों को ईवी ट्राई साइकिल एवं कान की मशीन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर 77 चयनित दिव्यांगजनों में से 62 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये गये। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा लोधी, उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन कल्याण विभाग सौरभ सिंह, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, समग्र अधिकारी बालेंद्र पांडे, सहायक ओम शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैहर जिले में सूर्य उपासना कार्यक्रम 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के आदेशानुसार विक्रम संवत् 2082 के शुभारंभ ईसवी कैलेण्डर 30 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे एकलव्य आवासीय विद्यालय मैहर के आडीटोरियम में सूर्य उपासना का आयोजन एवं नाट्य प्रस्तुत सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जायेगा।


जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com